राजस्थान की औद्योगिक अर्थव्यवस्था

डॉ. ओ. पी. शर्मा

राज पब्लिशिंग हाउस
जयपुर

विषय सूची

	स्मरण	VI
	भूमिका	VII
1	राजस्थान की अर्थव्यवस्था का सक्षिप्त परिचय	1
2	औद्योगिक पृष्ठ भूमि	9
3	राजस्थान मे प्रमुख वृहद् उद्योग	14
4	लघु उद्योगो की प्रगति	23
5	पर्यटन उद्योग के विकास की सभावनाए	30
6	राजस्थान के औद्योगिक विकास की झलक तथा भारत मे इसकी स्थिति	42
7	औद्योगिक विकास की भावी सभावनाए	46
8.	राजस्थान में आधारभूत सरचना ऊर्जा विकास	53
9	औद्योगिक विकास मे प्रमुख बाधाए तथा विकास हेतु सुझाव	66
10	नई औद्योगिक नीति	69
11	औद्योगिक विकास और विशिष्ट वित्तीय सस्थाएँ	88
12	सवाई माधोपुर का औद्योगिक विकास	103
13	राजस्थान मे आर्थिक उदारीकरण	159
14	आर्थिक सुधारो के फलितार्थ	169

स्मरण

यह पुस्तक पूज्य गुरुवर स्व. डॉ. सी. आर. कोठारी की स्मृति में समर्पित ।

पुस्तक प्रकाशन के समय में पूज्य पिताजी स्व. श्री भैरू लाल जी शर्मा एवं पूजनीया माताजी स्व. श्रीमती शांति शर्मा का स्मरण किये बिना नहीं रह सकता, जिनकी प्रेरणा से ही यह महत्वपूर्ण कार्य करने मे मैं समर्थ हो सका।

लेखक

भूमिका

राजस्थान की औद्योगिक अर्थव्यवस्था पुस्तक आपके हाथों मे सौंपते हुए अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। हाल ही के वर्षों में प्रारम्भ किये गए आर्थिक उदारीकरण के दौर में औद्योगिक विकास अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक महत्वपूर्ण होकर उभरा है। औद्योगिक विकास की उपादेयता को दृष्टिगत रखते हुए ही न केवल विश्व के अनेक राष्ट्र अपितु भारत सरीखे देश के राज्य भी आर्थिक उदारीकरण के इस दौर में औद्योगिक विकास पर ध्यान केन्द्रित किये हुए है। विदेशी पूँजी निवेश को आकर्षित करने का मुख्य ध्येय औद्योगिक विकास की गति को तेजतर करना है। औद्योगिक विकास आधुनिक युग की एक अनिवार्यता है। इसके बिना आज कोई देश न तो जनसमूह को जीवन के प्रचुर साधन उपलब्ध करा सकता है और न ही अन्तर्राष्ट्रीय मच पर उचित भूमिका निभा सकता है। आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न एव विकसित कहे जाने वाले देश औद्योगिक विकास के मार्ग पर अग्रसर होकर ही आर्थिक विकास के उन्नतम शिखर तक पहुचे हैं। यह एक ऐतिहासिक तथ्य है। विकसित राष्ट्रो से सीख लेकर अनेक विकासशील राष्ट्र आज तीव्र औद्योगिक विकास के लिए प्रयासरत है, किन्तु विकास लक्ष्य प्राप्ति मे अनेक बाधाए इनके समक्ष विद्यमान है। आधुनिक प्रौद्योगिकी का अभाव सबसे प्रमुख बाधा है। जिससे ये राष्ट्र औद्योगिक विकास को अपेक्षित गति देने मे सफल नहीं हो पा रहे हैं। जहाँ तक भारत का प्रश्न है, यहाँ के प्राकृतिक ससाधनो का समुचित विदोहन नहीं होने से अन्य देशों की तुलना में भारत पिछडा हुआ है। अत तीव्र औद्योगिक विकास की महती आवश्यकता है।

उद्योगों के समुचित विकास से देशवासियो की आय में अर्थपूर्ण एव नियमित रूप से वृद्धि सम्भव है। औद्योगिक विकास के द्वारा अधिक रोजगार एव श्रेष्ठतर व्यावसायिक ढाचा निर्मित होता है। लोगो के जीवन स्तर में सुधार आता है। बचत एव निवेश में वृद्धि की सुखद परिणति उत्पादिता मे वृद्धि के रूप मे परिलक्षित होती है। व्यक्ति और समाज का बहुमुखी विकास होता है। राष्ट्र आर्थिक एव राजनीतिक रूप से अधिक सशक्त होकर उभरता है।

भारत मे स्वतत्रता के बाद औद्योगिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन का सूत्रपात हुआ। आर्थिक योजनाओ की व्यूह रचना में आधारभूत एव भावी औद्योगीकरण पर जोर दिया गया। फलस्वरूप सातवीं पचवर्षीय योजना के प्रारम्भ होने तक औद्योगिक विकास सबधी व्यापक आधारभूत ढाचा तैयार हो चुका था। आर्थिक उदारीकरण से अर्थव्यवस्था मे मूलभूत बदलाव हुए है। औद्योगिक नीति में किये गए परिवर्तन से देश में औद्योगिक विकास का अच्छा वातावरण बना है।

राजस्थान सामरिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण राज्य है। परन्तु औद्योगिक विकास की दृष्टि से अभी तुलनात्मक रूप से कमजोर है। क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्यप्रदेश के बाद भारत के राज्यों में राजस्थान का स्थान है। जिसका अधिकाश भाग रेत के धोरों से पटा हुआ है। यह धोरे रूपी सागर अपने में अथाह खनिज सपदा समेटे हुए है, किन्तु राज्य में ससाधनों की बाहुल्यता के बावजूद औद्योगिक इकाइयों का अभाव बना हुआ है।

औद्योगिक विकास की उपादेयता को दृष्टिगत रखते हुए तथा आर्थिक उदारीकरण के दौर में उद्योगों के विकास पर विशेष बल देने के फलस्वरूप राजस्थान का आलोचनात्मक

अध्ययन करने की प्रेरणा उत्पन्न हुई। वर्ष 1994 में "राजस्थान का औद्योगिक विकास एव भावी सम्भावनाए, विशेषत- सवाईमाधोपुर जिले के सदर्भ में" विषय पर शोध प्रबध सम्पन्न कर राजस्थान विश्वविद्यालय में प्रस्तुत किया, जिस पर विश्वविद्यालय ने मार्च 1996 में पीएच डी की उपाधि प्रदान की। राजस्थान की औद्योगिक अर्थव्यवस्था पुस्तक शोध प्रबध का ही पुस्तकीय रूप है। विषय वस्तु में क्रमबार अवश्य बदलाव किया गया है। इसके अलावा पुस्तक को अधिक उपयोगी बनाने के लिए आर्थिक उदारीकरण और पर्यटन उद्योग को अलग से सम्मिलित किया है। पुस्तक में कुल चौदह अध्याय है जिनके नाम इस प्रकार है- औद्योगिक पृष्ठभूमि, राजस्थान में प्रमुख वृहद उद्योग, लघु उद्योगो की प्रगति, पर्यटन उद्योग के विकास की सम्भावनाए, राजस्थान के औद्योगिक विकास की झलक तथा भारत में इसकी स्थिति, औद्योगिक विकास की भावी सम्भावनाएँ, औद्योगिक विकास मे प्रमुख बाधाए तथा विकास हेतु सुझाव, नई औद्योगिक नीति, औद्योगिक विकास और विशिष्ट वित्तीय सस्थाएँ, सवाई माधोपुर का औद्योगिक विकास तथा राजस्थान में आर्थिक उदारीकरण।

पुस्तकीय सामग्री को तैयार करने में इकोनॉमिक सर्वे, इण्डिया, स्टेटिस्टिकल एब्सट्रक्ट ऑफ राजस्थान, बेसिक स्टेटिस्टिक्स राजस्थान, द पापुलेशन ऑफ राजस्थान, एन्यूवल सर्वे ऑफ इण्डस्ट्रीज, आय व्यय अध्ययन राजस्थान, खादी ग्रामोद्योग प्रवृत्तियाँ और प्रगति, नई औद्योगिक नीति, डी ए.वी पी सूचना और प्रसारण मत्रालय भारत सरकार, पब्लिक एन्टरप्राइजेज सर्वे, योजना, कुरूक्षेत्र, उद्योग व्यापार पत्रिका आदि महत्वपूर्ण राजकीय प्रकाशनो का भरपूर उपयोग किया गया है।

मै श्रीहदेय डॉ जे के टण्डन साहब का विशेष रूप से हृदयक आभार प्रकाट करता हूँ जिन्होने मुझे कभी पूज्य डॉ सी आर. कोठारी साहब का अभाव महसूस नहीं होने दिया। आज डॉ टण्डन के सानिध्य में ही मेरी लेखनी को गति मिल रही है। आप मेरी प्रेरणा के झरने।

पुस्तक लेखन के लिए गुरूजन, विद्वान व्याख्याता, मित्रो तथा निकट सम्बन्धियों से प्रेरणा मिली। इन सभी के प्रति मैं हृदय से आभारी हूँ। मैं पुस्तक की श्रीमती किरन परनामी के प्रति भी आभारी हूँ। जिन्होने अत्ल्प समय मे पुस्तक को प्रकाशित कर आपके हाथों में सौप दिया है।

आखिर में श्रीमती मजू शर्मा, सवाई माधोपुर तथा सुश्री नीलम जोशी अजमेर के प्रति हृदय से आभारी हूँ जिन्होने शोध एव लेखन के क्षेत्र में सदैव मेरा उत्साहवर्धन किया।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक राजस्थान के औद्योगिक विकास में रूचि रखने वालो के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। पुस्तक को उतरोत्तर प्रभावी बनाने के लिए आपके सुझावो और विचारों का सदैव स्वागत है।

डॉ ओ पी. शर्मा

शाति दीप
जटवाडा मानटाउन
सवाई माधोपुर 322001
राजस्थान

अध्याय 1

राजस्थान की औद्योगिक अर्थव्यवस्था

राजस्थान की अर्थव्यवस्था

सक्षिप्त अध्ययन

आजादी से पूर्व राजस्थान विभिन्न देशी रियासतो मे बटा हुआ था । विभिन्न आर्थिक सूचको की दृष्टि से रियासतो की स्थिति अलग अलग थी । राजस्थान मे देशी रियासतो को मिलान की प्रक्रिया मार्च 1948 मे प्रारम्भ हुयी । 19 देशी रियासतो और तीन सामन्ती राज्यो के एकीकरण की प्रक्रिया नवम्बर 1956 मे पूरी हुइ । गौरतलब है भारत मे प्रथम पच वर्षीय योजना मार्च 1956 म सम्पन्न हो चुकी थी । इस योजनावधि मे राजस्थान निमाण प्रक्रिया से गुजर रहा था ।

वर्तमान मे राजस्थान योजनाबद्ध विकास के छियालीस वष पूरे कर चुका है। इस अवधि मे आठ पच वर्षीय योजनाएँ तथा छह वार्षिक योजनाएँ सम्पन्न हो चुकी है । राज्य मे अप्रेल 1997 स नवी पचवर्षीय योजना प्रारम्भ होगी । नियोजन काल म राजस्थान मे आर्थिक विकास ने गति पकडी है । राजस्थान मे चालू मूल्यो पर आथिक वृद्धि दर 1994 95 मे 21 66 प्रतिशत रही । राजस्थान मे औसत कृषि जोत 4 11 हेक्टेयर है। जो भारत की औसत कृषि जोत 1 68 हेक्टेयर की तुलना मे अधिक है । राज्य के प्रति व्यक्ति खाद्यान्नो का त्रिवार्षिक औसत उत्पादन 194 किलोग्राम है । इस दृष्टि से राजस्थान का देश भर मे पाचवा स्थान है । योजना उद्व्यय की दृष्टि से भी राजस्थान का पाचवा स्थान है । राजस्थान मे अष्टम योजना (1992-97) का उद्व्यय 11500 करोड रुपए है । 1995 96 के बजट अनुमानो के अनुसार प्रति व्यक्ति विकास दर व्यय 1017 70 रुपए है । प्रति व्यक्ति विकास दर व्यय की दृष्टि से राजस्थान का आठवा स्थान है ।

96 में बढ़कर 33705 करोड रुपए हो गया । यह वृद्धि 10 प्रतिशत आकी गई है । वर्ष 1996-97 के अनुमान के अनुसार शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 39460 करोड रुपए आका गया है । इस प्रकार गत वर्ष के मुकाबले यह वृद्धि 17 प्रतिशत से अधिक है ।

स्थिर कीमतों (1980-81) पर 1994-95 में शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 9937 करोड रुपए था जो वर्ष 1995-96 में बढकर 9936 करोड रुपए हो गया । अग्रिम अनुमानो के अनुसार 1996-97 में शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद 11021 करोड रुपए हो जाएगा । यह वृद्धि 11 प्रतिशत के लगभग आकी गई है ।

राजस्थान में प्रति व्यक्ति आय में उत्तयेत्तर वृद्धि हुई है । प्रचलित मूल्य (1980 81) पर 1996 97 में प्रति व्यक्ति आय 7992 रुपए आकी गई है जो 1995-96 मे 6958 रुपए की तुलना में लगभग 15 प्रतिशत अधिक है । स्थिर कीमतो पर वर्ष 1996 97 *में प्रति व्यक्ति आय 2232 रुपए आकी गई है जो कि 1995 96 से 8 83 प्रतिशत अधिक* है । वर्ष 1995 96 मे स्थिर कीमतो पर प्रति व्यक्ति आय 2051 रुपए थी ।[1]

योजना परिव्यय—राजस्थान मे योजनाबद्ध विकास मे सार्वजनिक क्षेत्र के अन्तर्गत वास्तविक व्यय में भारी वृद्धि हुयी । सार्वजनिक क्षेत्र में योजनावार वास्तविक व्यय इस प्रकार है-प्रथम योजना 5 41 करोड रुपए, द्वितीय योजना 102 7 करोड रुपए, तृतीय योजना 212 7 करोड रुपए, तीन वार्षिक योजना (1966 69) मे 136 8 करोड रुपए, चतुर्थ योजना 308 8 करोड रुपए, पाचवी योजना 857 6 करोड रुपए, वार्षिक योजना 290 2 करोड रुपए, छठी योजना 2120 5 करोड रुपए, सातवीं योजना 3106 2 करोड रुपए, वार्षिक योजना 1990-91 मे 973 2 करोड रुपए, वार्षिक योजना 1991-92 (सभावित) 1170 करोड रुपए ।

आठवीं पचवर्षीय योजना (1991-92)— राजस्थान की आठवीं योजना 11500 करोड रुपए की निर्धारित की गई है । आठवीं योजना की निर्धारित राशि सातवीं योजना के वास्तविक परिव्यय से 270 22 प्रतिशत अधिक है । आठवीं पच वर्षीय योजना का प्रस्तावित व्यय मार्च 1990 तक विभिन्न पच वर्षीय योजनाओ तथा वार्षिक योजनाओ के वास्तविक व्यय (7140 91 करोड रुपए) से 4359 09 करोड रुपए अधिक है । आठवीं योजना में वास्तविक व्यय 12000 करोड रुपए होने का अनुमान है ।

आठवीं योजना में सर्वाधिक ध्यान उर्जा विकास पर केन्द्रित किया गया है। ऊर्जा के लिए प्रस्तावित व्यय का 28 3 प्रतिशत निर्धारित किया गया । ऊर्जा विकास के बाद सबसे *अधिक ध्यान सामाजिक तथा सामुदायिक सेवाएँ और सिचाइ एव बाढ* नियत्रण पर दिया गया है । आठवीं योजना मे क्षेत्रवार परिव्यय आवटन इस प्रकार

---

1 राजस्थान पत्रिका 11 जनवरी, 1997

2. Droft Lıght Lıne Plans Part I Rajasthan

है —कृषि एव सम्बद्ध सेवाएँ 1286 92 करोड रुपए, सिचाई एव बाढ नियत्रण 1919 49 करोड रुपए, ऊर्जा 3255 49 करोड रुपए, उद्योग व खनिज 536 02 करोड रुपए, यातायात 783 97 करोड रुपए, वैज्ञानिक सेवाएँ एव अनुसधान 19 96 करोड रुपए, सामाजिक एव सामुदायिक सेवाएँ 2461 62 करोड रुपए, आर्थिक सेवाएँ 71 72 करोड रुपए तथा सामान्य सेवाएँ 58 56 करोड रुपए ।

वार्षिक योजना — राजस्थान में प्रति व्यक्ति योजनान्तर्गत निवेश 1992 93 में 320 प्रति व्यक्ति से बढकर 1996 97 में 727 रुपए हो गया है । देश मे योजना के आकार में सर्वाधिक प्रतिशत वृद्धि राजस्थान में ही हुई है । राज्य की वार्षिक योजनाओ के आकार में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है । वार्षिक योजना का आकार 1992 93 में 1400 करोड रुपए था जो बढकर 1993 94 में 1700 करोड रुपए, 1994–95 मे 2450 करोड रुपए तथा 1995–96 में और बढकर 3200 करोड रुपए हो गया । आठवीं योजना के आकार को देखते हुए 1996–97 का वार्षिक योजना 2750 करोड रुपए की होनी चाहिए थी किन्तु विकासगत जरूरता को दृष्टिगत रखते हुए वार्षिक योजना 3200 करोड रुपए की निर्धारित की गई ।

राजस्थान की 1994–95 की वाधिक योजना में गत वर्ष की तुलना मे 44 11 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुइ । 1994 95 की वार्षिक योजना का विकास शीर्ष अनुसार वास्तविक व्यय इस प्रकार है –

योजना उद्व्यय 1994 95

विकास शीर्ष	वास्तविक उद्व्यय (करोड रुपए)	कुल का प्रतिशत
1 कृषि एव सम्बद्ध सेवाएँ	*240 21*	*9 94*
2 ग्रामीण विकास	*180 54*	*7 47*
3 विशिष्ठ क्षेत्रीय योजना	*3 45*	*0 14*
4 सिचाई एव बाढ नियत्रण	*381 13*	*15 78*
5 ऊर्जा	*651 39*	*26 96*
6 उद्योग व खनिज	*127 64*	*5 28*
7 यातायात	*178 62*	*7 39*
8 वैज्ञानिक सेवाएँ एव अनुसधान	*3.91*	*0 16*
9 सामाजिक एव सामुदायिक सेवाएँ	*606 51*	*25 11*
10 आर्थिक सेवाएँ	*17 72*	*0 73*
11 सामान्य सेवाएँ	*24 63*	*1 02*
कुल	*2415 75*	*100 00*

स्रोत – आर्थिक समीक्षा 1995–96 राजस्थान सरकार ।

वर्ष 1994 95 की वार्षिक योजना में सर्वाधिक ध्यान ऊर्जा, सामाजिक एव सामुदायिक सेवाएँ और सिचाई एव बाढ नियत्रण पर केन्द्रित किया गया है । इस विकास शीर्षों पर वास्तविक व्यय कुल योजना परिव्यय का क्रमश 26 96 प्रतिशत 25 11 प्रतिशत 15 78 प्रतिशत रहा ।

राजस्थान की जनसंख्या

राजस्थान की जनसख्या की विकरालता विकट समस्या है । बढती जनसख्या अब विस्फोटक स्थिति के सन्निकट है जो विकास में अवरोध साबित हो रही है । जनसख्या के सख्यात्मक पहलू की अपेक्षा उसका गुणात्मक पहलू अधिक महत्त्वपूर्ण है । तीव्र आर्थिक विकास के वास्ते तेज गति से बढ रही आबादी को थामना परिहार्य है । इसके अभाव मे विकासगत प्रयासो की कोई प्रासगिकता शेष नहीं रह सकेगी ।

मानवीय साधनो की दृष्टि से राजस्थान की स्थिति देश के अन्य प्रान्तो की तुलना मे दयनीय है । ग्रामीण क्षेत्रो में विशेषकर महिलाओ में साक्षरता का नितान्त अभाव है । सरकार प्रान्त मे साक्षरता, शिक्षा, चिकित्सा, सफाई व पोषण आदि सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए सचेष्ट है । हाल ही के वर्षों में राज्य में औद्योगिक विकास का अच्छा वातावरण बना है । लोगो की आमदनी के बढने से जनसख्या की गुणात्मकता मे वृद्धि दृष्टिगोचर हुयी है ।

द पापूलेशन ऑफ राजस्थान, 1991 के अनुसार राजस्थान की जनसख्या 4,40,05,990 थी । इसमे ग्रामीण जनसख्या 3,39,38,877 तथा शहरी जनसख्या 1,00,67,113 थी । वर्ष 1981 में राज्य की जनसख्या 3 43 करोड थी । 1981 से 1991 के बीच राज्य की जनसख्या में 97 करोड व्यक्तियों की बढोतरी हुयी है । 1981 91 के दशक में राज्य की जनसख्या मे वृद्धि 28 44 प्रतिशत बैठती है जो भारत की दशकीय वृद्धि (23 85 प्रतिशत) की तुलना में 4 59 प्रतिशत अधिक है । जाहिर है राजस्थान मे जनसख्या वृद्धि डरावने काले बादलों की तरह मडरा रही है ।

राजस्थान में 1951 से 1991 तक की अवधि में जनसख्या में दशकीय वृद्धि अग्रांकित है ।

वर्ष	जनसख्या (करोड में)	दशकीय वृद्धि दर (प्रतिशत में)
1951	1 60	15 2
1961	2 02	26 2
1971	2 58	27 8
1981	3 43	33 0
1991	4 40	28 4

स्वतत्रता—उपरात राजस्थान की जनसख्या 1951 में 1 60 करोड से बढकर 1991 मे 4 40 करोड हो गयी । चालीस वर्षों मे 2 80 करोड की वृद्धि हो गयी । 1951 से 1981 तक जनसख्या मे उत्तरोत्तर वृद्धि हुयी । 1991 की दशकीय वृद्धि का 1981 की तुलना मे कम होना प्रान्त के लिए शुभ सकेत है लेकिन अखिल भारत की वृद्धि दर से तुलना करने पर स्थिति निराशाजनक परिलक्षित होती है । अत. राज्य की जनसख्या वृद्धि दर को भविष्य मे और कम करने की आवश्यकता है । 1991 मे राजस्थान की जनसख्या भारत की कुल जनसख्या का 5 20 प्रतिशत रही है ।

जनसख्या घनत्व—प्रति वर्ष 2 84 प्रतिशत की गति से बढ रही जनसख्या के कारण राज्य मे जनसख्या के घनत्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । 1991 की जनगणना के अनुसार यह प्रति वर्ग कि मी 128 रहा जबकि 1981 मे यह 100 व्यक्ति प्रति वर्ग कि मी था । राज्य के सभी जिलो मे तीव्र आर्थिक विकास नहीं होने के कारण घनत्व मे काफी अतर है । जयपुर जिले में जनसख्या घनत्व 335 व्यक्ति प्रति वर्ग कि मी है जो कि सर्वाधिक है । जैसलमेर जिले मे यह 9 है जो कि राज्य मे सबसे कम है । 1981 मे तो केवल 6 ही था ।

लिग अनुपात —प्रति हजार पुरुषो के पीछे महिलाओ की सख्या में हो रही कमी महिलाओ के प्रति उपक्षित व्यवहार का परिचायक है । राज्य में प्रति हजार पुरुषो के पीछे महिलाओं की सख्या 1991 मे 910 है जो कि अखिल भारत स्तर के लिग अनुपात (927) से 17 कम है । 1981 में यह अनुपात 919 था 1980–81 के दशक मे राज्य मे लिग अनुपात मे 6 अको की गिरावट आयी है । 1991 की जनगणना के अनुसार राज्य के सभी जिलो मे स्त्रियो की सख्या पुरुषों से कम पायी गई ।

साक्षरता—साक्षरता की दृष्टि से राज्य की स्थिति बढी सोचनीय है । महिलाओ मे साक्षरता की दर बहुत नीची है । ग्रामीण स्त्रियो का तो हाल ही बेहाल है । 1991 मे राज्य मे 7 वर्ष व इससे अधिक आयु की जनसख्या में साक्षरता 38 55 प्रतिशत रही, 1981 की साक्षरता का प्रतिशत 30 1 था पिछले दस वर्षों में साक्षरता में 8 45 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है । स्थिति मे थोडा सुधार हुआ है लेकिन राज्य आज भी इस दृष्टि से काफी पिछडी हुयी दशा मे है । अखिल भारत स्तर पर साक्षरता 52 11 प्रतिशत है । 1981 म राजस्थान साक्षरता मे सबसे नीचले क्रम पर था, 1991 में भी बिहार को छोडकर सबसे नीचे है। महिला साक्षरता की दृष्टि से तो राज्य आज भी नीचले क्रम पर है । साक्षरता मे वृद्धि अत्यावश्यक है । इसमें अनेक समस्याओ का समाधान समाहित है ।

इससे शादी की उम्र बढेगी लाग परिवार नियोजन के लाभ को बखूबी समग्ग ।

जनसख्या की अन्य महत्त्वपूण प्रवृत्ति राज्य मे श्रम शक्ति के व्यावसायिक ढाचे मे बदलाव की है । वष 1971 म कुछ श्रम शक्ति जनसख्या का 34 1 प्रतिशत थी जो 1981 मे बढकर 36 6 प्रतिशत हो गई । वर्ष 1991 मे कुल श्रम शक्ति जनसख्या का 38 87 प्रतिशत रही ।

श्रम शक्ति का व्यावसायिक ढाचा

कुल श्रमिको का विभिन्न ओद्योगिक श्रेणियो के अनुसार वितरण निम्नाकित तालिका मे दशाया गया है —

श्रम शक्ति का व्यावसायिक ढाचा —

(प्रतिशत मे)

ओद्योगिक श्रेणी	*1981*	*1991*
1 कृषक	*64 5*	*58 80*
2 खेतिहर श्रमिक	*8 5*	*10 00*
3 पशुधन मछली वन आदि	*2 8*	*1 80*
4 खनन पत्थर निकालना	*0 7*	*1 03*
5 (अ) घरेलू उद्योग	*3 0*	*2 0*
(आ) घरेलू उद्योग क अलावा उद्योग	*5 0*	*5 45*
6 निर्माण	*1 7*	*2 42*
7 व्यापार व वाणिज्य	*4 4*	*6 41*
8 परिवहन सग्रह व सचार	*2 1*	*2 39*
9 अन्य सवाएँ	*7 3*	*9 69*
कुल (लगभग)	*100 00*	*100 00*

कृषि एव सहायक क्रियाआ म (श्रणा एक स तीन तक) श्रम शक्ति का वष 1981 की तुलना म वष 1991 म 5 2 प्रतिशत कम हुआ ह खनन व उद्योगा म (श्रणा चार व पाच) यह मामूला 0 22 प्रतिशत कम हुआ ह । निमाण व सवाआ म (श्रणा छ से नो तक) 5 41 प्रतिशत बढा ह ।

वष 1991 म राज्य म श्रम शक्ति क आद्यागिक वितरण म 1981 का तुलना म जो परिवतन आया है वह एक सही दिशा म हान वाला परिवतन ह । इस दारान कृषि का महत्त्व कम हुआ है । निमाण व सवाओं क क्षत्र म प्रगति अनक्ला है ।

राजस्थान मे तेज गति से बढ रही जनसख्या एक चिताजनक स्थिति है । कुल आबादी मे 61 प्रतिशत गैर श्रमिक है । प्रति हजार पुरुषो के पीछे घटती महिलाओ की सख्या, साक्षरता की अत्यन्त नीची दर आदि चितनीय पहलू हे । कृषि क्षेत्र पर आश्रितों की सख्या अभी अधिक बनी हुयी है । अधिक आबादी के सामने राज्य के अथाह प्राकृतिक साधन सीमित नजर आने लगे हैं । अत बढ रही आबादी की दर को तेजी से कम करने की सख्त आवश्यकता है ।

तीव्रता से बढ रही आबादी के अनेक कारणा मे शिक्षा का अभाव परम्परावादी दृष्टिकोण, निर्धनता आदि मुख्य है । आज भी अधिकाश भागा मे जन्म लेने वाले बच्चे को दायित्व के रूप मे नहीं लिया जाकर परिवार की आर्थिक इकाई के रूप मे स्वीकार किया जाता है ग्रामीणो मे इस तरह की प्रवृत्ति ज्यादा है, शहरी निर्धनो मे भी कमोबेश यहीं हालत है ।

बढ रही आबादी को नियत्रित करने के लिए आवश्यक है कि मानवीय साधनो मे वृद्धि की पुरजोर कोशिश की जाए । इसमे सरकारी प्रयत्न के साथ जन सहयोग भी लाजिमी है । यदि समस्त राष्ट्र मे साक्षरता का अलख जगाया जाए तो यह आबादी नियत्रण मे कारगर सिद्ध हो सकता है ।

सरकार सावचेत हे लोगो मे भी जागृति है । लोग खुद-ब खुद परिवार नियोजन को आत्मसात करने लगे हे कई स्वेच्छिक सगठन भी इस ओर अग्रसर है । सर्वाधिक आवश्यकता पारिस्थिकी सतुलन तथा आबादी को नियत्रित करने की है । ऐसा करने से मानव पूजी मे अपेक्षित सुधार होगा तथा भावी पीढी के हित सुरक्षित रहेगे । यदि इसमे सफलता मिलती है तो आने वाले वर्षो मे राजस्थान आर्थिक विकास की दृष्टि से देश के अग्रणी राज्यो मे होगा । राजस्थान मे प्राकृतिक ससाधनो का अभाव नहीं है । वित्त की पर्याप्त व्यवस्था करके प्राकृतिक ससाधनो को गति देने की आवश्यकता है । यहा विकास की विपुल सभावनाएँ है ।

अध्याय 2

औद्योगिक पृष्ठभूमि

परिचयात्मक :-

भारत के इतिहास मे राजस्थान का एक गौरवमय स्थान रहा है । राजस्थान अनेक साहसी और पराक्रमी योद्धाओ की जन्म स्थली रहा है। प्राकृतिक कठिनाईयो की तपोभूमि राजस्थान ने बिडला, डालमिया, सिघानिया, बागड, पोद्दार आदि उद्योगपतियो को जन्म दिया है जिन्होने देश विदेश मे औद्योगिक ओर व्यापारिक जगत मे काफी ख्याति अर्जित की है ।

राजस्थान का भारत में क्षेत्रफल की दृष्टि से दूसरा तथा जनसख्या की दृष्टि से नवा स्थान है। राजस्थान का निर्माण 19 छोटे छोटे राज्यो व तीन चीफशिपो के एकीकरण से हुआ था। ये राज्य जनसख्या आकार, प्रशासनिक कुशलता व आर्थिक विकास की दृष्टि से काफी भिन्न थे। एकीकरण की प्रक्रिया 1948 से प्रारम्भ होकर 1956 मे सम्पन्न हुई थी। राजस्थान का वर्तमान वैधानिक स्वरूप 1 नवम्बर 1956 को लागू हुआ ।

स्वतत्रता प्राप्ति के समय राजस्थान एक पिछडा हुआ राज्य था। आज जबकि राजस्थान नियोजित विकास के चार दशक पूरे कर चुका है फिर भी देश के अन्य राज्यो यथा पजाब, महाराष्ट्र, गुजरात व हरियाणा आदि की तुलना मे पिछडा हुआ है। 1949 के पुनर्गठन से पूर्व राजस्थान मे बिजली, पानी व यातायात के साधनो के अभाव के कारण बडे पैमाने के आधुनिक उद्योगो का विकास सभव नहीं था। सरकार ने पचवर्षीय योजनाओ मे राज्य के औद्योगिक विकास के लिए विद्युत सृजन परिवहन, पानी, शिक्षा व चिकित्सा आदि पर काफी बल दिया है। 1986-87 मे राजस्थान का समस्त भारत के फैक्ट्री क्षेत्र मे दसवा स्थान रहा है।

राजस्थान के औद्योगिक क्षेत्र में समस्त भारत के कुल केन्द्रीय विनियोगो का लगभग 2 प्रतिशत अश ही पाया जाता है जो कि अत्यल्प है। प्रान्त में कृषि पर आधारित

केन्द्रीय विनियोगो का लगभग 2 प्रतिशत अश ही पाया जाता है जो कि अत्यल्प है । जबकि राज्य मे विभिन्न उद्योगो के विकास की प्रबल सभावनाएँ है ।

राजस्थान नियोजित विकास के साढे चार दशक पूरे कर चुका है । योजनाकाल मे औद्योगिक विकास के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओ के विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रयास किये गए । जिससे प्रदेश मे औद्योगिक विकास का वातावरण बना है । समग्र राज्य मे उद्योगो विशेष रुप से लघु उद्योगो का विकास हुआ है ।

आज राज्य मे आधारभूत सरचना की स्थिति मे सुधार आने के कारण उद्योगपति विनियोग करने मे उतना नहीं कतराते जितना कि पूर्व के दशको मे राज्य के उद्योगपति भी मातृभूमि से अपने किश्ते को देखते हुए थोडी तिलाजलि देने को तत्पर हैं । वर्तमान मे राजस्थान मे सूती व सिथेटिक रेशें की इकाइया, ऊनी, चीनी, सीमेंट, टेलीविजन, टायर ट्यूब फैक्ट्री, वनस्पति तेल की मीले, इजीनियरी की औद्योगिक इकाइया खनिज आधारित बडी व मध्यय श्रेणी की इकाइया आदि है ।

राजस्थान से वर्ष 1994-95 मे मुख्य रुप से रत्न, आभूषण, टेक्सटाइल, अभियात्रिक वस्तुएँ, रेडीमेड वस्त्र, दस्तकारी वस्तुएँ, रसायन, कृषि उत्पाद, खनिज आधारित वस्तुओ का निर्यात किया गया । वर्ष 1994 95 मे राज्य से लगभग 2800 करोड का निर्यात किया गया जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले लगभग दो गुना है । श्रेष्ठ निर्यातको को राज्य में पुरस्कृत किया जाता है ।

केन्द्र सरकार ने राजस्थान के 16 जिलो को औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछडा घोषित किया था । केन्द्रीय सब्सिडी की व्यवस्था मे पिछडे जिलो को तीन श्रेणियो यथा अ, ब तथा स के अन्तर्गत विभक्त किया जो इस प्रकार थे—

(अ) इसके अन्तर्गत 25 प्रतिशत सब्सिडी जैसलमेर, सिरोही चुरू व बाडमेर जिलो के लिये रखी गई थी । ये शून्य उद्योग जिले कहलाते थे । सब्सिडी की अधिकतम सीमा एक इकाई के लिए 25 लाख रुपए रखी गई ।

(ब) इसके अन्तर्गत 15 प्रतिशत सब्सिडी पाँच जिला अलवर, भीलवाडा जोधपुर, नागौर व उदयपुर के लिए रखी गई तथा इसकी अधिकतम राशि 15 लाख रुपए रखी गई ।

(स) इसके अन्तर्गत 10 प्रतिशत सब्सिडी सात जिलो बासवाडा, डूगरपुर, जालौर, झालावाड, झुन्झुनू, सीकर व टोक के लिए थी तथा एक औद्योगिक इकाई के लिए सब्सिडी की अधिकतम राशि 10 लाख रुपए रखी गई ।

शेष 11 जिलो अजमेर, भरतपुर, बूदी, बीकानेर, चितौडगढ, जयपुर, कोटा, सवाईमाधोपुर, गगानगर, पाली व धौलपुर के लिए राज्य सरकार सब्सिडी देती थी ।

औद्योगिक विकास की व्यूहरचना

राजस्थान प्राकृतिक ससाधनो की दृष्टि से बेहद सम्पन्न प्रात है । खनिजो की बहुलता के कारण यह देश मे 'खनिजो का अजायबघर' के नाम से जाना जाता है । यहा की मरुधरा न केवल खनिजो की जननी है अपितु इसने बडे औद्योगिक घरानो को भी जन्म दिया है । जिन्होने देश के औद्योगीकरण मे सारगर्भित भूमिका निभाई हैं । मानवीय ससाधनो की भी यहा कोई कमी नहीं है और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण बात यहा का श्रमिक कुदरती मेहनती है । इतना सब कुछ होने के बावजूद भी राजस्थान औद्योगिक विकास की राह के लिए तरस रहा है ।

राजस्थान सदियो से उपेक्षा का शिकार रहा । औद्योगिक विकास की गति वास्ते कारगर नीति निर्धारण नहीं की गई । औद्योगिक घरानो ने भी यहा के विकास में विशेष रुचि नहीं ली नतीजतन औद्योगिक विकास गति नहीं पकड सका और विकास की दौड मे अन्य राज्यो से पिछड गया । यहा चद औद्योगिक परियोजनाएँ है जो तीव्र विकास के लिए गति निर्धारक भूमिका निभाने मे असाहय है ।

आर्थिक योजनाओ के प्रारभ किये जाने से लेकर आज तक यहा कुछ औद्योगिक इकाइयो की स्थापना हुई है जिन्हे अगुलिया पर गिना जा सकता है । बडे पैमाने के उद्योगो म यहा सूती वस्त्र चीनी मिले सीमेट उद्योग नमक वनस्पति तथा काच उद्योग से सबधित इकाइया है इनमें से भी कई इकाइया भयकर रुग्णता की समस्या से ग्रसित है । दक्षिण पूर्वी एशिया का सुप्रसिद्ध सीमेट उद्योग 'जयपुर उद्योग लि ' उल्लेखनीय है । ध्यातव्य है कि यह वर्ष 1987 से बद पडा हैं । अनेक वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी ने इसकी सुध नहीं ली । प्रात मे जो कुछ औद्योगिक विकास हुआ है, वह क्षेत्रीय विषमता की समस्या स ग्रसित है । कोटा जहा औद्योगिक केन्द्र के रुप मे उभरा वही सवाईमाधोपुर, बारा आदि जिले उद्योगो की स्थापना के लिए लालायित है । जबकि इन जिला म ससाधनों की कोई कमी नहीं है ।

राज्य में मध्यम एव लघु पैमाने के उद्योगो की स्थिति भी अच्छी नहीं है । सख्यात्मक दृष्टि से यद्यपि ये अत्यधिक हो सकते हैं, किन्तु औद्योगिक विकास में इनका विशेष योगदान नहीं है । अधिकाश लघु उद्यमी येन-केन प्रकारेण सरकारी सुविधाएँ एव रियायतें आदि प्राप्त करने तक ही प्रयत्नशील रहते हैं ।

राजस्थान का औद्योगिक विकास अपेक्षित गति से नहीं होने के कारण भारत के औद्योगिक विकास मे इसका योगदान अत्यल्प रहा है । वर्तमान स्थिति में औद्योगिक विकास की दृष्टि से सुदृढ महाराष्ट्र, गुजरात, पजाब आदि राज्यों से तुलना ही नहीं कर सकते हैं । ऐसी बात नहीं कि सरकार ने स्थिति को सुधारने के लिए कोशिश नहीं की हो । राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की तर्ज पर औद्योगिक विकास को गति प्रदान करने

के लिए समय समय पर औद्योगिक नीति की घोषणा की । अब तक राज्य सरकार 1978 1990 तथा 1994 मे औद्योगिक नीति की घोषणा कर चुकी हे । वर्ष 1994 मे घोषित की गई राज्य औद्योगिक नीति उल्लेखनीय हे । यह केन्द्र सरकार द्वारा घोषित की गई जुलाई 1991 की औद्योगिक नीति के अनुरुप तथा वर्तमान मे बदले आर्थिक परिवेश के अनुसार अर्थव्यवस्था को समायोजित करने वास्ते राजस्थान सरकार की पुरजोर कोशिश है । किंतु 1994 से पूर्व घोषित की गई औद्योगिक नीति राज्य के औद्योगिक विकास की गति को तेजी से बढाने मे सफल नहीं हो सकी ।

वर्ष 1994 की ताजी औद्योगिक नीति मे तीव्र औद्योगीकरण ससाधनो का अधिकतम उपयोग रोजगार सृजन क्षेत्रीय सतुलन निर्यात सवर्द्धन हस्तशिल्प खादी ग्रामोद्याग लघु उद्योगो को बढावा आदि उद्देश्यो को समाहित किया गया है । निर्धारित लक्ष्यो को समाहित किया गया है । निर्धारित लक्ष्यो को अजित करने मे सरकार ने जो औद्योगिक व्यूह रचना निर्धारित की है उनमें विनियोजन वातावरण मे सुधार अद्य सरचना का विकास नियमो एव प्रक्रियाओ का सरलीकरण उद्योगो को शीघ्र अनुमति देना निजी क्षेत्र को बढावा श्रमिको की गुणवत्ता में सुधार रोजगारोन्मुखी उद्योगो को प्रोत्साहन आदि मुख्य है ।

आर्थिक सुधारो के सक्रमण काल में भारत मे विदेशी पूजी निवेश प्रस्तावो की स्वीकृति मे बेतहाशा बढोतरी हुई है । वास्तविक निवेश प्रस्तावो की स्वीकृति के मुकाबले कम हुआ है फिर भी यह उल्लेखनीय रहा है । गौरतलब है कि देश मे जो विदेशी पूजी निवेश हुआ है वह अधिकाशत महाराष्ट्र तथा गुजरात तक सीमित रहा है । राजस्थान में पूजी निवेश नगण्य सा ही है । अत इस ओर राजस्थान को गभीरता से चितन है । कहीं न कहीं खामी अवश्य रही है । अन्यथा कम निवेश का कारण क्या है ? कहीं अधिक महत्त्वपूर्ण उसका क्रियान्वयन है । कोशिश ऐसी हो कि विदेशी स्वत आकर्षित हो । निवेशको को आकर्षित करने के लिए अच्छे औद्योगिक वा एव औद्योगिक सस्कृति की आवश्यकता होती है । आधारभूत अद्य सरचना का भी बेहद आवश्यक है । इनके अभाव में तीव्र औद्योगीकरण की कल्पना नहीं की सकती है । आधारभूत सरचना के साथ प्रतिस्पर्धी औद्योगिक सुविधाएँ एव रियायते चाहिए । सभी औद्योगिक सुविधाएँ एक ही छत के नीचे हो तथा निर्णयो मे अनावश्यक विलम्ब नहीं हो ।

सारत राजस्थान की जो समस्याएँ है अन्य राज्यो से पृथक है । यहा की विषम भौगोलिक स्थिति विकास में प्रमुख बाधा है । ऊर्जा की कमी है । सर्वप्रथम इन समस्याओं का स्थायी हल खोजना है । तब कहीं जाकर राजस्थान औद्योगिक विकास में गति पकड़ पाएगा ।

अध्याय 3

राजस्थान में प्रमुख वृहद् उद्योग

प्रमुख वृहद उद्योग

वर्तमान मे राजस्थान मे प्रमुख वृहद उद्योगो मे सीमेट उद्योग सूती वस्त्र उद्योग चीनी उद्योग नमक उद्योग काच उद्योग आदि मुख्य है । जिनका विवरण अग्राकित है।

1 सीमेट उद्योग

भवन निर्माण सामग्री मे सीमेट उद्योग का वर्चस्व काफी समय से चला आ रहा है । जिसका गुणवत्ता लागत और क्षमता का दृष्टि से कोई प्रतिस्थापन नहीं है । राजस्थान सीमेट उद्योग मे भारत का अगुआ राज्य माना जाता है । प्रान्त में सर्वप्रथम 1915 मे लाखेरी (बूदी) मे सीमेट फैक्टी स्थापित की गई इसके बाद सवाई माधोपुर में जयपुर उद्योग लि स्थापित किया गया ।

राजस्थान मे साधारण पोर्टलैण्ड सीमट बनाने वाले प्रमुख रोटरी किल्न सयत्र निम्नानुसार है—

क्र स	इकाई	प्रक्रम	प्रारम्भिक उत्पादन
1	लाखेरी सीमेट वर्क्स (एसीसी) लाखेरी	आर्द्र	1917
2	जयपुर उद्योग लिमिटेड सवाईमाधोपुर	आर्द्र	1953 से 1959
3	बिडला सीमेट वर्क्स चित्तोडगढ	शुष्क	1967 से 1969
4	उदयपुर सीमेट वर्क्स उदयपुर	शुष्क	1970
5	जेके सीमेट वर्क्स निम्बाहेडा	शुष्क	1974 से 1982
6	लाखेरी सीमेंट सिरोही	शुष्क	1982
7	मगलम सीमेट मोडक (कोटा)	शुष्क	1982
8	जे के व्हाईट सीमेट गोटन	शुष्क	1984
9	श्री सामेट लिमिटेड ब्यावर	शुष्क	1985

स्रोत राजस्थान पत्रिका 2 जनवरी 1988

राज्य मे पिछले कुछेक वर्षों से सीमेंट के उत्पादन मे काफी वृद्धि हुई हे जो न्मि तालिका से स्पष्ट हे

वर्ष	सीमेंट का उत्पादन (हजार मे टन)
1984	3017
1985	3939
1986	3654
1987	3898
1988	3947
1989	4175
1990	4263
1991	4774
1992	4828
1993	4749
1994	6567 41
1995	6447 14

स्रोत आय व्ययक अध्ययन 1991-92 एव 1994 95 आर्थिक समीक्षा 1995 96 राजस्थान सरकार

सीमेंट उद्योग पूजी गहन व ऊजा गहन उद्योग हे । राजस्थान मे सीमेंट सयत्र उर्जा आपूर्ति की कमी से प्रभावित है, कोयले का स्तर निम्न हे, वैगन आपूति आवश्यकताओ के अनुरूप नहीं होती है । जनशक्ति मे उच्च स्तर की दक्षता और आधुनिक सयत्रो को चलाने की योग्यता की आवश्यकता है । इसके सचालन व रख रखाव के लिए अतिरिक्त प्रशिक्षण की आवश्यकता है । सीमट के मूल्य व वितरण सबधी नीति भी दोषपूर्ण हे, इसके बार बार बदलने से इस उद्योग मे अनिश्चितता बनी रहती है । पुरानी सीमेंट फैक्ट्रिया पुरानी तकनीक को अपनाए हुए हैं, उनकी उत्पादन क्षमता बहुत कम है । अधिकाश सीमेंट सयत्र अपनी उत्पादन क्षमता के मुताबिक उत्पादन नहीं करते है । आधुनिकीकरण व विवेकीकरण का नितात अभाव हे । मिनी सीमट प्लाट प्रतिस्पर्धा मे बडे सीमेंट प्लाट के सामने नहीं टिक पाते हैं ।

राजस्थान मे सीमेंट उद्योग का भविष्य उज्जवल है । राज्य में इस उद्योग की स्थापना से सबधित सभी आवश्यकताओं की पूर्ति हो जाती हे । सीमेंट ग्रेड चूने की बाहुल्यता है, जिप्सम भी राज्य म पर्याप्त मात्रा म है । कायला बाहर से मगाना पडता है । सीमेंट उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने 1990-91 के राज्य बजट में सीमेंट पर केन्द्रीय बिक्री कर 16 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया । आशा है

भविष्य म सीमट उद्योग का काफी विकास होगा ।

2 सूती वस्त्र उद्याग

सूती वस्त्र उद्योग राजस्थान का प्राचीनतम उद्योग है । यह उद्याग बडे पैमाने के उद्योगो मे महत्त्वपूण स्थान रखता है । राज्य म पहली सूता वस्त्र मील ब्यावर शहर मे 1889 मे कृष्णा मिल्स लि निजी क्षेत्र मे स्थापित की गई । इसके पश्चात ब्यावर शहर में ही 1906 मे एडवड मिल्स लि व 1925 म श्री महालक्ष्मी मिल्स लि स्थापित हुइ । वृहद राजस्थान के निमाण के समय 1949 मे राज्य में 7 सूती मीले थी । वर्तमान मे इनकी सख्या बढकर 23 हो गई । इनमें से 17 माले निजी क्षेत्र मे 3 मीले सार्वजनिक क्षेत्र मे और 3 सहकारी क्षेत्र मे है ।

राजस्थान मे सूत व सूती वस्त्र के उत्पादन की स्थिति निम्न तालिका से स्पष्ट हैं

वर्ष	सूत (हजार टन)	सूती वस्त्र (करोड मीटर)
1978	33 6	3 32
1983	42 7	5 58
1989	47 5	4 05
1990	48 6	4 66
1992		3 78
1993		3 80
1994		3 73
1995		4 11 (प्रावधानिक)

स्रोत आय व्ययक अध्ययन राजस्थान 1994 95 आर्थिक समीक्षा 1995 96

राजस्थान सरकार राजस्थान मे सूती वस्त्र उद्योग के स्वस्थ विकास वास्ते सूती वस्त्र मीला के आधुनिकीकरण एव नवीनीकरण का आवश्यकता है । कच्चे माल के रूप मे लम्बे रेशे के कपास की आपूर्ति सुनिश्चित की जानी चाहिए । कुप्रबध को नियत्रित एव पर्याप्त मात्रा मे पूजी की व्यवस्था की जानी चाहिए । बद इकाइयो के बारे म अविलम्ब निर्णय लिया लाए तथा रग्णता के कारणा की बारीकी से जाच की जाए । श्रम सबधी समस्याए मिल बैठ कर सुलझाई जा सकती है । प्रबध में श्रमिको की भागीदारी को नजर अदाज नहीं किया जाना चाहिए ।

3 चीनी उद्योग

राजस्थान म चीनी की तीन मीले है । केशोराय पाटन (बूदी) मेवाड (चित्तोडगढ) तथा श्रीगगानगर । सर्वप्रथम 1932 में मेवाड चीनी मिल्स की स्थापना भोपाल सागर में

की गई । 1938 मे गगानगर चीनी मिल्स की स्थापना की गई इसमे उत्पादन 1946 से प्रारभ हुआ । एक जुलाई 1956 से यह सावजनिक क्षेत्र मे काम कर रही है । 1965 मे श्री केशोराय पाटन सहकारी सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड की स्थापना की गई । राजस्थान मे कार्यरत चीनी की तीना माले निजी सार्वजनिक व सहकारी क्षेत्र मे होने के कारण ये तीन प्रकार के सगठनो के उत्पादन की तुलना करने का अवसर प्रदान करती है ।

राज्य मे चीनी के उत्पादन की प्रवृत्ति निम्न तालिका से स्पष्ट है ।

वर्ष	उत्पादन (हजार मैं टन)
1984	22
1985	20
1986	16
1987	23
1988	09
1989	12
1990	13
1991	25
1992	39
1993	26
1994	12
1995 (प्रावधानिक)	25

स्रोत आय व्ययक अध्ययन 1991 92 एव 1994-95 आर्थिक समीक्षा 1995 96 राजस्थान सरकार

राज्य की चीनी मीले घाटे की समस्या से पीडित है । घाटे का मुख्य कारण गबन घोटाले गन्ने की चोरी बिना काम क वेतन लेने की प्रवृत्ति कुप्रबध आदि है । चीनी मीलो की प्रबध व्यवस्था मे सुधार तथा मीले मे क्षमता के अनुसार गन्ने की पिराइ कर घाटे को कम किया जा सकता है । मीलो के लिए वित्त नई मशीने व पॉवर का पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए । मीला को अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए गौण पदार्थो का उपयोग करना चाहिए । चीनी मीला मे मोलासिस की अतिरेक मात्रा को देखते हुए डिस्टिलरी इकाइयो की सख्या बढाई जा सकती है ।

4. नमक उद्योग

नमक उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान का सम्पूर्ण देश मे महत्त्वपूर्ण स्थान है। नमक उत्पादन से सबधित सभी अनुकूल दशाए प्रान्त मे उपलब्ध है । यहा खारे पानी

का याल बहुतायत म ह । वतमान म रा य म सावनानक तथा निनी दोना ही क्षेत्रो में नमक का उत्पादन किया ना रहा हे । रानस्थान म नमक पर आधारित राज्य सरकार के उपक्रम निम्नाक्त ह—

1 रान्स्थान स्टट कामकल्स वक्स डाडवाना (सोडियम सल्फाइड फैक्ट्री)
2 रानस्थान स्टट कमिकल्स वक्स डीडवाना (साडियम सल्फट वर्क्स)
3 रा्स्थान सरकार का साल्ट वक्स डाडवाना
4 रानस्थान सरकार का साल्ट वक्स पचभदरा

साभर म नमक का उत्पादन भारत सरकार का उपक्रम हिन्दुस्तान साल्टस लिमिटेड का सहायक कम्पना साभर साल्टस लिमिटड की दखरख म होता है । साभर याल नमक उत्पादन म अपनी गुणवत्ता क लिए प्रसिद्ध ह रा य म निजी क्षेत्र म लघु पमान क उद्याग पाकरन फलोदी कुचामन व नाव्ानगर (नागार) में पाये नाते हे ।

रानस्थान म नमक उत्पान्न की प्रवृत्त

वष	उत्पान्न (हनार म टन)
1984	821
985	793
1986	906
1987	833
1988	1038
1989	934
1990	1055
1991	1441
1992	1181
993	1296
1994	1171
1995 (प्रावधनिक)	1169

स्रान आय व्ययक अध्ययन 1991 92 एव 1994 95 राजस्थान अर्थिक समाक्षा 1995 96 रानस्थान सरकार ।

राजस्थान का खार पाना की झाला म (डीडवाना) साडियम सल्फेट अधिक हान क कारण अखाद्य नमक का उत्पादन अधिक हाता हे जिसको बचन म कठिनाई आती है । राज्य सरकार के नमक उपक्रम या ता बद ह या घाटे म चल रहे हे । राजस्थान स्टेट केमिकल्स वक्स 1988 स बद कर दिया गया हैं । रा य म नमक आधारित वस्तुआ के उत्पादन की स्थिति अनिश्चित बनी हुइ है । राज्य सरकार क नमक उपक्रमा की प्रबध व्यवस्था बेहतर बनाकर स्थिति को सुधारा ना सकता है ।

5 काँच उद्योग

काँच बनाने म बालू मिट्टी सिलिका मिट्टी साडा सल्फेट शारा चूने का पत्थर आदि प्रयुक्त होते हैं । ये सभी राज्य म बहुतायत में उपलब्ध है । काँच बनाने वाल कुशल मजदूर भा राज्य म है ।

राज्य म काँच बनान के आठ कारखाने है जिसमें स पाच कारखाने बद पडे है उदयपुर कारखान म उत्पादन हाल ही प्रारम्भ हुआ ह । वतमान म धौलपुर म निम्न दो कारखान विशष रुप से महत्त्वपूण है—

1 धौलपुर ग्लास वर्क्स—इसम लगभग एक हजार टन वार्षिक काच का उत्पादन होता है । यह कारखाना निजी क्षेत्र में कायरत है ।

2 हाई टेक प्रसासन ग्लास वक्स धौलपुर यह कारखाना दा गगानगर शुगर मिल्स लिमिटड क अन्तगत है एव मदिरा विभाग क लिए बातला का उत्पादन करता ह ।

राज्य म सिलिका मिट्टा क भण्डाग को दखत हुए काँच उद्याग क विकास का काफी सभावनाएँ है । जयपुर सवाइमाधापुर बाकानेर, बूदी तथा उदयपुर म काँच क कारखाने स्थापित किए जा सकते हैं । काँच के बद पड कारखाना का शाघ्र चालू कर यहाँ काँच उद्याग से सबधित ससाधना का पूण उपयोग किया जा सकता ह । सरकार का उदारनीति इसको ओर विकसित कर सकती है ।

6 वनस्पति घी उद्योग

मूगफला व बिनौल का तल वनस्पति घा उद्याग क लिए प्रमुख कच्चा माल है । राजस्थान म सवप्रथम 1964 म भालवाडा म वनस्पति घी का कारखाना खाला गया। इसके बाद जयपुर, कोटा भरतपुर, उदयपुर चित्तौडगढ व गगानगर आदि शहरा म स्थापित हुए ।

राज्य म वनस्पति घी की माग में हो रही वृद्धि के साथ वनस्पति घी का उत्पादन भी तेजी स बढा है । 1970 71 स 1980 81 क मध्य वनस्पति घा का उत्पादन तिगुना हो गया है ।

राज्य म वनस्पति घा उत्पादन की स्थिति निम्नाकित है—

वष	उत्पादन (हजार टन)
1970 71	19 8
1980 81	58 0
1985 86	65 7
1989-90	54 6
1990 91	51 5
1992	34 2
1993	33 8
1994	39 7
1995	41 2

स्रोत अथ व्यवस्था अध्ययन राजस्थान 1990 91 एव 1994 95 आर्थिक समाक्षा 1995 96 राजस्थान सरकार।

राज्य मे मूगफली व बिनौले के साथ तेल शोधन हेतु प्रयुक्त रासायनिक पदार्थों का नितान्त अभाव है । उत्पादित घी की किस्म भी घटिया है । कारखानो के पास सहायक उद्योगो का अभाव होने के कारण लाभ भी तुलनात्मक रूप से कम होता है । पूजी व कुशल श्रमिको का अभाव भी राज्य मे है ।

राज्य मे वनस्पति घी की बढती हुई माग को देखते हुए इसके विकास की काफी सभावनाएँ है । मूगफली व बिनौले का उत्पादन भी राज्य मे बढाया जा सकता है । राजस्थान नहर क्षेत्र इसके लिए उपयुक्त है । राज्य मे इस उद्योग का भविष्य उज्वल है ।

उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि राजस्थान में सीमेंट, सूती वस्त्र, चीनी, वनस्पति घी काच व नमक आदि उद्योगो की प्रभावी भूमिका है । भविष्य में इन उद्योगो के विकास की अच्छी सम्भावनाएँ है ।

राजस्थान मे केन्द्रीय क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम

राजस्थान मे केन्द्रीय औद्योगिक विनियोगो का भाग बहुत कम है, यह 1970 मे केवल 0 9 प्रतिशत ही था, 1985 मे केन्द्रीय औद्योगिक विनियोगो का 1 4 प्रतिशत अश लगा हुआ था । राज्य मे केन्द्र का निवेश वर्ष 1990 91 मे 1 70 प्रतिशत था ।

राज्य मे कुछ प्रमुख केन्द्र सरकार के सार्वजनिक प्रतिष्ठान अग्राकित है ।

1 हिन्दुस्तान जिक लिमिटेड देवारी, उदयपुर
2 हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड, खेतडी, झुन्झुनु
3 हिन्दुस्तान मशीन टूल्स, अजमेर
4 इन्स्ट्रेमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा
5 साभर साल्टस लिमिटेड, जयपुर
6 मॉडर्न बकरीज, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर
7 राजस्थान इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड इन्स्ट्रेमेन्टस लिमिटेड, कनकपुरा (जयपुर)
8 गैस आधारित पॉवर सयत्र अता कोटा (एन टी पी सी द्वारा स्थापित)

राजस्थान मे कुछ महत्त्वपूर्ण केन्द्र सरकार के उपक्रमा की सक्षिप्त जानकारी इस प्रकार है—

1. हिन्दुस्तान जिक लिमिटेड—यह जस्ता व सीसा के उत्पादन के साथ भारत के आधुनिक जीवन का एक अभिन्न अग बन गया है । 1966 मे स्थापित हिन्दुस्तान जिक लि बहु इकाई व बहुत उत्पादन वाली सरकारी क्षेत्र की कम्पनी है जो सीसा जस्ता की आत्मनिर्भरता के लिए पूरी तरह वचनबद्ध है । वर्तमान मे हिन्दुस्तान जिक लिमिटेड देश के विभिन्न भागो मे आठ इकाइया सचालित कर रहा है जिसमें निम्न इकाइया राजस्थान मे है ।

1 जवार माइन्स राजस्थान

2 राजपुरा दरीबा माइन, राजस्थान

3 मटून रॉक फास्फेट माइन, राजस्थान

4 देबारी जिक स्मेलटर, राजस्थान

2 हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड—राजस्थान के झुन्झुनु जिले मे अरावली पर्वत शृखला मे स्थित एक छोटी सी इकाई खेतडी आज देश मे ताम्र उत्पादन के क्षेत्र मे अति आधुनिक और प्रौद्योगिकी इकाई के रूप मे उभर कर सामने आई है । इसके (खेतडी कॉपर काम्प्लेक्स) के विकास का फैसला सन् 1962 मे लिया गया । सन् 1967 मे शाफ्ट खुदाई के साथ हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की स्थापना हुई और खनन कार्य प्रारम्भ किया। सन् 1970 मे सबसे पहले अयस्क का उत्पादन शुरू हुआ । ताम्र उत्पादन 5 फरवरी, 1975 को प्रारम्भ हुआ, जब तत्कालीन प्रधानमत्री श्रीमति इदिरा गाधी ने खेतडी कॉपर काम्पलेक्स मे एशिया के सबसे बडे प्रणालक सयत्र को राष्ट्र को समर्पित किया ।

3 हिन्दुस्तान मशीन टूल्स अजमेर—भारत सरकार के प्रतिष्ठान हिन्दुस्तान मशीन टूल्स के अन्तर्गत 6 इकाई एच एम टी इकाई वॉच व तीन डेयरी मशीनरी की इकाइया है । एच एम टी अजमेर इस क्रम की छठी इकाई है । भारत मे एच एम टी को 1987 88 मे 31 लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ ।

4 इन्स्ट्रूमेन्टेशन लिमिटेड, कोटा—कोटा सयत्र 1965 मे स्थापित किया गया था । इसमे 1968-69 से उत्पादन प्रारम्भ हुआ । इसकी एक इकाई कोटा व दूसरी पालघाट (केरल) मे स्थित है । इसे 1987 88 में 2 63 करोड रुपए का शुद्ध लाभ हुआ ।

5 सांभर साल्ट्स लिमिटेड—यह हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड की सहायक कम्पनी है । राजस्थान की साँभर झील नमक उत्पादन के लिए प्रसिद्ध रही है । यहा का नमक अपनी गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है ।

साँभर साल्ट्स लिमिटेड 30 सितम्बर 1964 में स्थापित हुई । इसे पिछले वर्षो मे शुद्ध घाटा रहा है । 1987 88 मे घाटे की राशि 45 लाख रुपए थी ।

6 मॉडर्न फूड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड—यह 1965 से स्थापित हुई इसकी 13 ब्रेड इकाइया है इनमे से एक मॉडर्न बेकरीज, जयपुर है । इसे 1987-88 मे 90 लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ । 1990 मे 50 लाख रुपए व 1991 मे 257 लाख रुपए की हानि हुई ।

7 राजस्थान इलैक्ट्रानिक्स व इन्स्ट्रूमेन्टल लिमिटड कनकपुरा जयपुर यह कोटा इन्स्ट्रेन्टेशन लिमिटड का सहायक कम्पनी है । इसमे भारत सरकार की 51 प्रतिशत तथा राका का 49 प्रतिशत पूजी लगी हुई । इसे 1987 88 म 42 लाख रुपए का शुद्ध लाभ हुआ ।

राजस्थान मे केन्द्र सरकार के लगभग सभी उपक्रम लाभ म चल रह है फिर भी उपक्रमो की सख्या एक अक तक सीमित है जो कि राज्य के लिए दुखद स्थिति है । केन्द्रीय औद्योगिक विनियोगो का सीमित भाग केन्द्र का राज्य के प्रति सौतले व्यवहार का द्योतक है ।

राजस्थान सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम

राजस्थान म राज्य सरकार के कुल 41 सार्वजनिक उपक्रम है । इनम से 7 वैधानिक निगम 16 कम्पनी कानून के अन्तर्गत पजीकृत कम्पनिया 14 पजीकृत सहकारी सस्थान एव 4 विभागीय उपक्रम है । सहकारी सस्थान के अन्तर्गत तिलम सघम 1990 91 म बना था राज्य सरकार के अनुसार उक्त उपक्रमो म स 9 की नटवर्थ ऋणात्मक 6 उपक्रमो का 50 प्रतिशत से कम 5 उपक्रमो का 50 स 100 प्रतिशत के बीच 19 उपक्रमो की 100 प्रतिशत स ऊपर है

विनियोजन मार्च 1990 तक राज्य के 40 उपक्रमो म 5130 29 करोड रुपए का विनियोजन हो चुका था इस विनियोजन म राज्य सरकार का योगदान 1445 करोड रुपए था । शेष धनराशि केन्द्र राष्ट्रीयकृत बैंक एव अन्य स्रोतो द्वारा विनियोजित की गई है ।

वित्तीय कार्यसिद्धि राज्य सरकार के उपक्रमो ने वित्तीय कार्यसिद्धि के क्षेत्र म निराश ही किया है । अधिकाश उपक्रम घाटे की समस्या स ग्रसित है । छठी पच वर्षीय योजना के पाच वर्षो म कर स पूर्व घाटे की कुल राशि 2०6 करोड रुपए रहा था। 1987 88 म कर से पूर्व शुद्ध घाटा 102 करोड रुपए का हुआ जो सर्वाधिक था । कुल घाटा 1989 90 के अत म 708 करोड रुपए तक पहुच गया । राज्य के कई सार्वजनिक प्रतिष्ठानो का स्वास्थ्य नाजुक दौर म पहुच चुका है । इनम स अनेक प्रतिष्ठान असाध्य रोग से ग्रसित है और कुछ दम तोड चुके हैं ।

सार्वजनिक क्षेत्र के इन उपक्रमो म घाटा मुख्यतया गलत परियोजनाओ का चयन कच्चे माल का अभाव औद्योगिक विवाद माग की कमी कुप्रबध श्रम बाहुल्य गलत मूल्य नीति अनावश्यक राजनीतिक हस्तक्षेप परियोजनाओ का पलायन क्षमता का पूरा उपयोग नही होना आदि कारणो से होता है । निरन्तर प्रयास के द्वारा कम किया जा सकता है । प्रान्त मे सीमित ससाधनो के बावजूद उपक्रमो मे भारी विनियोजन को देखते हुए यह उपयुक्त होगा कि इन उपक्रमो के बारे म कुछ ठोस निर्णय लिए जाए, अन्यथा धीरे धीरे राज्य के सभी उपक्रमो का भविष्य अधकारमय होता चला जायगा ।

अध्याय 4

लघु उद्योगों की प्रगति

लघु उद्योग

सरकार द्वारा समय समय पर लघु उद्योगों की परिभाषा परिवर्तित की जाती रही है । नई लघु औद्योगिक क्रान्ति नीति अगस्त 1991 म लघु उद्योगों की दी गई परिभाषा निम्न प्रकार है

1 अति लघु क्षेत्र के उद्योगो म प्लाट व मशीनरी मे निवेश सीमा 2 लाख रुपए स बढाकर 5 लाख रुपए कर दी है । इस मामले म इस बात का ध्यान नहा रखा जायगा कि वह उद्योग किस जगह लगाया गया है

2 लघु क्षेत्र म प्लाट व मशीनरी म निवेश सीमा 60 लाख रुपए कर दी है।

3 सहायक उद्योगों तथा निर्यातोन्मुखी इकाईयो की प्लाट व मशीनरी म पूजी निवेश सीमा क्रमश 75 75 लाख रुपए तक बढाने की घोषणा की जा चुकी ह ।

एक अन्य उल्लेखनीय विशेषतया यह ह कि लघु उद्योग क्षेत्र की परिभाषा को व्यापक बनाया जायगा और इसम उद्योग स सम्बद्ध सभी सेवाएँ तथा व्यापारिक उद्यमियो को शामिल किया जायगा चाहे व कहा भी स्थापित किए हुए हो उन्ह अब लघु उद्योगो के रूप म मान्यता दी जायगी और उनकी निवेश सीमा अत्यन्त लघु उद्योगो के अनुसार होगी ।

लघु उद्योगो की दृष्टि मे राजस्थान का महत्वपूर्ण स्थान है यहाँ फैक्टरी व गैर फैक्टी क्षेत्र म लघु इकाइयो की संख्या काफी है किन्तु मध्यम पैमाने के उद्योग का अभाव है । कृषि पदार्थो पर आधारित लघु उद्योगो म वनस्पति तेल/घी उद्योग गुड व खाण्डसारी की इकाइया हाथ करघा उद्योग दाल फैक्टिया बेकरी व कन्फैक्शनरी की इकाइया कपास की जिनिंग व प्रेसिंग इकाइया दरी व निवार बनाने की इकाइया आदि आती हैं । पशु आधारित लघु उद्योगो म दुग्ध पदार्थ चमडा खाल हड्डिया ऊनी वस्त्र आत

हाल ही में सरकार के प्रयत्नो स लघु उद्योगो के विकास हेतु अच्छा वातावरण बनने लगा है । ऊर्जा के क्षेत्र मे राज्य सरकार अपने प्रयास द्वारा ऊर्जा सकट को दूर करने के लिए कटिबध्य है।

राजस्थान मे हस्तशिल्प उद्योग

हस्तशिल्प उद्योग को पर्यटन उद्योग के विकास का विकल्प माना जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं । पयटक शिल्पकला की ओर आकृष्ट होने है, और अपने घर के किसी कोने में सजावट के लिए शिल्पी द्वारा निर्मित उत्पादन को खरीदने के लिए उद्यत हो जाते हैं । कारीगर हाथ के औजारो से ऐसी अनोखी वस्तुओ का निर्माण करते है जिन्हे मशीनो द्वारा निर्मित किए जाने की कल्पना तक नहीं की जा सकती है । विदेशी माल की चकाचौंध में देशी प्राचीन कलात्मक वस्तुओ के प्रति, देशी विदेशी पर्यटकों के बढते आकर्षण से हस्तशिल्प उद्योग के प्रोन्नत होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है ।

राजस्थान अतीत से ही हस्तशिल्प उद्योग का प्रमुख केन्द्र रहा है , यहाँ की निर्मित कलात्मक कृतियाँ देश विदेश म विख्यात है । यहाँ हस्तशिल्प उद्योग को अधिकाशत पुश्तैनी धधे के रुप म अपनाया जाता है बढती सरकारी सहायता और विदेशी मुद्रा के आकर्षण से हाल के वर्षो मे नए उद्यमी भी आकर्षित होने लगे है । आज यह उद्योग राजस्थान के लाखो लोगो के जीवन बसर का साधन तथा राज्य सरकार की आय प्राप्ति का मुख्य स्रोत बन चुका है ।

हस्तशिल्प के अद्‌भुद नमूने

राजस्थान के शिल्पकार अपने हस्तकौशल ओर चातुर्य से निर्जीव मे हर रोज प्राण फूकते हैं । यहाँ की अद्‌भुत कला ने राजस्थान को अन्तर्राष्ट्रीय मच पर उभारने मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाइ हे ।

मोलेला (उदयपुर) की मृणकला वाकई हाथा का कमाल और जादुई है । यहाँ के कुम्हारो का मूति कला पर विशष अधिकार है । जयपुर न केवल राजस्थान का वरन् भारत का हस्तशिल्प उद्योग का वडा केन्द्र हे, यहाँ की बँधज की चुनरियाँ ओढनियाँ लहरियां, बगरू व व साँगानरी प्रिन्ट काफी प्रसिद्ध हैं । जयपुर की पाव रजाई को देशी विदेशी पर्यटक बड चाव से खरीदते हे । इनके अलावा जयपुर म मूल्यवान रत्नो व सोने चाँदी आदि बहुमूल्य धातुआ के आभूषण पीतल पर खुदाइ मीनाकारी क बर्तन, लाख से बनी चूडियाँ, सगमरमर की मूतियाँ कारीगरी युक्त मोजडिया व नागरे ब्ल्यू पोटरी मृण कला, लकडी के खिलौने व हाथीदात की वस्तुए आदि राजस्थानी शिल्प क अद्‌भुत नमूने हैं । जयपुर निर्मित राजस्थान के आभूषण व जवाहरात विश्व प्रसिद्ध हैं ।

उदयपुर की मृण कला व जयपुर की बहुआयामी हस्तशिल्प के अलावा प्रतापगढ की काँच पर सोने की नक्काशी (थेवा कला) अलवर का पतली परतदार बतन कागजी,

18 ग्रामोद्योग लिए गए है । जिनके विकास के लिए राजस्थान खादी एव ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता दी जाती है । राज्य के 18 ग्रामोद्योग के नाम निम्न प्रकार है—

1 अनाज दाल प्रशोधन
2 घाणी तेल
3 गुड, खाडसारी
4 ताड गुड
5 कुटीर दियासलाई एव अगरबत्ती
6 अखाद्य तेल व साबुन
7 बास बत
8 हाथ कागज
9 मधुमक्खी पालन
10 कुम्हारी
11 चर्म उद्योग
12 लुहारी सुथारी
13 रेशा
14 कली चूना
15 फल प्रशोधन
16 वन औषधि
17 एल्युमिनियम के घरेलू बर्तन
18 पोली वस्त्र

बोर्ड द्वारा ग्रामोद्योग विकास कार्य अपने हाथ मे लेने के बाद राज्य मे ग्रामोद्योग की सख्या मे निरन्तर वृद्धि हुयी है ।

कुल स्वीकृत ग्रामोद्योग इकाईयाँ

वर्ष	सस्था	समिति	व्यक्तिगत	योग
1979-80	175	1500	10947	12622
1985 86	238	1556	70418	72212
1986-87	240	1556	81863	83659
1987-88	244	1557	91658	93459
1988 89	246	1557	102077	103830
1989-90	260	1561	111238	113059
1990-91	260	1561	117268	119089

स्रोत राजस्थान ग्रामोद्योग प्रवृत्तिया और प्रगति 1991-92

राज्य मे ग्रामोद्योग के अन्तर्गत उत्पादन एव रोजगार से सम्बन्धित प्रगति निम्न प्रकार है—

वर्ष	उत्पादन (लाख रु)	रोजगार (सख्या)
1979-80	1360 27	41804
1985-86	8991 63	195911
1986-87	10442 11	222551
1987-88	11649 02	238433
1988-89	13675 91	267675
1989 90	16158 30	284645
1990-91	18338 33	297654

स्रोत खादी ग्रामोद्योग प्रवृत्तिया और प्रगति 1991 92 पृ स 11

कुल विक्रय 1979 80 मे ग्रामोद्योग की कुल बिक्री 1517 76 लाख रुपए थी जो बढकर 1988 89 मे 17539 09 लाख रुपए हो गई । वर्ष 1979-80 मे कुल हस्तकारी आय 294 68 लाख रुपए से बढकर 1988 89 मे 6174 58 लाख रुपए हो गई ।

ग्रामोद्योगो के सगठन, वित्त व्यवस्था उत्पादन विधि व तकनीक विक्रय और औजारो के वितरण आदि की व्यवस्था में सुधार कर इनका तीव्र गति से विकास किया जा सकता है ।

अध्याय 5

पर्यटन उद्योग के विकास की सम्भावनाएँ

राजस्थान का पयटन उद्योग

पयटन की दृष्टि स राजस्थान का दश में विशिष्ट स्थान है । नयपुर उदयपुर, नोधपुर व नैमल्मर दश क पयटन मानचित्र पर विशेष रुप से उभरे हैं । यहाँ की वास्तु शिल्प कला, सगात रग नबरग त्यौहार एव लोक कलाएँ पूरे विश्व म पयटका का आकषण कन्द्र है । रानस्थान एक ओर जहाँ यौद्धाओ की शोर्य गाथाआ से परिचय कराता हैं वहीं दूसरी ओर शिल्पिया दस्तकारा कविया तथा इतिहासकारो पर भी गव करता है । यहा का प्रत्येक पत्थर, भवन स्ताम्भ व रजकण इसके गौरवपूर्ण अतीत की याद दिलाता है।

पर्यटन स्थल—

रानस्थान अदने अप्रितम प्राकृतिक सौन्दय ऐतिहासिक महत्ता आर स्थापत्य कला के कारण देशी विदेशी पयटकों को अनायास ही आकर्षित करता है । राज्य मन्दिर, मस्जिद, दुग अभयारण्य झीले व मरुस्थल आदि के कारण सुरम्य और मनमाहक पर्यटक केन्द्र के रुप में विकसित हो सका है ।

गुलाबी नगर के नाम से विख्यात जयपुर अपनी भव्यता और सुन्दरता के लिए 'भारत का परिम के नाम से विख्यात है । जयपुर में काँच कारीगरी प्राचीन व भित्ती चित्र के युक्त सिटी पैलेस सवाई जयसिह द्वारा स्थापित वैद्यशाला जन्तर मन्तर बिडला द्वारा स्थापित अन्तरिक्ष ज्ञान का खजाना बिडला प्लेनेटेरियम पाँच मजिला गोल व आगे निकले हुए झरोखे एव खिडकियो से युक्त आधुनिक स्थापत्य कला का नमूना हवामहल रामनिवास बाग प्रागण में अल्बट म्युजियम चिडियाघर व जन्तु शाला जयपुर राजघराने

के वैभव की याद दिलाती स्थापत्य कला का अनुपम उदाहरण गैटोर की छतरियाँ और इतिहास के गवाह जयगट, नाहरगढ व आमेर फोर्ट आदि दर्शनीय स्थल है । गलता लक्ष्मीनारायण मन्दिर, मोती डूगरी के गणेश जी के बिना जयपुर का पयटन अधूरा है । ये हिन्दुओ के तीर्थ व सैलानियों के आकर्षण का प्रमुख केन्द्र है। गलता के प्रमुख कुण्ड गऊ मुख से निकली जलधारा आज भी रहस्यमयी बनी हुई है।

अपूर्व प्राकृतिक छटा और सौन्दर्य की गद में सिमटा उदयपुर जो कि 'सिटा ऑफ लेक्स' के नाम से जाना जाता है अत्यन्त रमणीय स्थल है । पिछौला झील क मध्य स्थित जग मन्दिर व जग निवास अपनी सौन्दर्यता और फव्वारों की अद्‌भूत छटा के लिए प्रसिद्ध है । वृक्षो और पुष्पों से लदे पौधे की अनुपम छटा से युक्त सहलियों की बाडी राजस्थान के प्रसिद्ध उद्यानो में एक है । पिछौला झील के लिए ता यह कहा जाता है जो एक बार इसे देख लता है दुबारा आकर अवश्य दखना चाहना है । पास ही देश की वीरभूमि हल्दी घाटी है जहाँ कि गाथा सुन देशी विदशी पयटक श्रद्धा स नतमस्तक होत हैं । फतहसागर व स्वरप सागर नौका विहार के लिए प्रसिद्ध है । राजसमन्द बाँध कला का उत्कृष्ट नमूना तथा जयसमन्द एशिया की सबस बटी कृत्रिम झील है । नाथ द्वारा और काकरोली बल्लभ सम्प्रदाय के महान तीर्थ है ।

जोधपुर का नाम लेते ही पन्नाधाय के त्याग की याद ताजा हो उठती है जिसने औरगजेब की कट्टरता से अजीत सिंह को बचाने के लिए अपने पुत्र का बलिदान किया। पुरातन एतिहासिकता वाला मेहरान गढ का किला है जो आज की पुस्तकालय, चित्र शाला व शस्त्रागार से सुसज्जित है । रणकपुर क प्रसिद्ध जैन मन्दिर की कला शिल्प तो अद्वितीय हैं, कारीगरी खम्भो युक्त बडे-बडे हाल है जिन्हें देख शैलानी प्रफुल्लित हो जाते हैं । पश्चिम और पूर्व की वास्तुकला का समागम उम्मेद भवन आधुनिक भवन निर्माण कला की अनुपम मशाल है ।

प्रदेश का थार मरुस्थल प्रकृति द्वारा प्रदत्त हिमालय के अप्रितम सौन्दय से कम नहीं है, जो कि रेत के धोरो से पटा हुआ है । मरु मेला पयटको के आकषण का केन्द्र है जहाँ कभी गिनिज बुक में नाम दर्ज करवा चुके प्रसिद्ध नडवादक करणा भील को देखने के लिए लोग लालायित रहते थ । पटवों की हवेली का अपना अलग ही आकर्षण है जिसे देखे बिना पर्यटक मरु को नहीं छोडते ।

राजस्थान का कश्मीर आबू, अरावली पवन का सर्वोच्च गुरु शिखर, विख्यात नक्की झील आदि सिरोही जिले के पर्यटक स्थल है जहाँ प्रदेश की तपती धूप से निजात पाने को लोग आते हैं । यहाँ अत्यन्त कलात्मक मन्दिर देलवाडा है जहाँ का हर पत्थर वास्तुकला के विभिन्न नमूनो से भरा पडा है ।

साम्प्रदायिक एकता का प्रतीक अजमेर न केवल भारत का वरन् दुनियाँ के महत्त्वपूर्ण तीर्थों में एक है । भारत का मक्का ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह जहाँ

देश विदेश के मुस्लिम दर्शनार्थ आते है । अजमेर से थोडी दूरी पर रमणीक वाटी के बीच बसा तीर्थराज पुष्कर है जहाँ कार्तिक पूर्णिमा को झील मे स्नान करने लाखो नर-नारी एकत्रित होते है । पुष्कर श्रद्धा उमग और रगो का एक मनमोहक मेला है जहाँ राजस्थान की सस्कृति की एक सजीव झलक देखने को मिलती है । कुल मिलाकर अजमेर ख्वाजा चिश्ती की दरगाह और पुष्कर राज के कारण पर्यटको के लिए कभी न भूलने वाला अद्भुत अनुभव है । ढाई दिन का झोपडा अन्य आकर्षण का केन्द्र है । जिसके दरवाजे पर कुरान की आयते खुदी हुई है । यहाँ की कारीगरी की कष्ट साध्य यर्थाथता का श्रेय हिन्दू शिल्पकारों को जाता है ।

राजस्थान अपने वन्य जीव पशु अभयारण्य तथा पक्षी विहार के कारण सम्पूर्ण भारत वर्ष में जाना जाता है । रणथम्भौर नेशनल पार्क व सरिस्का टाइगर प्रोजेक्ट गरजते वनराजो के कारण प्रसिद्ध है । प्रदेश मे दडा जयसमद ताल छापर राम सागर, आबू व गजनेर आदि अन्य वन्य जीव अभयारण्य है जहाँ हिरन साँभर जगली सूअर, चीता, भालू, बारहसिहा आदि देखने को मिलते है । भरतपुर का घना पक्षी विहार पक्षियो का अजायबघर है जहाँ साइबेरिया तक के पक्षी शिशिर ऋतु मे अपना प्रवास करते है ।

पर्यटन विकास हेतु राज्य सरकार के प्रयास—

राज्य मे पर्यटन उद्योग को बढावा देने के लिए राज्य सरकार सतत् प्रयत्नशील है । 1955 मे पर्यटन निदेशालय की स्थापना की गई जो पर्यटन स्थलो का विकास, पर्यटन से सम्बन्धित आवास आदि महत्त्वपूर्ण कार्यो को सम्पादित कर रहा है । राजस्थान के परम्परागत गणगौर व तीज के मेले मेवाड समारोह मरु मेला आदि सास्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन राज्य का पर्यटन विभाग प्रातिवर्ष आयोजित करता है इन्हे देखने के लिए न केवल रग बिरगी पोशाको से सजी सवरी राजस्थान की ग्रामीण जनता वरन् पाश्चात्य सस्कृति से जुडे देशी विदेशी युवक युवतियाँ उमड पडते हैं । राज्य मे पर्यटन से सम्बन्धित गतिविधियो को प्रोत्साहित करने व पर्यटको को आवास आदि अन्य सुविधाएँ मुहैया कराने के लिए राजस्थान पर्यटन विकास निगम सचेत है ।

वर्तमान मे आर टी डी सी द्वारा राज्य में बीकानेर सीलीसेड, सरिस्का, भरतपुर, जयपुर, फतेहपुर, धौलपुर, पुष्कर, अजमेर, सवाईमाधोपुर कोटा, झालावाड, रिषभदेव, जयसमन्द, चित्तोडगढ, नाथद्वारा, उदयपुर, जैसलमेर मे होटल तथा रतनगढ, बहरोड, महुवा, रतनपुर, देवगढ बर, पोकरन में मिडवे का सचालन किया जा रहा हैं ।[1]

राजस्थान पर्यटन विभाग ने पर्यटका की आवास समस्या के समाधान के लिए पेइग गेस्ट व हेरिटेज होटल नामक महत्त्वपूर्ण योजना शुरु की है । हेरिटेज होटल में पुराने

---

1 अतिथि सितम्बर, 1991

गढो, किलो व हवेलियो की वास्तुशिल्प मे परिवतन किए बिना उनमे होटल प्रारम्भ किए जाएँगे ।

हाल ही राज्य सरकार ने पयटन विकास की अनेक योजनाएँ बनाइ हैं । जोधपुर, जैसलमेर, बीकानेर के मरु त्रिकोण का पयटन का दृष्टि से विकसित किया जाएगा । इसके लिए ख्याति प्राप्त विशेष मेसर्स परग्यूशन एण्ड कम्पनी नइ दिल्ली से 274 58 करोड रुपए की प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाई गइ ह । इसके साथ ही 0 68 करोड रुपए की मेवाड कम्प्लेक्स के नाम से एक योजना भारत सरकार को भेजी गइ है । हाडौती व शेखावटी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए देश के ख्याति प्राप्त विशषज्ञ की राय लेने के प्रयास किए जा रहे है । जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर म पयटक स्वागत कन्द्र स्थापित करन की स्वीकृति दी जा चुकी है । इन केन्द्रो पर पर्यटको को सूचना के अतिरिक्त विभिन्न प्रकार की सुविधाएँ जैसे आरक्षण, बैंकिंग, आपातकालीन आवास आदि सुविधाएँ दा जाएगी । कोटा माउंटआबू, उदयपुर मे भी ऐसे ही केन्द्र बनने का विचार है । राजस्थान म तीन रोपवे बनाने का प्रस्ताव है । फिलहाल राज्य म एक भी रोपवे नही ह । जयपुर म प्रस्तावित रोपवे का निर्माण काय शीघ्र ही शुरु होने की सम्भावना है । वर्ष 1989 मे सरकार द्वारा गठित एक समिति ने राज्य मे रोपवे लगाने के लिए तीन स्थानो का चुनाव किया था । यह स्थान थे—जयपुर, से नाहरगढ किला, माऊण्ट आबू से गुरू शिखर, उदयपुर मे मोती मगरी अथवा सुजानगढ । कुछ समय पहले पुराने गोविंद देव जी के मन्दिर तथा नाहरगढ किले को जोडने वाले 15 किलोमीटर लम्बे रोपवे बनाने के लिए एक निजी फर्म उबा ब्रेको को प्रस्ताव पयटन विभाग द्वारा स्वीकृत कर लिया गया था, लेकिन इस रोपवे पर काम मे वन विभाग द्वारा स्वीकृति न मिलने के कारण कोई प्रगति नहीं हुई । अन्य प्रस्तावित रोपवे माउट आबू व उदयपुर मे कोई प्रगति नहीं हुई ।[2]

प्रदेश में पर्यटकों की बढती सख्या—

राजस्थान सरकार के सतत् प्रयत्नो की सुखद परिणिति है कि आज राज्य मे देशी व विदेशी पर्यटको की सख्या मे उत्तरोत्तर वृद्धि हो रही है । भारत आने वाले पयटक राजस्थान की ओर खिचे चले आ रहे हैं । एक अनुमान के अनुसार भारत मे आने वाला हर तीसरा पर्यटक राजस्थान अवश्य आता है ।

2 नवभारत टाइम्स, 24 मार्च, 1992

राजस्थान मे पर्यटको की सख्या

वर्ष	देशी पर्यटक	विदेशी पर्यटक
1971	8,80,694	42,500
1980	24,50,282	2,08,216
1985	31 12,000	3 20,000
1987	34,24 324	3,48,260
1988	34,95,198	3,66,435
1989	38,33,008	4,19,651
1990	37,35,174	4,70,641
1992	52,63,121	5,47,802
1993	54 54,321	5,40,738

स्रोत योजना 30 नव 1991 पृ स 24 स्टेटिस्टिकल एब्सट्रेक्ट राजस्थान 1993

पिछले दो दशको मे राजस्थान मे देशी व विदेशी पर्यटको की सख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । इस दौरान देशी पर्यटको की सख्या मे चार गुना तथा विदेशी पर्यटको की सख्या मे लगभग दस गुना वृद्धि हुई है । देशी पर्यटको की सख्या 1971 मे 8 80 694 से बढकर 1990 म 37,35,174 हो गई । विदेशी पर्यटको की सख्या 1971 मे 42 500 थी जो बढकर 1990 मे 4 70,641 तक जा पहुँची ।

पर्यटन विकास में बाधाएँ—

राजस्थान मे पर्यटको के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाओ का नितान्त अभाव है । प्रान्त मे न केवल होटलो का अभाव है वरन् इनमे प्रदान की जाने वाली सेवाएँ भी राष्ट्र ओर विश्वस्तरीय नहीं है । अपेक्षाकृत अधिक महगी भी है । कई होटलो मे पर्यटकों, विशेष रुप से विदेशी पर्यटको को दी जाने वाली सुविधाएँ सन्तोषजनक या निर्धारित मानदण्डो से निम्न होने के कारण प्रदेश की छवि को आघात पहुँचता है । प्रदेश में कुशल व प्रशिक्षित गाइडो का अभाव ह । अधिकाश विदेशी पर्यटक ट्रेवल एजेन्सी से भ्रमण करत हैं । ये ट्रेवल एजन्सियाँ विदशी पर्यटको का शोषण करने से नहीं चूकती । इन सबके अलावा राज्य म सडको का जगह जगह से टूटा होना सचार, अस्वच्छ पानी, टेलेक्स व्यवस्था का व्यापक नहीं होना आदि कारणो से पयटक राजस्थान आने से कतराता है।

पयटको के अलावा राजस्थान के पर्यटक स्थल भी समस्याओ से अछूते नहीं है । अधिकाश पर्यटक स्थल जीर्ण क्षीर्ण अवस्था मे है, उचित देख रेख के अभाव में न्हास की ओर बढ रहे है । जयपुर के अलबर्ट हाल में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण चोरी की वारदात हो चुकी है । वर्तमान मे राज्य सरकार के अधीन 18 सग्रहालय 2 कला दीर्घाएँ तथा 222 स्मारक एव 44 पुरास्थल हैं । मात्र तीन सग्रहालयों में सशस्त्र सुरक्षा प्रहरी हैं । सरकार के सीमित वित्तीय साधनो के कारण अभी तक 80 स्मारकों एव स्थलो पर ही चौकीदारी की व्यवस्था हो पाई है ।[3]

3 नवभारत टाइम्स 3 मार्च 1992

सुझाव—

राजस्थान म पुरातात्त्विक सग्रहालयो म बेशकीमती सामान है इनकी सुरक्षा के लिए सरकार को सजग रहने की आवश्यकता है । राज्य मे जितने भी पर्यटक स्थल है जीर्ण क्षीण अवस्था मे पहुँच चुके है, सरकार को उनकी वास्तुकला को परिवर्तित किए बगैर मरम्मत का काम अविलम्ब हाथ मे लना चाहिए । जब पर्यटन स्थल ही सुरक्षित नहीं रहगे तो पर्यटक कैसे आ सकेगे । विश्व मे राजस्थान पर्यटन की दृष्टि से जितना आकषक है भारत मे उसके मुकाबले अन्य राज्य नहीं । हमे इस स्थिति को ध्यान मे रखकर सर्वप्रथम राज्य मे पर्यटन विकास मे आने वाली बाधाआ को दूर करना होगा तथा दूसरी ओर पर्यटको के लिए सुविधाएँ एव ससाधन जुटाने के लिए निजी क्षेत्र का सहयोग लेकर योजनाबद्ध ढग से आगे बढना होगा । राजस्थान के गढ कोट किल महल एव हवेलियाँ तथा मदिर जिस प्रकार पर्यटको को आकर्षित कर रह है उसका पूरा अध्ययन और सर्वेक्षण कराने की जरूरत है । राजस्थान की पर्यटन सम्भावनाओं के दोहन के लिए बाह्य एव आन्तरिक स्तर पर कारगर विपणन शैली तैयार करने की जरुरत है ताकि पर्यटको को उनकी रुचि के अनुरूप आकर्षित किया जा सके । राज्य सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग का दर्जा प्रदान कर दिया गया है जिसके फलस्वरूप होटल निमाण मे 51 प्रतिशत विदेशी सहायता प्राप्त की जा सकती है ।

राजस्थान के सभी जिलो के पर्यटक स्थलो को सूचीबद्ध कर, सम्बन्धित साहित्य का विभिन्न पत्र पत्रिकाओ मे प्रकाशन कर राज्य मे पर्यटको की सख्या मे अपरिमित वृद्धि की जा सकती है । राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा प्रकाशित 'अतिथि' इस हेतु एक सराहनीय प्रयास है, किन्तु तिमाही इस पत्रिका के मात्र चार पन्ने अधिक पर्यटको को आकर्षित नहीं कर पाएँगे । अतिथि मे प्रकाशित सामग्री में वृद्धि करके इसकी प्रासगिकता को बढाया जा सकता है ।

सम्भावनाएँ—

वित्तीय ससाधनो से त्रस्त राजस्थान के लिए पर्यटन उद्योग वरदान सिद्ध हो सकता है । राजस्थान विविधताओ, जिज्ञासाओ और विचित्रताओ से भरा हुआ प्रदेश है । आज विश्व मे प्रदेश की अद्भुत कठपुतली कला, लोक सगीतज्ञ, भोजा, लगा, मागणियार मशहूर है । जयपुर के रहीमुद्दीन खाँ डागर और जियामोहीनुद्दीन डागर उदयपुर से ध्रुपद गायन को भारत और पूरे विश्व मे ले गए ।

आज पर्यटन उद्योग विदेशी मुद्रा प्राप्ति का महत्त्वपूर्ण साधन बन चुका है । यह एक ऐसा उद्योग है जिसमे बहुत कम पूँजी विनियोग से अधिक आय अर्जित की जा सकती है । पर्यटन उद्योग से न केवल सरकार को आय प्राप्त होती है वरन् आस-पास के क्षेत्रों

का विकास ओर रोजगार के अवसरो मे वृद्धि होती है।

राजस्थान मे कला और सस्कृति तथा पर्यटन को उद्योग के रुप मे बहुत कम फलीभूत कर पाए हैं, जबकि खनिज कृषि व पशुपालन के साथ ससाधनो की प्राप्ति का यह एक बडा स्रोत हो सकता है । प्रान्त खूबसूरत मन्दिरो वाले गाँव, शिल्प समृद्ध मन्दिर, *अद्‌भुत, अनुपम, बेजोड स्थापत्य कलाओ से लथपथ है जिन्हे देखने के लिए* दुनियाँ के लोग लालायित रहते हैं । बस आवश्यकता है तो इस बात की, कि लोगो को यह कैसे मालूम चले, कि यह प्रान्त इस दृष्टि से कितना धनी हे । बोरुग्या (जोधपुर) की रुपायन सस्थान इस ओर प्रयासरत है । हाल ही पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केन्द्र की ओर से 25 लाख रुपए से भी अधिक लागत से उदयपुर शहर के करीब आठ किलोमीटर पश्चिम मे पहाडियो के बीच 'शिल्प ग्राम' का निर्माण एक प्रशसनीय प्रयास हे । वह दिन दूर नहीं, जब राजस्थान की कला-वैभव सस्कृति सुर्खियो मे आने लगेगी ।

पर्यटन को उद्योग के रुप मे स्वीकार कर लिए जाने से पर्यटन को निश्चित रुप से बढावा मिलेगा । पर्यटन के विकास के लिए न केवल वर्तमान पर्यटन स्थलो का विकास करना होगा बल्कि नए पर्यटन स्थल भी विकसित करने होगे । भविष्य मे पर्यटन को बढावा देकर राजस्थान मे पर्यटको की सख्या को देखते हुए अधिक विदेशी मुद्रा अर्जित की जा सकती है ।

सवाईमाधोपुर में पर्यटन : विकास और सभावनाए

राजस्थान के दक्षिण पूर्वी भाग मे अरावली और विन्ध्याचल पर्वत शृखलाओ का सगम स्थल सवाई माधोपुर प्राकृतिक और नैसर्गिक दृष्टि से राजस्थान मे ही नहीं अपितु समूचे भारत वर्ष में विशिष्ट स्थान रखता है । राजस्थान राज्य की बडी नदिया चम्बल बनास मोरेल सवाई माधोपुर जिले म होकर बहती है । इनमे चम्बल तो सतत् प्रवाही है । कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का एक चौथाई से अधिक भाग वनो से आच्छादित होने के कारण जिला सदियो से वन्य जीवो की विचरण स्थली रहा है । अतीत मे जयपुर के राजा का आखेट वन इतिहास को धरोहर रणथम्भौर आज 'रणथम्भौर नेशनल पार्क' के नाम से विश्वविख्यात है । यद्यपि हाल ही के वर्षों मे पार्क मे बाघो की सख्या अवश्य कम हुई है फिर भी ये वन के सूनेपन को तोड जीवतता का आभास देते हैं । रणथम्भौर के गरजते 'वनराज' अनायास ही विदेशी पर्यटको को आकर्षित करते हैं ।

सवाईमाधोपुर मे राज्य सरकार का पर्यटन विभाग है जो पर्यटको को आकर्षित करने के लिए प्रयासरत है । राजस्थान पर्यटन विकास निगम जिले मे एतिहासिक स्थलो और पुरातात्विक स्मारको को पर्यटको के आकर्षण का केन्द्र बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहा है । कला और सस्कृति को बढावा देने के लिए मेलो का आयोजन किया जाता है । जिसके फलस्वरुप सवाईमाधोपुर मे पर्यटको की सख्या मे वृद्धि हुई है । वर्ष 1984-

85 से 1993 94 के बीच पर्यटको की सख्या मे उल्लेखनीय बढोतरी हुई है ।

सवाईमाधोपुर म पर्यटक

वर्ष	स्वदेशी	विदेशी	योग
1984 85	27702	284	27986
1985 86	26455	515	26970
1986 87	31282	783	32065
1987 88	17248	814	18062
1988 89	23230	2711	25941
1992 93	65039	14284	79323
1993 94	65721	10623	76344

स्रोत 1 जिला योजना सवाई माधोपुर 1990
2 बेसिक स्टेटिस्टिक्स राजस्थान 1994

सवाई माधोपुर मे स्वदेशी पयटको की सख्या वप 1984 85 मे 27702 थी जो बढकर 1993 94 मे 65721 हो गई । वर्ष 1987 88 मे स्वदेशी पर्यटको की सख्या अवश्य कम रही । इस वर्ष केवल 17248 स्वदेशी पर्यटक आ पाये ।

जिले म विदेशी पर्यटका की सख्या मे निरन्तर वृद्धि हो रही है । वर्ष 1984 85 मे विदेशी पयटको की सख्या 284 भी जो बढकर 1988 89 मे 2711 तथा 1992 93मे ओर बढकर 14284 हो गई । यद्यपि विदेशी पर्यटको की सख्या मे वृद्धि हुई है फिर भी कुल पयटको मे विदेशी पर्यटको की सख्या अधिक नहीं है । वर्ष 1993 94 मे 10623 विदेशी पयटक सवाईमाधोपुर आये जो जिले मे आने वाले कुल पर्यटको का केवल 14 प्रतिशत ही था ।

राजस्थान मे वर्ष 1989 म 419651 विदेशा पर्यटक आये । सवाई माधोपुर आने वाले विदेशी पर्यटको की सख्या मात्र 3607 थी । जबकि उदयपुर मे 67529 जैसलमेर मे 33391 रणकपुर मे 44087 जयपर मे 155361 पयटक आये ।

राजस्थान मे वर्ष 1993 में विदेशी पर्यटको की सख्या 540738 थी । सवाई माधोपुर मे विदेशी पयटको की सख्या 10623 ही रहा जो कि राज्य के विदेशी पयटको का केवल 1 ०6 प्रतिशत ही था । सर्वाधिक विदेशा पर्यटक जयपुर आये । जयपुर मे विदेशी पयटको की सख्या 146555 थी जो कि राज्य के विदेशी पर्यटका का 27 प्रतिशत था । जयपुर के बाद राज्य मे सर्वाधिक पयटक उदयपुर जोधपुर भरतपुर जैसलमेर मे आये । ये आकडे इस बात की पृष्टि करते है कि सवाई माधोपुर जिला पर्यटन के क्षेत्र मे अपेक्षाकृत पिछडा हुआ है । यद्यपि यहा विकास की विपुल सभावनाएँ है ।

जिल क पर्यटन क क्षेत्र मे पिछडने का प्रमुख कारण पयटन विकास सबधी

आधारभूत सरचना का अभाव है । झूमर बावरी टुरिस्ट बगले के अलावा जिले मे स्तरीय होटल नहीं है । वर्ष 1987 मे सावजनिक क्षेत्र के तीन तथा निजी क्षेत्र के 6 होटल थे। इसके अलावा जिले मे पयटक साहित्य का नितात अभाव है । रणथम्भोर नेशनल पार्क मे आधुनिक तकनाक से सुसज्जित वाहन उपलब्ध नहीं है । कुछ निजी वाहन चालको को पर्यटन विभाग ने अनुमति दे रखी है । ये पयटको का शोषण करने से नहीं चुकते है । पर्यटन विभाग के पास जो गाइड हैं वे पर्यटन साहित्य मे नोसाखिए हैं । ये अल्पज्ञान के•कारण पयटन की सही तस्वीर पर्यटको के समक्ष प्रस्तुत नहीं कर पाते है नतीजतन पर्यटक महज रणथम्भौर नेशनल पार्क का भ्रमण कर लोट जाते है । पर्यटन की दृष्टि से समृद्ध अनेक क्षेत्र यथा रणथम्भौर दुर्ग तिमनगढ करोली आदि पर्यटको के लिए आज तक भी प्यासे है ।

स्वातन्त्र्योत्तर वन्यजीव सरक्षण ओर पर्यटन उद्योग को बढावा देने के लिए रणथम्भोर वन क्षेत्र को 1955 मे वन्य जीव अभयारण्य घोषित किया । वर्ष 1973 मे भारत सरकार ने राष्टीयस्तर पर बाघ परियोजना प्रारभ की गई तथा इसमे रणथम्भौर वन्य जीव अभयारण्य का चयन किया गया । बाघ परियोजना के अन्तर्गत रणथम्भौर अभयारण्य मे वन्य जीव सरक्षण एव विकास का नया इतिहास प्रारभ हुआ । वन्य जीव सरक्षण मे हुए विकास की अभूतपूर्व प्रगति को दृष्टिगत रखते हुए इस क्षत्र को वर्ष 1980 मे राष्टीय उद्यान घोपित किया गया । राष्टीय उद्यान मे शुष्क पतझड किस्म के वन बहुतायत मे है । वनक्षेत्र धोक वृक्ष से आच्छादित है । वन्य जीवो मे बाघ बघेरा रीछ चीतल साभर चिकारा नील गाय मगर यहा के प्रमुख आकषण हे ।

रणथम्भौर राष्टाय उद्यान म वन्य जीव

वन्य जीव	सन् 1974	सन् 1988
बाघ	14	43
बघेरा	15	42
भालू	35	62
चीतल	1000	3130
साभर	1100	2222
नील गाय	600	632
चिकारा	100	203
जगना सूअर	300	418

स्रोत जिला योजना सवाइमाधोपुर 1990

रणथम्भौर राष्टाय उद्यान म वप 1974 मे 14 बाघ थे । वप 1988 म बाघा की सख्या वढकर 43 हा गई । कितु वप 1993 मे बाघा की सख्या घटकर 28 ही रह

गई । रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान मे बाघो की घटती सख्या वन्य जीव प्रेमियो के लिए बेहद चिंता का विषय है । रणथम्भोर कैला देवी और सरिस्का अभयारण्यो म बाघा का गिनती एक से 15 मई 1993 तक की गई थी । रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र मे 1993 मे 28 बाघ गिने गए । केलादेवी वन्य उद्यान मे 1993 मे 11 बाघा की पुष्टि हुई । रणथम्भार मे बाघो की गणना के लिए नई पद्धति अपनाई गई ओर विशेषज्ञो की सेवाए की गइ ।

रणथम्भोर राष्टाय उद्यान की वर्ष 1984 से 1988 के बीच हुई प्रगति को छायाकित करते हुए अनेक फिल्मे बनी जिनम नेशनल ज्योग्राफिक सोसाइटी की फिल्म बेहद लोकप्रिय हुई ओर विश्व का ध्यान इस अमूल्य धरोहर की ओर आकर्षित हुआ। उद्यान मे आने वाले पर्यटको की सख्या मे भारी वृद्धि हुई ह । जहा वर्ष 1985 तक लगभग 5000 पर्यटक आया करते थे वहीं 1987 88 म 15000 पयटका ने राष्टीय उद्यान का भ्रमण किया । वर्ष 1988 89 मे यह सख्या 18000 थी तथा वर्तमान मे यह सख्या 25000 से अधिक होने की सभावना हे ।

राजस्थान की वीर प्रसूता भूमि की छोटी से छोटी रियासत भी शोय स्थली रहा है । सवाई माधोपुर को शौर्य भूमि रणथम्भौर दुर्ग के अतीत मे अनेक गौरवपूर्ण गाथाए समाई हुयी है । इस बात को याद यहा की प्राचारे हू ब हू दिलाती है । रणथम्भोर दुर्ग गुलाबीनगर जयपुर स दक्षिण पूर्व की दिशा मे स्थित हे । यह दुर्ग पथरीले पठार पर समुद्र तल से 1578 फुट का ऊचाई पर स्थित है । दुग चारा ओर प्राकृतिक सान्दय से ओत प्रोत तथा घने जगलो वाली पहाडियो से आच्छादित है । सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन से उत्तर पूर्व मे लगभग पाच किलोमीटर की यात्रा के बाद यहा पहुचा जा सकता है । दिल्ला सलतनत के लिए सैनिक ओर सामयिक दृष्टि से इस दुर्ग का अत्याधिक महत्त्व था । दुर्ग के निमाण के बारे मे प्रचलित किवदन्ति है कि इसे कुतुबद्दीन ऐबक क समय मे पृथ्वीराज तृतीय के पुत्र गोविद राज ने रणथम्भोर के छाटे से राज्य की नींव रखी तभी से यह भारताय इतिहास के नक्शे पर उभर कर आया ।

रणथम्भोर की प्राचीन हम्मीर के दृढनिश्चय शरणागत रक्षा स्वाभिमान तथा मुहम्मदशाह की स्वामिभक्ति की याद दिलाती ह । किंतु सेनापति रतिपाल रणमल व सुरजन की गद्दारी को लोग आज भी नहा भुला पाए हे ।

पुरातत्व एव सर्वेक्षण विभाग दुर्ग के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए प्रयासरत है । यहा के कलात्मक प्रस्तर खण्डो मूतियो अपने स्थान से उखडे शिलालेखा का एकत्र कर सुरक्षित रखने का प्रयास किया गया हे । हम्मीर कचहरी छोटी कचरी अन्नपूणा मदिर की मरम्मत हुई हे । हम्मीर महल मे सग्रहलाय बनाकर महल को उसका प्राचीन रुप देने का कार्य किया गया है ।

तिमनगढ़ :

राजस्थान के विद्यमान किलो मे से यह सबसे प्राचीन किला है । यह किला राजप्रासादो, देवालयो, नागरिक आवासो, पक्क रास्तो, गलियो, बाजारो, जल व्यवस्था के भग्नावशषो के लिहाज से पूर्व मध्यकालीन युग का एक महत्त्वपूर्ण केन्द्र था । इसे दसवीं ग्यारवीं शताब्दी म राजा नमनपाल ने बनवाया था । तिमनगढ किला अपने हृदय में उस जमाने की न जाने कितनी गोरव गाथाएँ आर साम्कृतिक विरासत समेटे हुए है । किंतु सरकार द्वारा सरंक्षित पुरातात्विक महत्त्व के स्थानो मे तिमनगढ का नाम नहीं है । दुर्ग म जगह-जगह प्रस्तर खण्ड, शिलाए और टूटी मूर्तिया बिखरी पडी है । गजय संरक्षण के अभाव मे इतिहास की यह प्राचीन धरोहर आसू बहा रही है । सरकार मानस बनाए तो सवाई माधोपुर म सग्रहालय वनाया जा सकता हे जिसमे तिमनगढ के अवशेषो को सुरक्षित रखा जा सकता है । सवाईमाधोपुर के इतिहास क अवशेष पर्यटको को आकर्षित करने की क्षमता रखने हे ।

सवाइ माधोपुर में अनेक ऐसे सुरम्य रमणीय व एतिहासिक स्थल है जिन्हें पर्यटका के आकषण का केन्द्र बनाया जा सकता है । गढमोरा, जिले की नादौती तहसील मे एक गाव हे जा राजा मोरध्वज की राजधानी रहा । मोरध्वज श्री कृष्ण भगवान का प्रसिद्ध उपासक था । गढमोरा चोहान राजाओ का स्थल भी रहा । यह क्षेत्र का देवार्पित स्थल है । यहा गुफा और भग्नावेश स्थल है । यहा एक मठ भी है जिसे मूलतः दादू सत ने स्थापित किया ।

'छान' खण्डार तहसील का एक छोटा सा किंतु महत्त्वपूर्ण गाव है । इसका महत्त्व एक पुरानी भग्नावेश मस्जिद के कारण हे । कहा जाता है इसे अलाउद्दीन खिलजी ने रणथम्भोर पर आक्रमण के समय वनवाया था ।

वर्णित विवरण इस बात का स्पष्ट परिचायक हे कि राजस्थान राज्य का सवाई माधोपुर जिला एतिहासिक ओर प्राकृतिक दृष्टि से वहुत ही महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। पर्यटन स्थला क अलावा तीर्थाटन की दृष्टि से भी यह जिला सुदृढ हे । यहा अनेक प्रसिद्ध मदिर हे जिनम त्रिनेत्र गणेश, मदनमोहन जी, श्री महावीर जी, माँ केला देवी, रामेश्वरम, मेंहदीपुर क वालाजी, गोरा आर काला, चौथ माता तथा गडवाडा का प्राचीनतम श्री रघुनाथ मदिर आदि प्रमुख हे । जिले मे भरने वाले वडे मेलो मे लाखो की तादाद मे श्रद्धालु आते है । धामिक आस्था के कारण तीर्थाटन के क्षेत्र मे तो सवाइमाधोपुर देशभर में उभर कर सामने आया किंतु पयटन के क्षेत्र मे स्थिति सतोषजनक नहीं कही जा सकती है । इस वात की पुष्टि सवाई माधोपुर मे आने वाल थाडे से पयटका से सहज हो हो जाती हे । इसके लिए भी रणथम्भोर के वाघो को धन्यवाद, जिनके कारण अन्तरराष्ट्रीय छवि बनी हुई है ।

पर्यटन के क्षेत्र मे सवाईमाधोपुर के पिछडने के लिए एक वडी सीमा तक सरकार

द्वारा की गई उपेक्षा को उत्तरदायी माना जा सकता है । जिले मे पर्यटन के विकास के लिए कारगर योजना निर्धारित नहीं की गई नवीनतम वन्यजीव सरक्षण प्रभावित हुआ और पर्यटको की सख्या भी काफी कम रही है । किंतु अब सरकार की भूमिका मे बदलाव आया है । राज्य सरकार जिले मे पर्यटन को बढावा देने के लिए प्रयत्नशील है । सवाई माधोपुर मे अब शाही रेलगाडी रुकने लगी है । अब यह जिला भी पर्यटन के क्षेत्र मे विकसित जिलो की भाति कदमताल करने की स्थिति मे लेगा । इसके लिए आवश्यक है कि वन विभाग, पुरातत्त्वविभाग ओर पर्यटन विभाग मिलकर ऐसे प्रयास करे जिससे न केवल वर्तमान पर्यटन स्थलो का विकास हो अपितु नवीन पर्यटन स्थल भी पर्यटको के आकर्षण का केन्द्र बने । पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए स्थानीय हस्तशिल्प को बढावा देने की महती आवश्यकता है ओर सबसे अधिक जरूरत सवाईमाधोपुर के पर्यटन साहित्य को विकसित करने की है जिसका फिलहाल अभाव बना हुआ है ।

अध्याय 6

राजस्थान के औद्योगिक विकास की झलक तथा भारत में इसकी स्थिति

हाल ही क वर्षो म प्रारभ किय गए आर्थिक उदाराकरण के दौर में उद्यागो का विकास अर्थव्यवस्था क अन्य क्षेत्रो की तुलना म महत्त्वपूण होकर उभरा है । समूचे दश म विश्व के बदलते आथिक परिदृश्य के साथ कदमताल करने के लिए तथा इस हेतु नवीन औद्योगिक वातावरण निमित करने वास्ते प्रभावात्पादक प्रयास किये जा रहे हैं। आज के आर्थिक युग म औद्यागिक विकास एक अनिवायता है । इसक बिना देशवासियों को जीवन जाने के प्रचुर साधन उपलब्ध कराने की कल्पना तक नहीं की जा सकती है।

भारत की विकासशाल अथव्यवस्था का राजस्थान एक पिछडा हुआ राज्य है। यहा गरीबी की समस्या सदेव मुहबाए खडी है । वरोजगारी "सुरसा के मुह" की भाति बढती ही चली जा रही हे । विभिन्न आथिक सूचका यथा शुद्ध घरेलू उत्पाद प्रति व्यक्ति आय, अद्य सरचना याजना उद्व्यय आदि म राजस्थान की स्थिति अन्य राज्यो की तुलना म दयनाय है । लगभग यही दशा राजस्थान राज्य की अर्थव्यवस्था म सवाइ माधापुर जिले की है । इस विपम आर्थिक स्थिति से ताव्र औद्योगिक विकास द्वारा निजात पाया जा सकता है । वतमान म यह प्रमाणित हा चुका हे कि तीव्र औद्यागिक विकास के बिना गरीबी निवारण सभव नहीं है । औद्योगिक विकास से गरीबी का दुष्चक्र थमता है । रोजगार क अवसरा म वढोतरा से चहुआर खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होता है ।

1 राजस्थान विकासान्मुखी भारतीय अर्थव्यवस्था का एक पिछडा हुआ राज्य है । यहा की भौतिक व प्राकृतिक परिस्थितिया अन्य राज्या की तुलना मे काफी विकट है किंतु खनिजा की दृष्टि से राजस्थान समृद्ध है । विहार के वाद राजस्थान का ही नाम आता है । हाल ही के वर्षों म राज्य कृपि सपदा की दृष्टि से भी समृद्ध हा चला है । लेकिन राज्य वित्तीय ससाधना क अभाव क कारण समृद्ध प्राकृतिक सपदा का भरपूर लाभ

नहीं उठा पाया है । केन्द्र सरकार का रुख भी राज्य के औद्योगिक विकास हेतु अनुकूल नहीं रहा । केन्द्रीय विनियोगो का अत्यल्प भाग ही राजस्थान मे विनियोजित किया गया नतीजन राज्य मे औद्योगिक विकास की गति तेज नहीं हो पाई । फिर भी वर्तमान मे राजस्थान मे सूती व सिथेटिक रेशे की इकाइया, ऊनी चीनी, सीमेंट, नमक, काच टेलीविजन टायर-ट्यूब, वनस्पति तेल की मीले, इजीनियरी की औद्योगिक इकाइया कायरत हैं ।

2 राजस्थान मे राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम भी हे, किंतु इन उपक्रमो ने वित्तीय कार्यसिद्धि के क्षेत्र मे निराश ही किया है । अनेक उपक्रम जैसे राजस्थान सडक परिवहन निगम, राजस्थान सचार लिमिटेड, राजस्थान लघु उद्योग निगम आदि भयकर घाटे की समस्या से ग्रसित है । राज्य सरकार इन उपक्रमो के घाटे को पाटन म सफल नहीं हो पाई है । गोरतलब हे कि केन्द्र सरकार के उपक्रम राज्य मे अच्छा लाभ अजित कर रहे हैं । इसके बावजूद भी केन्द्र सरकार द्वारा राज्य मे विनियाग नही बढाया जा रहा है । यह राज्य के साथ सौतेलेपन का द्योतक है ।

3 भारतीय कारखाना अधिनियम 1948 के अन्तर्गत वष 1993 म पजीकृत निर्माणियो की सख्या राज्य म 12580 थी जिनम 2 95 लाख व्यक्तिया को राजगार मिला हुआ था । कुछ चयनित मदो का ओद्योगिक उत्पादन राज्य म इस प्रकार है -

मदे	इकाई	उत्पादन	
		1992	1993 (प्रावधानिक)
सीमेंट	हजार टन	4827 64	4749 19
शक्कर	टन	38508 70	26261 70
सूती कपडा	लाख मीटर	378 35	379 56
नमक	लाख टन	11 81	12 96
वनस्पति घी	टन	34236 98	33841 31

स्रोत *आय व्ययक अध्ययन, 1994-95*

4 राज्य मे लघु उद्योग इकाइयो की बहुल्यता हे । दिसम्बर 1993 तक राज्य मे 166184 लघु उद्योग इकाइया पजाकृत हुइ एव 1266 64 कराड रुपए का विनियोजन हुआ व इन इकाइयो में 6 30 लाख व्यक्तियो को रोजगार दिया गया । हस्तशिल्प उद्योग की दृष्टि से राजस्थान की स्थिति महत्त्वपूर्ण है । यहा हस्तशिल्प के अद्भुत नमूने हैं जिनकी देश-विदेश मे व्यापक माग हे । खादी एव ग्रामोद्योग भी राजस्थान का परम्परागत उद्योग हे । वर्ष 1992 93 के दौरान ऊनी एव सूती खादी का अनुमानित मूल्य क्रमश. 2143 87 लाख रुपए तथा 847 96 लाख रुपए था । खादी उद्योग मे लगभग 1 59 लाख व्यक्तियो को रोजगार प्राप्त है । वर्ष 1993 94 के दोरान (दिसम्बर 1993 तक) ग्रामीण

	हिमाचल प्रदेश	1583 28
	हरियाणा	1057 25
	महाराष्ट्र	.810 41
	तमिलनाडू	898 88
5 6	अष्टम योजना का उद्व्यय	करोड - रूपए
	राजस्थान	11500
	अखिल भारत	186235
	उत्तरप्रदेश	21000
	महाराष्ट्र	18520
	बिहार	13000
	कर्नाटक	12300
5 7	प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग	किलोवाट
	राजस्थान	231
	अखिल भारत	268
	महाराष्ट्र	434
	गुजरात	504
	तमिलनाडू	355
5 8	प्रति हजार वर्ग किलोमीटर पर रेल मार्ग की लबाई.	किलोमीटर
	राजस्थान	17 02
	अखिल भारत	19 00
	महाराष्ट्र	17 68
	गुजरात	26 94
	तमिलनाडू	30 83

उपर्युक्त वर्णन इस बात का स्पष्ट द्योतक है कि भारत के औद्योगिक विकास मे राजस्थान की स्थिति अन्य राज्यो (जैसे महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडू, हरियाणा आदि) की तुलना मे कमजोर है ।

औद्योगिक विकास की भावी संभावनाएँ

गजस्थान के प्राकृतिक ससाधनो की दृष्टि से सम्पन्न होने के कारण यहा भावी औद्योगिक विकास की काफी सभावनाएँ है । जयपुर के बडी रेल्वे लाइन से जुडने के कारण राज्य म औद्योगिक विकास की सभावनाएँ सजीव हो उठी है । *निम्नलिखित विवरण* राज्य के ओद्योगिक विकास की भावी सम्भावनाओ को प्रकट करता है

1 खनिजो का अजायबघर राजस्थान खनिज सम्पदा की दृष्टि से समृद्ध प्रान्त है । यहा 45 प्रकार के खनिज पाए जाते हैं । कुछ खनिजो का उत्पादन तो केवल राजस्थान मे ही होता है । राजस्थान कई खनिजो के उत्पादन मे देश मे अग्रणी है । राजस्थान मे धात्विक खनिजा मे ताँबा, सीसा जस्ता, लोटा, मैंगनीज चादी, टगस्टन, आणविक खनिज तथा अधात्विक खनिजो मे अभ्रक जिप्सम राक फास्फेट, लाइम स्टोन (चूना पत्थर) सोप स्टोन, सगमरमर व ग्रेनाइट एस्बेस्टस पाइराइटस बेन्टोनाइट, पन्ना व गारनेट, चापना क्ले व व्हाइट क्ले, फायर क्ले, सिलिका सैण्ड पाए जाते है । इसके अलावा खनिज ईधन मे लिग्नाइट राज्य मे उपलब्ध है । खनिज तेल व प्राकृतिक गैस भी राज्य में प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध है ।

राजस्थान मे खनिज उत्पादन अग्राकित तालिका मे दर्शाया गया है

महत्त्वपूर्ण खनिजो का उत्पादन

खनिज	उत्पादन हजार टन मे	
	1991-92	1992-93 (प्रावधान)
1 धात्विक खनिज		
1 कच्चा ताबा	1860	1646
2 कच्चा लोहा	33	38
3 सान्द्र सीसा	32	32

4 सान्द्र जस्ता	119	98
5 चाँदी (कि ग्रा)	18386	12836
6 टगस्टन (टन)	8	8
2 अधात्विक खनिज		
1 फेल्स पार	73	71
2 फ्लोराइड	4	3
3 गार्नेट (टन)	150	152
4 गार्नेट (कि ग्रा) (मूल्यवान एव अर्द्ध मूल्यवान)	1026	620
5 जिप्सम	1669	1540
6 लाइम स्टोन	7881	9120
7 अभ्रक (टन)	470	160
8 राक फास्फेट	248	243
9 सिलिका सेण्ड	243	213
10 सोप स्टोन	398	402
11 एस्बेस्ट्स	32	37
12 बेराइट्स	7	6
3 लघु खनिज		
1 बालू पत्थर	39981	2860
2 चिनाई पत्थर	11935	12130
3 चूना पत्थर (आवासी)	1070	1137
4 चूना पत्थर	2980	3233
5 सगमरमर	1848	20001

स्रोत आय व्ययक अध्ययन राजस्थान 1994 95

2 नेशनल काउसिल ऑफ एप्लाइड इकानॉमिक रिसर्च नई दिल्ली ने राजस्थान का टैक्नो इकोनामिक सर्वेक्षण करके विभिन्न उद्योगो की क्षमता ओर भावी सभावना को ध्यान में रखते हुए राजस्थान मे अग्राकित उद्योगो की स्थापना का औचित्य बताया—

टैक्टर व सबधित यत्र, डीजल इजन, स्कूटर व मोटर साइकिलो, माटर गाडियो के पुर्जे, विद्युत सामग्री, इस्पात के तार, पाइप ट्यूब, कीले नट बोल्ट, पोर्टलेण्ड सीमेट, सफेद व रगीन सीमेट, काच, तेल शोधक आदि कारखाने

3 राजस्थान मे निम्नाकित उद्योगा के विकास की प्रबल सभावनाएँ है

1 कोटा मे जिप्सम आधारित सल्फयूरिक एसिड के निर्माण का सयत्र लगाने

पर सक्रिय रुप से विचार किया जाना चाहिए ।

2 उदयपुर मे एक पिग लोहा सयत्र लगान की आवश्यकता है वहाँ निकटवर्ती क्षेत्रो के कच्चे लोहे का उपयोग किया जा सकता है ।

3 निम्न श्रेणी की जिप्सम से दीवारो के बाड बनाए जा सकते है जिसके पूर्व निर्मित भवन बनाकर कुछ सीमा तक भवन समस्या का समाधान निकाला जा सकता है। उत्तम सेलेनाइट के भडारो का उपयोग प्लास्टर ऑफ परिस व अन्य उद्योगो का विकास करने मे किया जाना चाहिए ।

4 फेल्सपार क्वार्टस व चिकनी मिट्टी के उपयोग से चीनी मिट्टी के सामान के कारखानो की स्थापना का क्षेत्र बढ सकता है । सिलिका के उपयोग से काच के ~ का विस्तार किया जा सकता है ।

4 कृषि सम्पदा पर आधारित उद्योग कृषि सम्पदा की दृष्टि से राजस्थान का देश मे महत्त्वपूर्ण स्थान है । 1988 89 मे कृषि का अश राज्य के शुद्ध घरेलू उत्पादन म लगभग 45 प्रतिशत तथा 1992 93 के प्रारम्भिक अनुमानो के अनुसार 44 प्रतिशत रहा। कपास, गन्ना तिलहन, मक्का चना व गेहू आदि ऐसी फसले है जिन पर आधारित अनेक छोटे बडे उद्योग स्थापित किए जा सकते है । इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना क्षेत्र में कृषिगत उत्पादन मे निरन्तर वृद्धि हो रही है नहर के पूरा होने पर खाद्यान्न मे अपूर्व वृद्धि अपेक्षित हैं ।

राजस्थान मे प्रमुख औद्योगिक फसलो का उत्पादन

फसले	उत्पादन (लाख मैं टन मे)				
	87 88 (सशोधित)	88 89 (सशोधित)	89-90 (अन्तिम)	90 91 (सभावित)	92-93
तिलहन (कुल)	12 57	19 18	18 45	24 80	25 38
गन्ना	9 48	6 86	7 15	6 0	11 29
कपास (उत्पादन लाख गाठो मे)	2 18	6 01	9 86	9 50	10 16

स्रोत आय व्ययक अध्ययन राजस्थान 1991-92 एव 1994 95

पिछले वर्षों में राजस्थान देश मे तिलहन के उत्पादन की दृष्टि से एक महत्त्वपूर्ण राज्य के रूप में उभरा है । देश के तिलहन उत्पादन का 12 प्रतिशत भाग राजस्थान में होने लगा है । सरसो के उत्पादन मे यह एक अग्रणी राज्य हो गया है । यहा देश की कुल सरसो के उत्पादन का 35 प्रतिशत अश होने लगा है ।

राज्य मे जयपुर, अलवर, धौलपुर, चित्तोडगढ, जोधपुर, डूगरपुर, झुन्झुनू

हनुमानगढ नोहर मे सूती वस्त्रो के उद्योग स्थापित किए जा सकते हे । कोटा भरतपुर व उदयपुर मे चीनी की मीले लगाई जा सकती है । कोटा म वनस्पति घी का उधोग व भरतपुर अलवर गगानगर व सवाई माधोपुर मे खाद्य तेल मीले स्थापित की जा सकती है । सम्पूर्ण राज्य मे मक्का व बाजरे पर आधारित फूड प्रौसेसिग उद्योग स्थापित किए जा सक्ते हैं ।

5 पशु सम्पदा पर आधारित उद्योग राज्य म चमडा ऊन मास दूध व दूध से बने पदार्थ का आधार पशुधन है । पश्चिमी शुष्क मेदान के नगरा म चमडा उद्योग डेयरी उद्योग दूध पाउडर के उद्योग मक्खन पनीर व पशु आहार के उद्योगा की स्थापना की विपुल सभावनाएँ है । बाकानेर व जोधपुर मे होजरी ऊनी व चमडे के कारखाने सवाई माधोपुर अलवर भरतपुर बीकानेर मे हड्डी पीसने के कारखाने तथा अलवर व उदयपुर मे मछली उद्योग का विकास किया जा सकता है ।

6 वनो पर आधारित उद्योग राजस्थान मे वनो पर आधारित लघु एव कुटीर उद्योगो के विकास की अच्छी सभावनाएँ हे । राज्य म दियासलाई उद्योग कागज उद्योग पैकिंग के कागज का उद्योग टोकरी उद्योग चमडा साफ करने का उद्योग बीडी उद्योग खस पर आधारित उद्योग देशी शराब उद्योग एव इसा प्रकार के अन्य छाटे बडे उद्योग स्थापित किए जा सकते हे ।

7 आधारभूत सरचना किसी भी क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए आधारभूत सरचना की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है । प्राकृतिक व मानवीय ससाधना की बाहुल्यता के बीच यदि अद्य सरचना का अभाव हो तो ससाधन अन्यत्र पलायन कर जाते हैं । राजस्थान मे आधारभूत सरचना की स्थिति निम्नलिखित है

1 विद्युत औद्योगीकरण मे विद्युत का स्थान सर्वोपरि है । राजस्थान म वतमान (सितम्बर 1992) अधिष्ठापित क्षमता बढकर 2776 मेगावाट हो गई जबकि राज्य के गठन के समय मात्र 13 मेगावाट थी । गत 43 वर्षो में प्रति व्यक्ति ऊर्जा का उपभोग 2 9 यूनिट से बढकर 189 यूनिट हो गया । उच्च प्रसारण लाइनो की दूरा जो वर्ष 1981 82 मे 7123 रूट कि मी थी अगस्त 1992 के अत मे बढकर 12 265 रुट कि मी होगई है। यह लम्बाई राज्य के गठन के समय शून्य था । आज ई एच वा ग्रिड सब स्टेशनो की सख्या 132 हे जो वर्ष 1949 में शून्य थी आज हमारे 33 40 लाख से अधिक उपभाक्ता है जो 43 वर्ष पूर्व प्राय नगण्य थे । वर्ष 1949 म मात्र 42 बस्तिया विद्युतीकृत थी जबकि अगस्त 1992 के अत मे 28664 ग्राम (77 प्रतिशत) विद्युतीकरण हो चुके हे । ऊर्जीकृत कुओ की सख्या अगस्त 1992 के अत मे 4 13 000 हे यह राज्य के गठन के समय शून्य थी ।

आठवीं पच वर्षीय योजना मे राजस्थान की अधिष्ठापित क्षमता मे 713 मेगावाट की वृद्वि निम्नलिखित स्रोतो से होने की सभावना है —

111 सहायक व छोटे स्वास्थ्य केन्द्र थे । वर्ष 1985 86 मे शहरी क्षेत्रो की राजकीय चिकित्सा सस्थाओ मे 16495 व ग्रामीण क्षेत्रो की चिकित्सा सस्थाओ मे 6051 बेड थे।

5 सचार तीव्र गति से औद्योगीकरण के लिए सचार साधनो की प्रभावी भूमिका होती हे । मार्च 1993 तक राज्य की सभी तहसील मुख्यालयो को एस टी डी से जोडा जाना प्रस्तावित है । विदित है कि राज्य के सभी जिला मुख्यालय एस टी डी से जोडे जा चुके हैं ।

वर्ष 1986-87 मे राजस्थान मे 9620 पोस्ट ऑफिस 1613 टेलेग्राफ ऑफिस 675 टेलीफोन एक्सचेज तथा 1349 सार्वजनिक काल ऑफिस थे ।

6 आवास - जनसख्या व आर्थिक दबावो के बावजूद राजस्थान सरकार लोगो की आवासीय जरूरतो को पूरा करने के लिए आवास सुविधाओ के निर्माण का वृहद कार्यक्रम चला रही है । राजस्थान आवासन मण्डल ने अब तक 2 लाख आवेदको का पजीकरण करके 1 लाख 18 हजार गृह निर्माण प्रारम्भ किया । अब तक (30 मार्च 1992) 1 लाख 4 हजार मकान पूर्ण किए गए है । इनमे से 1 लाख 2 हजार 570 आवास एव शहरी विकास निगम (हुडको) ने राजस्थान मे 1989 90 मे 29 17 करोड रुपए का निवेश किया जो 1990 91 मे 35 15 करोड रुपए तक जा पहुचा । हुडको द्वारा वित्तीय वर्ष 1992-93 के प्रारम्भ तक 410 आवासीय योजनाओ मे 1 लाख 24 हजार 880 मकान विभिन्न शहरो मे बनाने के लिए स्वीकृत किए । इन्दिरा आवास योजना मे वर्ष 1991 92 मे 9 66 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है । इस योजना मे फरवरी 1992 तक 11368 आवासा का निर्माण किया गया । मानसरोवर का विकास व परिवर्धन एक अनूठी योजना है ।

7 बेकिग वर्ष 1987 म राजस्थान मे अनुसूचित वाणिज्यिक बैंको के 2687 कार्यालय थे जिनमे जमा 260218 लाख रुपए व अग्रिम 174235 लाख रुपये थे । प्रति व्यक्ति जमा 646 रुपए व प्रति व्यक्ति अग्रिम 433 रुपए थे ।

8 उद्यमी - राजस्थान मे जन्मे उद्यमियो ने देश के औद्योगिकरण मे प्रभावी भूमिका निभाई है । बिडला पोद्दार गोलेछा साहू, जैन आदि राज्य के बडे उद्यमी हे यदि ये चाहे तो रातो रात राज्य का कायाकल्प कर सकते हैं ।

9 औद्योगिक क्षेत्र रीको द्वारा राज्य मे 187 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जा चुके हे सबधित तथ्य निम्नाकित है -

अधिगृहीत	27795 94 एकड
विकसित भूमि	18754 82 एकड
नियाजित भूखडो को सख्या	25854 00
विकसित भूखडो को सख्या	20185 00
आवटित भूखण्ड	22110 00
उत्पादन मे सलग्न इकाइया	9798 00

विकास केन्द्र 'ग्रोथ सेन्टर'

विकास केन्द्र केन्द्रीय प्रवर्तित योजना है तथा ये केन्द्र भारत सरकार द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका एव मापदडो के अनुसार स्वीकृत किए जाते हैं । भारत सरकार द्वारा 8 दिसम्बर 1988 को राजस्थान के लिए 4 विकास केन्द्र आवटित किए थे । राज्य सरकार ने 8 विकास केन्द्रो के प्रस्ताव भेजे थे वे थे भरतपुर, सवाई माधोपुर, भीलवाडा, झालावाड, बीकानेर, सिरोही अजमेर एव अलवर । राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित 8 जिलो में से भारत सरकार द्वारा बीकानेर, झालावाड, भीलवाडा एव आबू रोड (सिरोही) जिलों को विकास केन्द्र हेतु चयनित कर 20 अक्टूबर 1989 को स्वीकृति प्रदान की । राज्य सरकार के प्रयासो से भरतपुर के समीपवर्ती जिले धौलपु को भारत सरकार द्वारा 10 फरवरी 1992 को विकास केन्द्र घोषित किया गया ।

प्रत्येक विकास केन्द्र के लिए तीन वर्ष की अवधि में 30 करोड रुपए खर्च किए जायेगे । प्रमुख उद्देश्य परियोजना और प्रायोजक के लिए सभी सभव सुविधाएँ उपलब्ध कराना है ।

चार विकास केन्द्रो में वर्ष 1993 94 के दौरान कार्य प्रगति पर रहा । प्रथम चरण मे वर्ष के दौरान चार विकास केन्द्रो पर 1985 बीघा भूमि के प्रस्तावित लक्ष्य के मुकाबले 1857 बीघा भूमि अधिग्रहीत/आवटित की जा चुकी है । इस वर्ष के अत तक 15 करोड रुपए की राशि व्यय किये जाने की आशा है ।

11 लघु विकास केन्द्र 'मिनी ग्रोथ सेन्टर' – जोधपुर व उदयपुर दो मिनी ग्रोथ सेटर के लिए प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर स्वीकृति के लिए भारत सरकार को प्रेषित कर दी गई है । दोनों मिनी ग्रोथ सेंटर के लिए 5 करोड रुपए खर्च किए जायेंगे इसमें केन्द्र सरकार द्वारा 3 करोड रुपए की मदद व सिडबी से 2 करोड रुपए के ग्रुप का प्रावधान है ।

राजस्थान में विद्यमान प्राकृतिक सपदा का समुचित विदोहन किया जाए तो यह राज्य देश के अन्य औद्योगिक दृष्टि से सम्पन्न राज्यों के समकक्ष आकर खडा हो सकता है । केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह यहा की विषम भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अधिकाधिक वित्तीय ससाधनो का आबटन करे जिससे तीव्र विकास को गति सुनिश्चित की जा सके ।

अध्याय 8

राजस्थान में आधारभूत संरचना-ऊर्जा विकास

आधारभूत सरचना आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है । आधारभूत सरचना के अभाव मे औद्योगिकरण की कल्पना नहीं की जा सकती है । मे ऊर्जा सडके रेल सचार बदरगाह आदि को सम्मिलित किया जाता है । इन आधारभूत क्षेत्रा में निवेश कम होने से विकास का आधार गडबडा जाता है । आर्थिक उदारीकरण के दौर में विदेशी निवेशको के आकर्षित होने से भविष्य मे औद्योगिक विकास को गति मिलने की सम्भावना है । औद्योगिकरण के बढने से आधारभूत सरचना के विकास को अधिक आवश्यकता होगी । राजस्थान मे वित्तीय ससाधनो के अभाव के कारण आधारभूत सरचना का अपेक्षित विकास नहीं हुआ है । विशेषकर ऊर्जा का अभाव है । राजस्थान मे आर्थिक विकास की गति को तेज करने के लिए ढाचागत निवेश के क्षेत्र मे विदेशी निवेशको को आकर्षित किया जाना चाहिए ।

राजस्थान मे ऊर्जा विकास

ऊर्जा विकास का पर्याय है । राजस्थान म औद्योगिक विकास की धीमी प्रगति का प्रमुख कारण ऊर्जा का अभाव रहा है । ऊर्जा की खपत प्रगति की माप का बैरोमीटर है । वर्तमान मे ऊर्जा की माग मे तेजी से बढोतरी हो रही है । किन्तु विद्युत उत्पादन के बढती माग के अनुरूप नहीं बढने से राजस्थान मे ऊर्जा को समस्या गम्भीर हो गई है । राजस्थान सरकार सन् 2000 तक बिजली की कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत

ह । राजस्थान सरकार ने विद्युत उत्पादन के क्षेत्र मे अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निविदाएँ आमंत्रित की हे । सरकार ने निजी क्षेत्र के उद्यमियो को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र मे आमंत्रित किया ह ।

राजस्थान को वर्तमान (जुलाइ 1995) म 45 सा मेगावाट बिजली की आवश्यक्ता है परन्तु काफी प्रयासो के बाद 35 सो मगावाट बिजली की आपूति हो पा रही ह ।[1] दिसम्बर 1996 मे बिजली सकट के कारण वडे उद्योगा पर 75 फीमदी कटोती लागू की गई । गॉवो मे 6 घण्टे बिजली दी गई तथा शहरो मे तीन घण्टे की कटाती की गइ । पजाब के विद्युत बोर्ड क अध्यक्ष ए एस चड्स के अनुसार राजस्थान मे कोई उच्च क्षमता का विद्युत स्टेशन नहीं होने के कारण साय 7 बजे से 9 बजे तक बिजली की घरेलू खपत का अत्यधिक दवाव बढता हे । दिन की खपत को अपक्षा 300 से साढे तीन सा मगावाट बिजली खर्च होती ह । पजाब म विजली का अतिरिक्त उत्पादन होने के कारण पजाब राज्य विद्युत बोड राजस्थान को प्रतिदिन दिन के समय 60 हजार यूनिट बिजली बेचता है।

नेफ्ता पर आधारित विद्युत

केन्द्र सरकार ने दिसम्बर 1996 मे राजस्थान को 1415 मेगावाट बिजली पैदा करने जितना नेफ्ता *आवटित किया है । इससे राज्य म नेफ्ता आधारित विद्युत* परियोजनाओ के शीघ्र स्थापित होने की सम्भावना हे । राजस्थान विद्युत मण्डल ने 1996 मे नेफ्ता एव फर्नेस ऑइल आधारित 16 विद्युत परियोजनाओ के लिए समझाते किये । इन परियोजनाओ के माध्यम से 3300 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा । इनमे से 2700 मेगावाट बिजली नेफ्ता आधारित एव 600 मेगावाट फर्नेस ऑयल आधारित परियोजनाओ से मिलने की सम्भावना है । धोलपुर की 800 मेगावाट की बडी परियोजना के शीघ्र चालू होने की सम्भावना हे ।

विद्युत विकास पर योजना परिव्यय

राजस्थान मे ऊर्जा की कमी ओर विकास मे विद्युत की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए योजनाबद्ध विकास मे ऊर्जा पर भारी विनियोजन किया गया । पच वर्षीय योजनाओं की प्राथमिकताओ मे ऊर्जा विकास को सर्वोच्च स्थान दिया गया। *विभिन्न* पचवर्षीय योजनाओ मे उजा पर सार्वजनिक क्षेत्र का वास्तविक परिव्यय इस प्रकार ह। पाचवी योजना 249 करोड रुपए, छठी योजना 566 कराड रुपए, सातवी योजना 927 8

1 तथ्य भारती जुलाई 1995 पृ 16

करोड रुपए । आठवी योजना म ऊर्जा पर 3255 करोड रुपए व्यय का प्रावधान किया गया है । जो कि कुल योजना परिव्यय 11500 करोड रुपए का 28 3 प्रतिशत हे । आठवी पचवर्षीय योजना मे ऊर्जा विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई हे ।

राजस्थान की प्रमुख विद्युत परियोजनाएँ —

योजनाबद्ध विकास मे राजस्थान म कई विद्युत परियाजनाआ की स्थापना की गई । राजस्थान सरकार की प्रमुख विद्युत परियोजनाएँ इस प्रकार हे —

राजस्थान के विद्युत गृह 1992-93

कस्बे का नाम	विद्युत सख्या	सस्थापित क्षमता
कोटा	*2*	*6 40 000*
माही (बासवाडा)	*3*	*140165*
अनूपगढ	*2*	*9000*
सूरतगढ (लम्बूवाली)	*1*	*4000*
मागरोल	*1*	*6000*
पूगल	*1*	*650*
कुल योग	*10*	*799815*

Source Statistical Abstract Rajasthan 1993 P 193

राजस्थान मे 1992 93 मे 10 विद्युत घर थे । सस्थापित क्षमता 799815 के वा थी । कोटा के दो विद्युत घरो की क्षमता 640000 के वी माही क तीन विद्युत घरो की क्षमता 140165 के वी अनूपगढ के दो विद्युतघरा की क्षमता 9000 क वा सूरतगढ विद्युतघर की क्षमता 4000 के वी मागरोल विद्युत घर का क्षमता 6000 के वी तथा पूगल विद्युत घर की क्षमता 650 के वी थी ।

कोटा तापीय विद्युत गृह[1] —कोटा तापीय विद्युत गृह को उत्पादन क लिए पूर्व मे पाच बार उत्पादकता पुरस्कार प्राप्त हो चुका हे । वप 1993 94 म 80 96 प्रतिशत का रिकाड पी एल एफ प्राप्त कर विद्युत गृह पुन उत्कृष्ट उत्पादकता पुरस्कार का पात्र हो गया है । सितम्बर 1994 के अन्त तक राज्य म विद्युत ऊजा का कुल उपलब्धि 741 4 करोड यूनिट रही । मार्च 1994 के अत मे कोटा तापीय विद्युत गृह 210 मेगावाट क्षमता की पाचवी इकाई बनकर तेयार हुई ।

निर्माणाधीन विद्युत परियोजना —राजस्थान मे दिसम्बर 1994 मे सूरतगढ

1 राजस्थान उपलब्धिया के नए क्षितिज सौडामिनी 4 दिस 94

तापीय विद्युत गृह प्रथम चरण (2×250 मेगावाट) रामगढ गेस परियाजना 35 5 मेगावाट निमाणाधीन परियाजनाएँ थी । रामगढ गेस परियाजना (3 मेगावाट) से उत्पादन प्रारम्भ हो गया हे ।

प्रस्तावित विद्युत परियोजनाएँ —

राजस्थान की दिसम्बर 1994 म प्रस्तावित विद्युत योजनाएँ इस प्रकार थी—

1 बरसिंगकर लिग्नाइट खनन एव विद्युत उत्पादन परियोजना 2×240 मेगावाट
2 सूरतगढ तापीय विद्युत परियोजना द्वितीय चरण 2×250 मेगावाट
3 कपूरडी जालीया लिग्नाइट खनन एव विद्युत उत्पादन परियोजना ।
4 धोलपुर तापीय विद्युत गृह 750 मेगावाट
5 मथानिया मे सौर ऊर्जा पर आधारित विद्युत गृह
6 कोटा तापीय विद्युत गृह की छडी इकाई 1×120 मेगावाट ।
7 चित्ताडगढ तापीय विद्युत गृह 500 मेगावाट ।
8 डीजल व अन्य ईधन पर आधारित विद्युत गृह ।

विद्युत उत्पादन — राजस्थान मे तापीय जल क्रय कुल विद्युत उत्पादन का निम्न तालिका म दर्शाया गया है —

	विद्युत उत्पादन		मिलियन	
वष	तापाय	जल विद्युत	विद्युत क्रय/प्राप्त	कुल विद्युत उत्पादन और क्रय (शुद्ध)
1988–89	1141 979	190 921	8109 615	9442 515
1989 90	2213 974	296 039	8070 741	10580 754
1990–91	2107 968	305 356	8730 521	11143 845
1991 92	3313 238	358 738	9307 615	12979 591
1992–93	3875 353	177 498	10576 065	14628 916

Source Statistical Abstract Rajasthan 1994 P 194

राजस्थान म कुल विद्युत उत्पादन और क्रय (शुद्ध) 9442 515 मिलियन क डब्लू एच था जा 1990–91 मे बढकर 12979 591 मिलियन के डब्लू एच हो गया। 1992 93 म कुल विद्युत उत्पादन और क्रय (शुद्ध) बढकर 14628 916 मिलियन क डब्लू एच हा गया ।

वष 1992–93 मे तापीय विद्युत उत्पादन 3875 353 मिलियन/के डब्लू एच, जल विद्युत उत्पादन 177 498 मिलियन क डब्लू एच था । इसके अलावा 10576 065

मिलीयन के डब्लू एच विद्युत साझेदारी परियोजनाओ से अश तथा बाह्य स्रोता से क्रय की गई ।

साझेदारी विद्युत परियोजनाओं से उत्पादन में अंश भागिता

विद्युत उत्पादन के क्षेत्र मे राजस्थान की कुछ साझेदारी विद्युत परियोजनाएँ है जिनसे राजस्थान को विद्युत प्राप्त होती है । राज्य की साझेदारी परियोजनाओ मे भाखरा प्रोजेक्ट, चम्बल प्रोजेक्ट सतपुरा पॉवर स्टेशन, व्यास प्रोजेक्ट तथा आर एम सी द्वितीय माही है । वर्ष 1992-93 मे राजस्थान को भाखरा प्रोजेक्ट से 1052 043 मिलीयन के डब्लू एच , चम्बल प्रोजेक्ट से 642 880 मिलीयन के डब्लू एच सतपुरा पॉवर स्टेशन से 552 370 मिलीयन के डब्लू एच तथा आर.एम सी द्वितीय माही से 0 114 मिलीयन के डब्लू एच विद्युत प्राप्त हुयी ।

विद्युत क्रय —राजस्थान मे विद्युत का उत्पादन माग की तुलना मे कम है। इस अतराल को पाटने के लिए राजस्थान को प्रतिवर्ष विद्युत खरीदनी पडती है । राजस्थान ने वर्ष 1992 93 मे 6621 005 मिलियन के डब्लू एच विद्युत क्रय की ।

विद्युत उपभोग—राजस्थान मे बिजली का उपभोग घरेलू, वाणिज्यिक ओद्योगिक कृषि सार्वजनिक प्रकाश, सार्वजनिक पेयजल कार्य आदि क्षेत्रो मे होता है । विद्युत का सर्वाधिक उपभोग बडे पेमाने के उद्योगो मे होता है । इसके बाद कृषि क्षेत्र मे विद्युत का उपभोग होता है । राजस्थान मे विद्युत के कुल उपभोग को निम्न तालिका मे दर्शाया गया है ।

राजस्थान मे विद्युत उपभोग मिलीयन के डब्लू एच

वर्ष	कुल विद्युत उपभोग
1985-86	4808 011
1986 87	5417 520
1987-88	5748 193
1988 89	6682 385
1989 90	7465 891
1990-91	7990 362
1991-92	9313 972
1992 93	9796 499

राजस्थान मे विद्युत का कुल उपभोग 1985 86 मे 4808 011 मिलीयन के डब्लू एच था जो बढकर 1990 91 मे 7990 362 मिलीयन के डब्लू एच तथा 1992-

93 मे और बढकर 9796 499 मिलीयन के डब्लू एच हो गया । राजस्थान मे 1991-92 मे बडे उद्योगो द्वारा 3073 853 मिलीयन के डब्लू एच तथा कृषि द्वारा 2849 306 मिलीयन के डब्लू एच विद्युत का उपभोग किया गया ।

विद्युतीकृत कस्बे और गाँव :—योजनाबद्ध विकास मे विद्युतीकृत कस्बो और गाँवो की सख्या मे अत्यधिक वृद्धि हुयी है । वर्ष 1950-51 मे राज्य मे विद्युतीकृत बस्तियो की सख्या केवल 42 थी । मार्च 1993 तक राज्य के 201 कस्बे विद्युतीकृत थे । वर्ष *1988-89 मे विद्युतीकृत गाँवो की सख्या 25024 थी । जो बढकर 1992-93 मे 29281* हो गई । वर्ष 1991-92 मे 770 गाँव/कस्बो को विद्युतीकृत किया गया । राजस्थान मे विद्युत चालित कुओ की सख्या 1992-93 तक 430123 (प्राविजनल) थी । राजस्थान मे मार्च 1994 म कुल ग्रामो मे विद्युतीकृत ग्रामो का प्रतिशत 83 42 था । अखिल भारत स्तर पर यह प्रतिशत 85 30 था ।

प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग —राजस्थान मे वर्ष 1985-86 मे प्रति व्यक्ति विद्युत उपलब्धता 161 81 के डब्लू एच थी । तथा प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग 124 00 के डब्लू एच था । वर्ष 1991-92 मे प्रति व्यक्ति विद्युत उपलब्धता बढकर 286 82 के डब्लू एच तथा प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग बढकर 136 11 के डब्लू एच हो गया । राजस्थान म वष 1991-92 म प्रति वर्ग कि मी विद्युत उपलब्धता 37925 के डब्लू एच थी । राजस्थान मे प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग अखिल भारत स्तर की तुलना मे कम है। *राजस्थान मे 1993 94 मे प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग 254 के डब्लू एच था ।* जबकि भारत मे प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग 299 कि वा था । प्रति व्यक्ति विद्युत उपभोग मे राजस्थान का देश मे 10वा स्थान है ।

आठवीं योजना में विद्युत सृजन के प्रस्तावित कार्यक्रम[1]

आठवीं पच वर्षीय योजना मे राजस्थान की अधिष्ठापित क्षमता म 713 मगावाट की वृद्धि निम्नलिखित स्रातो से होने की सम्भावना है ।

(1) सूरतगढ तापीय विद्युत परियोजना 250 मगावाट ।

(2) कोटा तापीय विद्युत परियोजना तृतीय चरण 210 मेगावाट (पाचवी इकाई)

(3) *नरसिहसर लिग्नाईट आधारित विद्युत परियोजना 2×120 मेगावाट*

(4) रामगढ गेस आधारित तापीय विद्युत परियोजना 3 मेगावाट

(5) *मागराल चरणवाला, विरसिलपुर, इटावा और पूगल-एक लघु पर बिजली* परियोजना 9 7 मेगावाट

आर्थिक विकास मे विद्युत का महत्वपूर्ण स्थान है । राजस्थान सरकार विद्युत

1 राजस्थान का ओद्यागिक विकास एव भावी सम्भावनाएँ (शोध प्रबन्ध) ओ पी शमा पृ स 105

का उपलब्धता आर आपूर्ति क अन्तर का पाटन क लिए प्रयासरत ह । राजस्थान म विद्युत का अधिष्ठापित क्षमता राज्य क गठन के समय कवल 13 मगावाट था जा बढ़कर सितम्बर 1992 म 2776 मगावाट तथा फरवरी 1995 म आर बढ़कर 2988 80 मगावाट हो गइ । उच्च प्रसारण लाइनों का दूरी वष 1981 82 म 7123 कि मी था जा अगस्त 1992 क अत म बढकर 12265 कि मी हो गई । यह लम्बाइ राजस्थान क गटन क समय शून्य थी । 1992 म इ एच वी ग्रिड सब स्टशना की सख्या 132 था ।

राजस्थान राज्य विद्युत मण्डल की आर्थिक स्थिति म सुधार हुआ है । वष 1993 94 सहित गत तीन वर्षो म विद्युत मण्डल न लगातार 3 प्रतिशत रट आफ रिटन प्राप्त का ह राजस्थान मे विद्युत क्षेत्र म सुधार क लिए अध्ययन हेतु अन्तर राष्ट्रीय कन्सलटटस नियुक्त किय हैं ।

राजस्थान म सब प्रयासा क बावजूद विद्युत का माग आर पूर्ति म अतराल बना हुआ है । आठवीं पचवर्षीय योजना म राजस्थान म लगभग 40 प्रतिशत विपुल का कमी का अनुमान लगाया है । राजस्थान म विद्युत विकास का विद्युत सम्भावनाएँ ह । सार ऊर्जा के क्षत्र म राजस्थान प्रभावी भूमिका निभा सकता ह । राज्य सरकार क इस आर कारगर प्रयास प्रशसनाय है । विद्युत क्षत्र म राज्य विद्युत मण्डल का घाटा तथा विद्युत की चोरी प्रमुख समस्या ह । जिसक निराकरण की आवश्यकता है । इसक अलावा विद्युत आपूर्ति की गुणावत्ता म सुधार का आवश्यकता है । राजस्थान का विद्युत का कमी की समस्या स निपटन क लिए ऊर्जा विकास क क्षत्र म विदशी निवशकों का आमत्रित करना चाहिए ।

राजस्थान मे परिवहन विकास

आर्थिक विकास म परिवहन का महत्त्वपूण स्थान ह । आद्योगिक विकास क लिए ता परिवहन अपरिहार्य है । परिवहन क साधना स सतुलित विकास का गति मिलती है । कच्च माल का अतिरिक्त उपलब्धता का अन्य स्थाना का आपूरित किया जा सकता ह आर स्थान विशष का प्राकृतिक समाधना क अभाव म भी विकास किया जा सकता है । अत परिवहन क साधना का आद्योगिक विकास म हा महत्व नहीं अपितु प्राकृतिक आपदाओ क समय भी बडा उपादयता ह । परिवहन का सास्कृतिक महत्त्व है । युद्ध क समय ता परिवहन क साधना का महत्ता आर भी बढ़ जाता ह । परिवहन म मुख्यत रल सडक व वायु यातायात को सम्मिलित किया जाता ह । राजस्थान म योजनाबद्ध विकास म परिवहन विकास पर ध्यान दिया गया ह । सडक परिवहन क क्षत्र म ता

राजस्थान म सडका की लम्बाइ
(किलामीटर)

वर्ष	सडका का लम्बाइ
1950 51	17339
1960 61	26693
1970 71	31752
1980 81	41194
1990 91	58350
1991 92	59913
1992 93	61520
1993 94	63078
1995 96	66837

Source 1 Statistical Abstract Rajasthan 1995
2 आथिक समीक्षा 1995 96 राजस्थान सरकार ।

रानस्थान मे वप दर वप सडको क विकास मे वृद्ध हो रही हे । सडका का लम्बाइ 1990 91 म 58350 कि मी थी जो बढकर 1993 94 मे 63078 तथा 1995 96 म आर बढकर 66837 कि मा हो गई । राजस्थान मे 1950 51 से 1995 96 के बाच पैंतालास वर्षो का समयावधि म सडको की लम्बाइ मे चार गुना वृद्धि हुयी हे ।

सडक विकास मे असमानता

नियोजित विकास म सडका का लम्बाई मे वृद्धि हुयी है किन्तु सडको के विकास मे असनानता हे । राजस्थान म सडका का लम्बाइ का दृष्टि से जोधपुर पाली नागार बाडमेर भालवाडा विकसित हे । वप 1992 93 मे इन जिलो म सडको की लम्बाई राज्य की कुल सडका का लगभग 31 प्रतिशत थी ।

सडक परिवहन म पिछड जिले 1991 93
(किलामीटर)

जिले	सडका की लम्बाइ
दौसा	636
बारा	806
धालपुर	892
झालावाड	921
टाक	1047

Source Statisti al Abstract Rajasthan 1993 P 704

रानस्थान म वप 1992 93 मे सडका की सबस कम लम्बाइ दासा जिले म थी वहाँ सडको की लम्बाई केवल 636 कि मी थी । बारा जिले मे सडका की लम्बाइ 806 कि मा थी । इसके विपरीत जोधपुर मे सडको की लम्बाई सर्वाधिक 4812 कि मी थी । इस प्रकार जिलवार सडको की लम्बाई मे भारा असमानता है ।

नागपुर वर्गीकरण क अनुसार रोड — नागपुर वर्गीकरण म राष्टाय राजमाग राज्यीय राजमार्ग बडी जिला सडके अन्य जिला सडके आर ग्रामीण सडके सम्मिलित का जाता है । नागपुर वर्गीकरण के अनुसार राजस्थान मे सडक विकास निम्न तालिका म दशाया गया हैं ।

नागपुर वर्गीकरण के अनुसार सडको की लम्बाई

(किलोमीटर)

वर्गीकरण	1985 86	1992 93	1995 96
राष्टाय रानमार्ग	2521	2846	2846
राज्य राजमार्ग	7457	7151	9810
मुख्य जिला सडक	3616	3638	5549
अन्य जिला सडके ओर ग्रामाण सडक	34603	45646	46593
सामावर्ती सडके	2239	2239	2239
कुल	50436	61520	66837

Source 1 Basic Statistics Rajasthan 1988 to 1994

2 आथिक समीक्षा 1995 96 राजस्थान सरकार ।

रानस्थान म राष्टीय रानमाग की लम्बाई काफी कम है । वप 1985 86 मे राष्टीय राजमाग की लम्बाई 2521 कि मा थी नो वढकर 1995 96 म 2846 कि मा हो गई। वप 1995 96 मे राज्य राज माग की लम्बाइ 9810 कि मा मुख्य निला सडक 5549 कि मी अन्य जिला सडक आर ग्रामीण सडक 46393 कि मी तथा मामावर्ती सडक 2239 कि मी थी । राजस्थान मे 1951 म प्रति 100 वर्ग क्लिामाटर म सव्का का आसत लम्वाइ केवल 5 4 किलोमीटरथी । वर्ष 1995 96 म प्रति 100 वग किलामीटर म सडका की औसत लम्बाइ वढकर 33 12 किलोमाटर हो गइ । जवकि प्रति 100 वर्ग किलोमाटर म अखिल भारताय सडको का आसत लम्बाई लगभग 62 किलामाटर ह। यह स्थिति राजस्थान क सडक परिवहन का दृाप्ट स पिछडपन को दशाना है ।

रानस्थान म 1992 93 मे किस्मा क अनुसार सडका का लम्वाइ इस प्रकार थी डामर की सडक (बी टी) 44605 क्लिामीटर, पक्का सडक (डब्लू बी एम) या मन्ल सन्क 3587 किलोमीटर मिट्टा व गाल पत्थरो से बनी सन्क 10219 क्लिामान्र मोसमा सडक 263 किलामाटर तथा राष्टाय रानमाग 2846 क्लिामाटर ।

मोटर परिवहन का विकास — गेननाबद्ध विकाम म राजस्थान म पजाकृत माटर वाहना की सख्या म भारी वृद्धि हुयी है । पनाकृत वाहना म प्राइवट कार नाप

मोटर साइकिल आटो साइकिल आटा रिक्शा स्कूटर टेक्सी कार टक्र टेलर्स स्टेट कैरज आदि मुख्य है ।

पजीकृत वाहनो का रजिस्टेशन

(सख्या)

वर्ष	पजीकृत वाहन
1985 86	572417
1988 89	844250
1989 90	960706
1990 91	1081958
1991 92	1204463
1992 93	1320021
1994 95	1720990

राजस्थान मे 1985 86 म पजाकृत वाहना की सख्या 572417 थी जो वढकर 1994 95 म 1720990 हो गइ । इस प्रकार केवल नो वर्षो म पजीकृत वाहनो की सख्या म लगभग तान गुना वृद्धि हो गई । राज्य मे जेसे जैसे सडको का विकास और आर्थिक समृद्धि मे वृद्धि हो रही है वेसे वेसे पजाकृत वाहना की सख्या मे भी वृद्धि हो रही है ।

सडक दुर्घटनाएँ— राजस्थान मे सडक परिवहन क विकास के साथ बढती सडक दुघटना चिता की बात हे । सडक दुर्घटना से जान और माल की भारी क्षति होती है । राजस्थान मे वर्ष 1986 म 5724 सडक दुर्घटनाएँ हुयी । इसम 2121 व्यक्ति मारे गये तथा 5957 व्यक्ति जख्मी हुए । सडक दुर्घटनाओँ मे 5724 वाहन सम्मिलित थे । सडक दुर्घटनाओ का सख्या बढकर 1992 मे 11819 हो गई इनम 3872 व्यक्तिया की मृत्यु हुयी । 1992 93 म सडक दुर्घटनाओ की सख्या और बढकर 12757 हो गइ इसम मरने वाला का सख्या बढकर 3893 हो गई । राजस्थान मे सबसे अधिक सडक दुघटना जयपुर मे होती हे । वर्ष 1993 मे जयपुर में 2911 सडक दुर्घटना हुयी इसक विपरीत जैसलमेर मे सडक दुघटनाओ की सख्या 82 थी ।

ग्रामीण सडके — राजस्थान मे विगत दस वर्षों मे अन्य जिला सडके और ग्रामीण सडको की लम्बाई मे वृद्धि हुई हे । ग्रामीण सडको की लम्बाई 1985 86 मे 34603 किलोमीटर थी जो बढकर 1992 93 मे 45646 कि मी तथा 1995 96 म और बढकर 46393 किलोमीटर हा गई ।

राज्य म ग्रामीण सडको की लम्बाई मे अवश्य वृद्धि हुई है । इसके बावजूद अधिकाश गाँव सडको से जुडे हुए नहीं है । 1971 की जनगणना क अनुसार 31 मार्च

1994 तक 33305 गाँवो मे से 14125 गाँव सडको से जुडे थे। सडको से जुडे गाँवो का प्रतिशत 42 4 था। 1981 की जनगणना के अनुसार सडको से जुडे गाँवा का प्रतिशत कम है । 34968 गाँवो मे से 9805 गाँव ही सडको से जुडे थे । सडको से जुडे गाँवो का प्रतिशत 28 था । 1981 की जनगणना के अनुसार 1000 से कम जनसख्या के 26822 गाँवो मे 8031 गाँव सडको से जुडे थे । 1000 से 15000 तक जनसख्या के 3691 गाँवो मे 2542 सडको से जुडे थे तथा 1500 से अधिक जनसख्या वाले 4455 गाँवो में 4089 गाँव सडको से जुडे थे । वर्ष 1993 94 तक 78 प्रतिशत गाँव सडको से जुडे नहीं थे ।

नौवी पच वर्षीय योजना के अत तक (सन् 2003) राजस्थान के सभी 37 हजार गाँवो को सडको से जोडने की तैयारी की जा रही है । सातवीं योजना मे सडको के विकास के लिए जो बजट 2 4 प्रतिशत था । वह अत (1996) 7 5 प्रतिशत तक पहुँच चुका है । राजस्थान मे वर्तमान सरकार (1996) के सत्ता सम्भालते वक्त 37 हजार मे से 12 हजार 500 गाँव सडको से जुडे हुए थे । लेकिन वर्तमान मे (1997) मे सडको से जुडे गाँवो की तादाद 19 हजार तक पहुँच गई है । 31 मार्च 1997 तक 1971 की जनगणना के अनुसार एक हजार की आबादी वाले गाँव डामर की सडको से जोडने का लक्ष्य है तथा मार्च 1997 तक प्रत्येक पचायत केन्द्र सडक से जोडने का लक्ष्य है ।

आजादी के अनेक बरस बीत जाने से बावजूद भी असख्य गाँवो का सडको से जुडे नहीं होना चिताप्रद है । ग्डक परिवहन के लिए वित्तीय ससाधनो के अभाव के साथ विषम भौगोलिक स्थिति भी सडक विकास मे बाधा है । विषम भौगोलिक स्थिति के कारण सडको मे स्थायित्व नहीं रहता है । पर्वतीय क्षेत्रो और रेत के धोरो पर सडक निर्माण कठिन है । सडके गाँवो के विकास का विकल्प है । अत ग्रामीण सडको के विकास पर ध्यान केन्द्रित किये जाने की महत्ती आवश्यकता है । समय बध्य कार्यक्रम के तहत निकट समय मे सभी गाँवो को सडको से जोडा जाना चाहिए । सडक परिवहन पर विनियोजन मे वृद्धि की जानी चाहिए । आवटित राशि का सार्थक उपयोग हो । सडको के निर्माण मे गुणवत्ता पर विशेष बल दिया जाए । भ्रष्ट अधिकारियो पर कडी दृष्टि रखी जाए । प्राकृतिक आपदाओ के कारण क्षतिग्रस्त सडको के पुनर्निर्माण की माकूल व्यवस्था हो ।

राजस्थान राज्य सडक परिवहन निगम

ग्रामोद्योग की बिक्री वर्ष 1985-86 में 768 64 लाख रुपए थी जो बढकर 1990-91 मे 777 86 लाख रुपए हो गई । वर्ष 1990 91 मे 12032 व्यक्तियो को ग्रामोद्योग में रोजगार मिला हुआ था जबकि दो दशक पूर्व अर्थात् 1970 71 मे केवल 598 व्यक्ति ही रोजगार पाए हुए थे ।

सवाई माधोपुर मे ग्रामोद्योग मे उत्पादन, बिक्री एव रोजगार की दृष्टि से चर्म, कली चूना तथा घाणी तेल का महत्त्वपूर्ण स्थान है । इनके बाद रेशा, कुम्हारी, लुहारी सुथारी बास बेत तथा अनाज दाल प्रशोधन महत्त्वपूर्ण ग्रामोद्योग हे ।

वर्ष 1990 मे ग्रामोद्योग का कुल उत्पादन 615 23 लाख रुपए था जिसमे चर्म का योगदान 26 80% घाणी तेल 23 18% लुहारी सुथारी 2 96% कली चूना 23 82% कुम्हारी 7 15% रेशा 8 34%, बास बेत 3 20%, अनाज दाल प्रशोधन 2 54%, अखाद्य तेल साबुन 68ब गुड खाण्डसारी 26%, ताडगुड 22%, फल प्रशोधन 26%, टेक्सटाइल 48%, हाथ कागज 09% आदि ग्रामोद्योग का योगदान था ।

उत्पादन की भांति बिक्री में भी चर्म, कली चूना व घाणी तेल का महत्त्वपूर्ण स्थान है । कुल बिक्री में चर्म 31.78%, घाणी तेल 20.91%, लुहारी सुथारी 2.98%, कली चुना 22.37%, कुम्हारी 6.57%, रेशा 7.55%, बांस बेत का 2.97ब अनाज दाल प्रशोधन का 2.57% योगदान था ।

ग्रामोद्योग में वर्ष 1990-91 में 12032 व्यक्ति रोजगार प्राप्त किए हुए थे जिनमें 60.03 प्रतिशत पूर्ण तथा 39.97 प्रतिशत आंशिक रूप से रोजगार प्राप्त थे । इन्हें 255.56 लाख रुपए मजदूरी का भुगतान किया गया ।

सवाई माधोपुर में खादी एवं ग्रामोद्योग के विकास हेतु जिला उद्योग केन्द्र एवं अन्य राजकीय निगम कार्यरत है । ग्रामोद्योगों के विकास हेतु विनियोजन पर अनुदान, ब्याज मुक्त ऋण, वाणिज्य कर में छूट, चुंगी में छूट, उपकरण हेतु अनुदान एवं आई.एस.आई. मार्का हेतु अनुदान आदि विशिष्ट योजनाएं क्रियान्वित है ।

जिले में पंजीकृत कारखाने : सवाई माधोपुर में 1976 के प्रारंभ में पंजीकृत कारखानों की संख्या 15 थी इनमें राईस मिल्स के 5 खाने योग्य तेल उत्पादन के 4 तथा जेनरेशन एण्ड ट्रान्समीशन ऑफ इलेक्ट्रिक एनर्जी के 2 तथा शेष अन्य 4 कारखाने थे। इनकी संख्या बढ़कर वर्ष 1985 के प्रारम्भ में 85 हो गई वर्ष के दौरान 3 और कारखाने पंजीकृत हुए जिससे वर्ष के अंत में पंजीकृत कारखानों की संख्या बढ़कर 88 हो गई। वर्ष 1987 में पंजीकृत कारखानों की संख्या 89 रही ।

जिले में पंजीकृत कारखानों में कुछेक उद्योगों की बहुलता है । कुल पंजीकृत कारखानों में 46.59 प्रतिशत खाद्य तेल मिल्स, 18.18 प्रतिसत सोविंग एण्ड प्लानिंग आफ वुड 11.36 *प्रतिशत प्रिंटिंग प्रेस तथा 7.95 प्रतिशत राईस मिल्स है ।*

सारांशत: सवाई माधोपुर जिले में औद्योगिक विकास की दृष्टि से स्थिति बेहतर नहीं है । यद्यपि यह जिला सरकार की निगाह में औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछडा नहीं है तथापि यह राज्य के अन्य जिलों यथा जयपुर, कोटा, अलवर आदि की तुलना में काफी पिछड़ा हुआ है बड़े उद्योग के नाम से जयपुर सीमेन्ट कारखाना है, जिसमें भी उत्पादन वर्ष 1987 से बंद है । मझौले श्रेणी के उद्योगों में इण्डियन ऑयल कारपोरेशन का इण्डियन बार्टलिंग प्लांट तिलम संघम तथा गोल्डन हिल ब्रेवरी है । इनमें तिलक संघम तथा गोल्डन हिल ब्रेवरी की स्थापना हाल ही हुयी है । पंजीकृत कारखानों की संख्या भी अधिक नहीं है । वर्ष 1993 में जिले में पंजीकृत लघु पैमाने के उद्योगों की संख्या 4481 थी जिमें 868.06 लाख रुपए का पूंजी विनियोजन था । इनके अलावा जिले में हस्ताशिल्प खादी तथा ग्रामोद्योग की इकाइयां भी है ।

जिले के सभी छ: औद्योगिक क्षेत्रों में नवम्बर 1991 तक 179 लघु उद्योग इकाइयां उत्पादन में संलग्न थी तथा 61 इकाइयां निर्माणधीन अवस्था में थी । धातव्य है कि जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में आवंटित भूखण्डों की संख्या 416 थी ।

जिले में दिसम्बर 1991 तक लघु पेमाने की 57 इकाइया बद थी जिनमे राजस्थान वित्त निगम के 31 41 लाख रुपए विनियोजित थे ।

सवाई माधोपुर में औद्योगिक विकास : सरकार की भूमिका

केन्द्र सरकार आजादी के प्रारभिक वर्षो से ही औद्योगिक विकास को दिशा और दशा प्रदान करने वास्ते औद्योगिक नीति की घोषणा करती रही है । स्वतत्र भारत की पहली औद्योगिक नीति वर्ष 1948 मे घोषित की गई । तात्कालिक आर्थिक एव सामाजिक सरचना मे हुए बदलाव को दृष्टिगत रखते हुए पुन वर्ष 1956 मे एक व्यापक तथा प्रगतिशील औद्योगिक नीति की घोषणा की गई । यह नीति आर्थिक उदारीकरण के प्रारभ किये जाने से पूर्व तक भारत के औद्योगिक पटल पर प्रभावी भूमिका निभाती रही । वर्ष 1977 मे पहली मर्तबा गैर काग्रेसी सरकार ने ओद्योगिक नीति की घोषणा की । शीघ्र ही केन्द्र म काग्रेस पार्टी के पुन सत्तारूढ होने पर 1980 मे नवीन ओद्योगिक नीति की घोषणा की गई । जिसका आधार वर्ष 1956 की औद्योगिक नीति ही था । अस्सी के दशक के आखिरी वर्षो मे राजनीतिक उहा-पोह के दौर मे 1990 की औद्योगिक नीति का घोषणा की गई जो क्रियान्वित नहीं हो सकी ।

जिला उद्योग केन्द्र :

राजस्थान के समुन्नत औद्योगिक विकास के लिए सभी जिलो मे जिला उद्योग केन्द्र कार्यरत है जिला उद्योग केन्द्र, सरकार द्वारा जिला स्तर पर सचालित कार्यक्रम है। जिला उद्योग केन्द्रो का मुख्य कार्य जिला स्तर पर ग्रामोद्योग, लघु एव अति लघु उद्योगो को सबधित सेवाए प्रदान करना है । इससे ग्रामीण व छोटे कस्बो मे उद्योगो को प्रोत्साहन मिलता है तथा बडे पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होते हैं । जिला उद्योग केन्द्र जिले मे उपलब्ध साधनो की जाच करते हैं उद्यमियो को साख सुविधा प्रदान करते हैं तथा उनके उत्पाद के विपणन की व्यवस्था करते हैं । जिला उद्योग केन्द्र ग्रामीण विकास खण्डो व खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड, हथकरघा विकास निगम राजसिको आदि के बीच कडी स्थापित करने का कार्य करते हैं ।

सवाई माधोपुर मे भी जिला उद्योग केन्द्र जिले के औद्योगीकरण विशेषकर लघु उद्योगो की विकास मे उल्लेखनीय भूमिका का निर्वाह कर रहा है । सवाई माधोपुर जिले मे अक्टूबर 1972 मे जिला उद्योग केन्द्र स्थापित हुआ । यह उद्योग निदेशालय जयपुर के नियत्रण मे कार्य करता है । इसका प्रमुख जिला उद्योग अधिकारी सवाई माधोपुर है । यह मुख्यतया जिले के औद्योगिक विकास के लिए उत्तरदायी है । वर्ष 1973-74 मे जिला उद्योग कार्यालय मे एक पॉवरलूम इस्पेक्टर एक भार व गणना इन्स्पेक्टर, दो लेखा क्लर्क दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और एक मेनुअल सहायक थे । उद्योग इस्पेक्टर

समय पर हेर-फेर करती रही है मगर इस बार बिल्कुल नई इबारत लिख दी है । अब उद्योगो मे जनता की सीधी भागीदारी के और अवसर मिलेंगे । निजीकरण केवल वैचारिक आधार पर नहीं किया गया है बल्कि यह आज की आवश्यकता है । सार्वजनिक क्षेत्र को सामाजिक आर्थिक परिवर्तनो के सदर्भ मे सही भूमिका निभाने की अनुमति होगी। देश के उद्योगों को आधुनिक व गतिशील अर्थ व्यवस्था की चुनौती का सामना करना है ।

नई औद्योगिक नीति का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण परिवर्तन लाइसेंस राज के खात्मे की शुरूआत है । नए प्रावधान के अनुसार अब निर्धारित 16 उद्योगो को छोडकर अन्य के लिए लाइसेस की आवश्यकता नहीं होगी । इससे जटिल कागजी कार्यवाही कम होन से भ्रष्टाचार उन्मूलन मे मदद मिलेगी । नीति का दूसरा महत्त्वपूर्ण पहलू प्रत्यक्ष विदेशी पूजी निवेश 40 प्रतिशत से बढाकर 51 प्रतिशत कर देना है । इससे विदेशी पूजी आकर्षित होगी तथा उच्च तकनीक के आयात को प्रोत्साहन मिलेगा । उच्च प्रौद्योगिकी के निर्धारित क्षेत्र मे शत प्रतिशत विदेशी इक्विटी विनियोग किया जा सकता है । एम आर टी पी कानून से उद्योगो को छूट दी गई है इससे उद्योगो के विकास और विस्तार को प्रोत्साहन मिलेगा।

पूजी विनियोग सब्सिडी

भारत सरकार द्वारा सितम्बर 1988 तक राज्य के 27 जिलो मे से औद्योगिक दृष्टि से पिछडे घोषित किये गए 16 जिलो को पूजी विनियोग सब्सिडी दी जाती । 16 जिलो के अतिरिक्त 11 जिलो को राज्य सरकार की ओर से विनियोग सब्सिडी दी जाती थी ।

सवाई माधोपुर के लिए राज्य सरकार द्वारा बडी व मध्यम इकाइयो के लिए 10 प्रतिशत (अधिकतम 10 लाख रुपए) लघु इकाइयो के लिए 15 प्रतिशत (अधिकतम 3 लाख रुपए) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के लिए लघु इकाइयो पर 20 प्रतिशत तथा नन्हीं इकाइयो के लिए 25 प्रतिशत विनियोग सब्सिडी रखी गई थी ।

राज्य सरकार द्वारा एक अप्रेल 1990 से अग्राकित पूजी विनियोग सब्सिडी प्रदान की जाती है जो 31 मार्च 1995 तक क्रियान्वयन मे रहेगी ।

1 सभी नए मध्यम तथा बडे पैमाने के उद्योगो की स्थिर पूजी के विनियोग पर 15 प्रतिशत की दर (एक इकाई को 15 लाख रुपए तक अधिकतम राशि)

2 निम्न श्रेणी के उद्योगो को 20 प्रतिशत की दर से सब्सिडी (एक इकाई को अधिकतम 20 लाख रुपए तक) पर यह सुविधा निम्न उद्योगो के लिए उपलब्ध होगी

1 लघु एव सहायक उद्योग

2 राज्य मे उपलब्ध ससाधन आधारित उद्योग

3 अप्रवासी भारतीयों द्वारा स्थापित उद्योग

4 शत प्रतिशत निर्यातोन्मुखी उद्योग

3 दो प्रतिशत अतिरिक्त पूजी विनियोग सब्सिडी (2 लाख रूपए अधिकतम) उन श्रम गहन उद्योगो को प्रदान की जायेगी जो फैक्ट्री अधिनियम, 1948 मे पजीकृत है तथा जिसमे प्रति श्रमिक विनियोग 35 हजार से कम है ।

राजस्थान सरकार पूजी विनियोग सब्सिडी के अतिरिक्त जिले में स्थापित होने वाले उद्योगो को बिक्री करो मे रियायते, चूगी से छूट, अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति के उद्यकर्त्ताओ के लिए विशेष सहायता, विपणन सहायता आदि नियमानुसार प्रदान करती है ।

सवाई माधोपुर जिले का जिला ग्रामीण-उद्योग परियोजना "ड्रिप" मे चयन

वर्ष 1993-94 के बजट के अनुसार भारत सरकार ने देश के पाच चुने हुए जिलो मे जिला ग्रामीण उद्योग परियोजना अर्थात् "ड्रिप" लागू की थी । इस योजनान्तर्गत राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण बैंक (नाबार्ड) द्वारा चयनित पाच जिलो मे सवाई माधोपुर जिला भी है ।

इस योजना का उद्देश्य जिले के ग्रामीण विकास के कुटीर एव ग्राम उद्योग छोटे-छोटे उद्योगो के लिए अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध करवाकर गावो में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है । योजना के उद्देश्यो में ऋण देने के साथ साथ यह भी सुनिश्चित करना है कि इस प्रकार के औद्योगीकरण के विकास के लिए किस प्रकार की सहायता दी जाए । इसमे प्रशिक्षण आदि दिया जाना भी शामिल है ।

इस कार्यक्रम की सबसे महत्त्वपूर्ण कडी विकास मे कार्यरत एजेंसियो स्वयसेवी सस्थाओ तथा बैंको को परस्पर सहयोग के लिए वातावरण तैयार कर योजना का क्रियान्वयन करना है । इस दृष्टि से नाबार्ड ने वर्ष 1993-94 मे सवाई माधोपुर जिले मे स्विस डवलपमेंट कॉरपोरेशन के विशेषज्ञो की सहायता से परियोजना के क्रियान्वयन के लिए सेमिनार आयोजित किए ।

नाबार्ड द्वारा सवाई माधोपुर जिले के लिए इस योजनान्तर्गत 25 करोड रुपए का पुनर्वित पाच वर्षों में उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है । राज्य सरकार के प्रयत्नो से इस योजना के अनुरूप अन्य जिलो मे भी कार्यक्रम चलाने का प्रयास किया जा रहा है ।

नाबार्ड ने जिले में वर्ष 1992-93 मे 12 लाख रुपए का पुनर्वित किया था, जबकि आलोच्य वर्ष (1993-94) मे यह राशि बढकर एक करोड रुपए हो गयी । जिले में पिछले वर्ष (1992 93) के मुकाबले आठ गुणा आधिक पुनर्वित्त किया गया। इस योजना मे 1993-94 मे करीब एक हजार लोगो को रोजगार उपलब्ध हुआ ।

जिले में केन्द्र सरकार का उपक्रम

केन्द्र सरकार का राजस्थान मे निवेश अधिक नहीं है । वर्ष 1990 91 म राजस्थान में केन्द्र सरकार के निवेश का हिस्सा 1 70 प्रतिशत ही था । सार्वजनिक उपक्रम सर्वेक्षण 1987-88 के अनुसार राजस्थान मे केन्द्र सरकार के प्रमुख आठ प्रतिष्ठान थे।

सवाई माधोपुर मे केन्द्र सरकार का मात्र एक मझौले श्रेणी का प्रतिष्ठान इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन का इण्डियन बाटलिग प्लाट एल पी जी गेस स्टोरेज एव सिलेण्डरो में गैस भरने का कार्य करता है । इस प्लाट की स्थापना 16 जुलाई 1986 मे की गई।

वर्ष 1990 मे इण्डियन बाटलिग प्लाट को लाइसेसिग तथा स्थापित क्षमता क्रमश 50,000 मीट्रिक टन तथा 50,000 मीट्रिक टन थी । प्रोजेक्ट की लागत 2000 लाख रुपए तथा विनियोग यथा कुल सकल स्थायी विनियोग 1508, लाख रुपए, कुल शुद्ध स्थाया सम्पत्ति 1522 लाख रुपए, कार्यशील पूजी 80 लाख रुपये थी ।

वर्ष 1990 मे 35928 मीट्रिक टन एल पी जी गैस को सिलेण्डरो मे भरा गया जिसकी कीमत 2302 9 लाख रुपए थी । प्लाट की विद्युत माग 17000 किलोवाट थी। प्लाट मे 157 व्यक्ति रोजगार प्राप्त किए हुए थे ।

जिले में राज्य सरकार का उपक्रम

राजस्थान सरकार राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास तथा विनियोग निगम 'लिमिटेड रीको' के माध्यम से सदियो के औद्योगिक पिछडेपन पर प्रहार करने वास्ते प्रयासरत है । रीको के द्वारा अथवा इसके सहयोग से राज्य मे अनेक प्रमुख औद्योगिक इकाइयो की स्थापना हुयी है । मार्च 1990 तक राज्य सरकार के 40 उपक्रमो मे 3130 29 करोड रुपए का विनियोजन हो चुका था । इस विनियोजन मे राज्य सरकार का योगदान 1445 करोड रुपए था । शेष धनराशि केन्द्र राष्ट्रीयकृत बैंक तथा अन्य स्रोतो द्वारा विनियोजित की गई ।

सवाई माधोपुर जिले मे राज्य सरकार द्वारा स्थापित आज तक कोई भी उपक्रम नहीं है । राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास तथा विनियोग निगम लिमिटेड रीको ने भी इस दिशा में कोई विशेष पहल नहीं की है । जिले मे मात्र दो आशय पत्र (लेटर ऑफ इन्टेन्ट) (1) 2080 टन प्रतिदिन क्राकरी उत्पादन क्षमता सबधी सयत्र के लिए रीको जयपुर को तथा (2) एक लाख टन प्रतिदिन मिथामूल उत्पादन क्षमता वाले सयत्र के लिए रीको जयपुर को जारी किए है ।

उक्त वर्णन इस बात का स्पष्ट द्योतक है कि राज्य सरकार ने सवाई माधोपुर जिले में पर्याप्त सभावनाओ के होते हुए भी औद्योगिक उत्थान की ओर सक्रिय प्रयास

नहीं किया है इस बात की पुष्टि निम्नलिखित आकडो से होती है ।

(लाख रुपए)

वर्ष	राज्य सरकार द्वारा सवाई माधोपुर जिले मे योजना कार्यों पर किया गया कुल व्यय	उद्योगो एव उद्योग खनन पर व्यय	उद्योग खनन पर कुल योजना व्यय का प्रतिशत
1971 72	51 08	0 19	0 37
1972–73	67 35	0 63	0 94
1973–74	66 26	0 72	1 09

स्रोत जिला साख्यिकीय रूपरेखा 1977 सवाई माधोपुर पृष्ठ 196 198

नोट नवीनतम साख्यिकीय रूपरेखा से (1988) मे योजना कार्यों पर व्यय का उल्लेख नहीं किया गया है ।

सवाई माधोपुर मे योजना कार्यों पर वर्ष 1971-72 में 51 08 लाख रुपए 1972-73 मे 67 35 लाख रुपए तथा 1973 74 मे 66 26 लाख रुपए व्यय किये गये । इनमें से उद्योग व खनन पर 1971-72 मे 0 19 लाख रुपए 1972-73 मे 0 63 लाख रुपए तथा 1973-74 मे 0 72 लाख रुपए योजना कार्यों पर व्यय के अन्तर्गत खर्च किए गये। उद्योग व खनन पर किया गया व्यय कुल योजना व्यय का, क्रमश 0 37 प्रतिशत 0 94 प्रतिशत तथा 1 09 प्रतिशत ही रहा ।

रीकों का सवाई माधोपुर जिले के औद्योगिक विकास में योगदान

राजस्थान म औद्योगीकरण की गति को तीव्र करने वास्ते निजी व सार्वजनिक क्षेत्र के अनेक प्रतिष्ठान सतत् प्रयत्नशील है। इनमे सबसे अग्रणी है राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास तथा विनियोग निगम लिमिटेड "रीको" जिसकी स्थापना राजस्थान सरकार ने 1969 मे की ।

वर्ष 1979 मे रीको से राजस्थान राज्य खनिज विकास निगम के अलग से स्थापित हो जाने के पश्चात रीको का कार्य क्षेत्र औद्योगिक विकास तक सीमित हो गया । वर्तमान मे रीको द्वारा परियोजनाओ का चयन, उनके लिए आशय-पत्र तैयार करना, खाका, रूपरेखा, औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना, उद्योगो के लिए आधारभूत सरचना, मध्यम व बडे उद्योगों के लिए वित्तीय व्यवस्था विनियोजकों को आकर्षित करने के लिए आवश्यक सेवाए उपलब्ध कराना आदि महत्त्वपूर्ण काय सम्पन्न किए जा रहे है ।

रीको मध्यम तथा बडे पैमाने के उद्योगो को अश सहभागिता और प्रत्यक्ष सहायता प्रदान करता है । प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता की उच्चतम सीमा । 5 करोड रुपए है । रीको

भूखण्डो की सख्या 641 थी । 416 भूखड आवटित किये गए तथा 225 भूखण्ड आवटन क लिए उपलब्ध थ । आवटित भूखण्डा म 179 लघु उद्योग इकाइया उत्पादन मे सलग्न तथा 61 लघु उद्योग इकाइया निमाणाधीन अवस्था मे थी ।

राको द्वारा सवाई माधापुर म विकसित किये गए औद्योगिक क्षेत्रो का विवरण निम्नाकत हे

1 हिन्डोन सिटी औद्योगिक क्षेत्र हिन्डान सिटी आद्योगिक क्षेत्र मे 500 वर्ग मीटर मे 2000 वग मीटर तक के 157 भूखण्ड हे इनका आवटन मूल्य 50 रूपए प्रति वर्ग मीटर हे 156 भूखण्ड आवटित किए जा चुके तथा एक भूखण्ड आवटन के लिए उपलब्ध हे आवटित किये गए भूखण्डो म 112 लघु उद्योग इकाइया उत्पादन म सलग्न है तथा 8 लघु उद्योग इकाइया निर्माणधान अवस्था म हे ।

2 गगापुर सिटी आद्योगिक क्षेत्र गगापुर सिटी आद्योगिक क्षेत्र मे 700 वर्ग माटर से 4000 वग मीटर क 184 भूखण्ड है । आवटन मूल्य 30 रुप प्रति वर्ग मीटर हे । 108 भूखण्ड आवाटत किए जा चुक तथा 76 भूखण्ड आवटन के लिए उपलब्ध है आवटित किय गये भूखण्डो म 35 लघु उद्याग इकाइया उत्पादन मे सलग्न है तथा 23 लघु उद्याग इकाइया निर्माणधीन व्यवस्था म हे ।

3 खरदा आद्यागिक क्षत्र खरदा ओद्यागक क्षेत्र मे 500 वर्ग मीटर से 4000 वर्ग माटर तक क 139 भूखण्ड हे । आवटन मूल्य 30 रुपए प्रति वर्ग मीटर है । 75 भूखण्ड आवटित किए जा चुके तथा 64 भूखण्ड आवटन के लिए उपलब्ध है । आवटित भूखण्डा म 29 लघु उद्योग इकाइया उत्पादन मे सलग्न है तथा 19 लघु उद्योग इकाइया निमाणाधान अवस्था म है ।

4 आर टी आर औद्यागिक क्षेत्र आर टी आर औद्योगिक क्षेत्र मे 500 वर्ग माटर से 4000 वग माटर तक क 38 भूखण्ड है । आवटन मूल्य 20 रुपए प्रति वर्ग माटर हे 11 भूखण्ड आवटित किए जा चुक ह तथा 27 भूखण्ड आवटन के लिए उपलब्ध ह । आवाटत भूखण्डा म 3 लघु उद्याग इकाइया उत्पादन मे सलग्न है तथा एक इकाइ निमाणाधीन अवस्था म ह ।

5 करोला औद्यागिक क्षेत्र करोली म औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि अधिग्रहित का गइ हे ।

जिल क आद्यागिक विकास म राजस्थान वित्त निगम की भूमिका

राजस्थान वित्त निगम एक वैधानिक निगम हे जिसकी स्थापना राज्य वित्त अधिनियम 1951 क अन्तगत 1955 म का गई । निगम का मुख्य कार्य लघु एव मध्य पैमान क उद्योगा को वित्तीय सहायता दना है ।

राजस्थान वित्त निगम क प्रमुख कार्यो म औद्योगिक इकाइया को कर्ज एव अग्रिम औद्यागिक इकाइया का कज दन क मामले मे कन्द्र एजेन्ट के रूप मे कार्य करना

औद्योगिक इकाइयो द्वारा जारी किये गए स्टॉक, शेयर डिबचर, प्रतिभूतिया खरीदना, अभिगापन का कार्य, कर्ज की गारटी, औद्योगिक इकाइयो को बिक्री कर की एवज मे ब्याज मुक्त कर्ज, नई औद्योगिक इकाइयो को सीड पूजी, औद्योगिक सब्सिडी आदि मुख्य है ।

राजस्थान वित्त निगम द्वारा लघु एव मध्यम पैमाने के उद्योगो को वित्तीय सहायता देने की अनेक स्कीमो यथा कम्पोजिट कर्ज स्कीम, शिल्पबाडी स्कीम, टैक्नोक्रेट स्कीम, महिला उद्यमकर्ता सब्सिडी को एवज मे कर्ज की स्कीम सहायता की एक खिडकी स्कीम, अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति के उद्यमकर्त्ताओ को उदार शर्तों पर ऋण आदि के अन्तर्गत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है ।

राजस्थान वित्त निगम द्वारा प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता की उच्चतम सीमा 90 लाख रुपए हे । औद्योगिक इकाइयो की कुशलता से सेवा करने वास्ते समूचे राज्य मे 37 शाखा कार्यालय तथा 9 रीजनल कार्यालय है । ब्राच रीजनल कार्यालयो के 7 5 लाख रूपए तक की ऋण स्वीकृति तथा 40 लाख रुपए तक के ऋण वितरण का अधिकार है ।

राजस्थान वित्त निगम सवाई माधोपुर में स्थापित होन वाले लघु एव मध्यम पैमाने के उद्योगो को वित्तीय सहायता प्रदान करता है ।

राजस्थान वित्त निगम राज्य वित्तीय निगम एक्ट, 1951 के तहत् औद्योगिक इकाइयो को स्थायी पूजी, कार्यशील पूजी, विस्तार आधुनिकीकरण नवप्रवर्तन के लिए ऋण मुहैया कराता है । निगम ने राज्य सरकार के एजेन्ट के रूप में ऋण स्वीकृति के लिए स्टेट एड टू इन्डस्ट्रीज रूल्स 1963 क अन्तर्गत 1971 तक कार्य किया । ये एजेन्सी ऋण 3 प्रतिशत की दर से (राज्य सरकार कोष के बाहर) तथा 6 प्रतिशत (निगम के कोष के बाहर) की दर से स्वीकृत किये गए । ब्याज का पुनर्भुगतान सतत् किश्तो में तथा राज्य सरकार द्वारा गारटी युक्त था । राजस्थान वित्त निगम द्वारा वर्ष 1955-56 से 1974-75 के बीच 13 औद्योगिक इकाइयो को 31 49 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया ।

राजस्थान वित्त निगम द्वारा सवाई माधोपुर में वर्ष 1984-85 मे 152 इकाइयों के लिए 131 47 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया इसमें से वितरण 98 इकाइयों को 49 50 लाख रुपए का किया गया । वर्ष 1990-91 में 40 17 लाख रुपए का ऋण स्वीकृत किया गया जबकि वितरण केवल 22 15 लाख रुपए का हुआ । वर्ष 1990 91 में 87 47 लाख रुपए के ऋणो की वसूली हुई । दिसम्बर 1991 तक लघु पैमाने के उद्योगो की 57 इकाइया बद थी जिनमें राजस्थान वित्त निगम के 31 41 लाख रुपए विनियोजित थे । निगम ने 13 लघु उद्योगो की 53 53 लाख रुपए की सम्पत्ति अधिग्रहित की । राजस्थान वित्त निगम ने विशेष स्कीम के अन्तर्गत वित्तीय सहायता में सेमफेक्स

के अन्तर्गत एक इकाई को 1 37 लाख रुपए स्वीकृत किये जिसमे से 0 15 लाख रुपए वितरित किए । अनुसूचित जाति एव अनुसूचित जनजाति के उद्यमी योजना के अन्तर्गत 28 इकाइयो के लिए 14 08 लाख रुपए स्वीकृत किये जिसमे से 15 इकाइयो को 14 77 लाख रुपए वितरित किये । सीड पूजी के लिए एक इकाई को 0 28 लाख रुपए स्वीकृत किये ।

सरकार की भूमिका का आलोचनात्मक मूल्याकन

सवाई माधोपुर मे बडे पैमाने के उद्योग तथा मझौले उद्योगो की सख्या कम होने का मुख्य कारण केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा जिले मे पूजी विनियोग नहीं करने अथवा अल्पल्प मात्रा मे करना है । आर्थिक नियोजन के गत साढे चार दशको मे जबकि देश मे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो का बोलबाला था, केन्द्र अथवा राज्य सरकार दूसरा एक भी बडे उद्योग की स्थापना सार्वजनिक क्षेत्र मे नहीं की गई । इससे जिले के बाशिदे न केवल राजकीय विनियोजन से वचित रहे अपितु निजी क्षेत्र का रूख भी अपेक्षित नहीं रहा ।

सरकार की निगाह मे सवाई माधोपुर जिला औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध है । इसे औद्योगिक विकास की दृष्टि से मात्र इसलिए पिछडा जिला घोषित नहीं किया गया क्योकि यहा पर आधारभूत सीमेंट उद्योग जयपुर उद्योग लिमिटेड है । एक मात्र इस आधारभूत उद्योग मे वर्ष 1987 स उत्पादन बद है । अन्य कोई बडा उद्योग जिले मे नहीं है । विडम्बना ही है कि जयपुर उद्योग लिमिटेड के कारण न तो जिले के बाशिदो को औद्योगिक विकास का लाभ मिल रहा है और न ही यह जिला औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछडा क्षेत्र घोषित हो सका । जयपुर उद्योग लिमिटेड के बारे मे जब तक कोई निर्णय नहीं हो जाता यह करने मे कतई सकोच नहीं कि यह जिला औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछडा है । जयपुर उद्योग के चालू होने पर भी जिले की पिछडेपन की बात प्रभावी ढग से कहीं जा सकती है । सरकार की योजनाओ मे सवाई माधोपुर के औद्योगिक विकास की दृष्टि से पिछडा नहीं होने से उद्यमियो को यहा सरकार द्वारा प्रदत्त विनियोग सब्सिडी का लाभ नहीं मिलता जिससे वे विनियोग हेतु आकर्षित नहीं हो पाते। फिर जयपुर उद्योग के विगत वर्षों से बद पडे होने के कारण उद्यमियो के दिलोदिमाग म अनेक तरह की आशकाए घर कर गई है तथा वे यहा विनियोग से विमुख हो रहे है । ऐसी स्थिति जिले मे उपलब्ध अथाह सीमेंट ग्रेड लाइम स्टोन के भडारा का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा तथा यहा की अद्य सरचना व्यर्थ पडी हुयी है ।

ऐसी बात नहीं कि जिले मे महत्त्वपूर्ण परियाजनाए आयी ही नहीं अतीत तथा हाल ही मे आयल रिफाइनरी तथा उर्वरक उद्योग जिले मे स्थापित किए जाने प्रस्तावित थे किंतु कदाचित कारणा से इनका अन्यत्र पलायन हो गया । बडे व मध्यम पैमाने के

उद्योगो की रिक्तता के साथ यहा लघु उद्योग इकाइयो की स्थिति भी उत्साहवर्द्धक नहीं है ।

रीको ने सवाई माधापुर मे औद्योगिक विकास वास्ते 6 औद्योगिक क्षेत्र विकसित किये है । औद्योगिक क्षेत्रो मे औद्योगिक स्थिति पर दृष्टिपात करे तो स्थिति निराशाजनक परिलक्षित होती है । नवम्बर 1991 तक रीको द्वारा आवटित किये गए 416 भूखण्डो मे मात्र 179 लघु उद्योग इकाइया उत्पादन मे सलग्न तथा 61 लघु इकाइया निमाणाधीन अवस्था मे थी ।

अन्य सरकारी उपक्रम राजस्थान वित्त निगम द्वारा जिले म प्रदत्त सेवाओ पर नजर डाले तो हम पाते है कि निगम की अनेक वित्तीय स्कीमो मे से जिले के उद्यमियो को कुछ ही स्कीमो का लाभ मिला हे । दिसम्बर 1991 तक लघु पैमाने की 57 बद इकाइयो मे राजस्थान वित्त निगम का 31 41 लाख रुपए फसा हुआ था ।

जिला उद्योग केन्द्र जिले मे औद्योगिक विकास का महत्त्वपूर्ण केन्द्र है । इसमे एक महाप्रबधक तथा पाच प्रबधक नियुक्त है जिनके कार्यो का पृथक पृथक विभाजन है किंतु जिला उद्योग केन्द्र का कार्य केवल इकाइयो का पजाकरण तथा उन्हे सब्सिडी की व्यवस्था करना तक सभवतया सीमित रह गया हे ।

सवाई माधोपुर में औद्योगिक विकास से सबधित जो विभिन्न सरकारी तथा अन्य सस्थाए है उन्हे जिले मे तीव्र औद्योगिक विकास वास्ते सचेष्ट रहना होगा अन्यथा जिले का औद्योगिक विकास की दृष्टि से गति पकडना बडा मुश्किल होगा ।

राजस्थान के औद्योगिक विकास मे सवाई माधोपुर जिले का योगदान

सवाई माधोपुर म समृद्ध प्राकृतिक ससाधना का लाभ नहा उठा पाने के कारण यहा औद्योगिक इकाइयो का अपक्षित गति से विकास नहीं हो सका जिसस राजस्थान के औद्योगिक विकास मे सवाई माधोपुर जिल का योगदान राज्य के अन्य जिलो की तुलना मे कम रहा है । यहा की वर्तमान औद्योगिक स्थिति के आधार पर राजस्थान के औद्योगिक विकास मे सवाई माधोपुर जिले का योगदान निम्नलिखित है

सीमेन्ट उत्पादन

राजस्थान देश का प्रमुख सीमट उत्पादक राज्य हे । सामट उत्पादन का एक प्रमुख प्लाट जयपुर उद्योग लिमिटेड सवाई माधोपुर जिले म स्थित ह । यह प्लाट अपना स्थापना स लेकर 1985 तक वट प्लाट तकनाक पर आधारित सीमेट उत्पादन मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है । यहा से सीमट की आपूर्ति राजस्थान तथा दश के अन्य प्रान्ता म की जाती रही हे ।

सवाई माधोपुर स्थित जयपुर उद्योग लिमिटेड का सीमेट उत्पादन निम्नांकित है

जयपुर उद्योग लि0 मे सीमेट उत्पादन

वर्ष	सीमट उत्पादन (टनो मे)
1970 71	800460
1971–72	698152
1972 73	682340
1973 74	563789
1985–86	441336

स्रोत 1 राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजटीयर्स, सवाई माधोपुर 1981

2 जिला उद्योग कार्यालय, सवाई माधोपुर

एल पी जी रिफलिग

सवाई माधोपुर स्थित इण्डियन ऑयल कॉरपोरेशन का इण्डियन बाटलिंग प्लाट एल पी जी रिफलिग का कार्य करता है । यह प्लाट राजस्थान मे एल पी जी रिफलिग का एक मात्र मेजर प्लाट है । इण्डियन बाटलिग प्लाट की स्थापना वर्ष 1986 मे हुयी। वर्ष 1990 में इस प्लाट द्वारा 35928 मीट्रिक टन एल पी जी गैस को सिलैण्डरो मे भरा गया । प्लाट की सस्थापित क्षमता 50,000 मीट्रिक टन है ।

अन्य मझौले उद्योगों का उत्पादन :

जिले में बाटलिग प्लाट के अलावा दो मझौले उद्योग एक तिलम सघम परियोजना, गगापुर सिटी तथा दूसरा गोल्डन हिल ब्रेवरी सवाई माधोपुर है जो क्रमश सरसो व मूगफली का तेल तथा बीयर का उत्पादन करते हैं । वर्ष 1993 तक इन उद्योगों के निर्माणाधीन अवस्था मे होने के कारण उत्पादन प्रारम्भ नहीं हुआ ।

लघु उद्योगो का उत्पादन :

सवाइ माधोपुर में लघु उद्यागा की महत्त्वपूर्ण भूमिका है । विगत दशक म लघु उद्योगा की सख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुयी है । सवाई माधोपुर मे वर्ष 1993 में 4481 पजीकृत लघु उद्योग इकाइया थी, जिनमे 868 06 लाख रुपए का विनियोजन था *तथा 13063 व्यक्ति रोजगार पाए हुए थे ।*

खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पाद :

सवाइ माधोपुर में खादी उद्योग के अन्तर्गत सूती एव ऊनी खादी तथा ग्रामोद्योग के अन्तर्गत 15 प्रकार की उद्योग इकाइया है जो चर्म, घाणी तेल, लुहारी सुथारी, कली

चूना, कुम्हारी रेशा, बास बेत, अनाज दाल प्रशोधन, अखाद्य तेल साबुन, गुड खाण्डसारी, ताड़ गुड, फल प्रशोधन, टेक्सटाइल, सेवा, हाथ कागज के उत्पादन मे सलग्न है । वर्ष 1990-91 में सूती एव ऊनी खादी का उत्पादन 70 49 लाख रुपए का हुआ तथा बिक्री इस वर्ष 121 00 लाख रूपए की हुयी । खादी उद्योग मे 360 व्यक्ति पूण एव आशिक रोजगार प्राप्त किये हुए थे । वर्ष 1990-91 मे ग्रामोद्योग मे 615 18 लाख रुपए का उत्पादन तथा 777 86 लाख रुपए की बिक्री हुयी । इन उद्योगो म 12032 व्यक्तियो को रोजगार मिला हुआ था ।

पर्यटन उद्योग :

सवाई माधोपुर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्वपूर्ण पर्यटन स्थल के रूप मे जाना जाता है । रणथम्भौर की वादियो मे दुर्ग के अतिरिक्त सुविख्यात रणथम्भौर नेशनल पार्क है जहा वन्य जीव और सुरम्य नैसर्गिक सौन्दर्य के कारण देशी विदेशी पर्यटक अनायास आकर्षित होते हैं । वर्ष 1983 84 मे सवाई माधोपुर मे 19575 स्वदेशी तथा 288 विदेशी पर्यटक आए जिनकी सख्या तेजतर गति से बढकर वष 1990-91 मे क्रमश 35941 तथा 6432 हो गई ।

वनोत्पाद :

तेदू के पत्ते व जलाऊ लकड़ी/कोयला जिले के वनो की मुख्य उपज है । वर्ष 1986 87 मे उत्पादित तेदू के पत्तो का मूल्य 21050 रुपए था । वनो की लघु उपज से 1986-87 मे 367715 रूपए की आय हुयी । वनो से आय मे राजकीय अधिग्रहण द्वारा निकाली गई लकडी एव अन्य वन्य उपयो से 47000 रुपए उपभोक्ताओ एव खरीददारो द्वारा निकाली गई लकडी से 216000 रुपए तथा वन नियोजन के अन्तर्गत 272000 रुपए की आय हुयी ।

डेयरी उत्पाद :

जिले मे 1988-89 मे पजीकृत डेयरी सहकारी समितियो की सख्या 176 थी जिनमे 14750 सदस्य थे । 1988-89 मे 15 43 लाख किलोग्राम दुग्ध का सग्रह किया गया। प्रतिदिन दुग्ध सग्रह क्षमता 5720 किलोग्राम थी ।

औद्योगिक कच्चा माल :

जिले मे कृषि आ ारित उद्योगो के विकास के लिए तिलहनो का उत्पादन भरपूर है तथा खनिज आधारित उद्योगो के विकास के लिए आवश्यक खनिजो की पर्याप्त मात्रा

मे उपलब्धता है । वष 1988 89 मे सवाई माधोपुर मे खाद्यान्न का उत्पादन 541344 टन दाला का उत्पादन 42791 टन तिलहन का उत्पादन 180044 टन गन्ने का उत्पादन 13375 टन तथा तम्बाकू का उत्पादन 455 टन हुआ । वष 1990 मे प्रमुख खनिजो का बिक्री मूल्य 2250 3 हजार रुपए तथा अप्रधान खनिजा का बिक्री मूल्य 103247 9 हजार रुपए था ।

सवाई माधोपुर जिले मे औद्योगिक विकास की सभावना का यदि भरपूर उपयोग किया जाए तो यह जिला न केवल राजस्थान म वरन् समूचे देश मे महत्त्वपूर्ण औद्योगिक केन्द्र के रूप मे विकसित हो सकता है ।

जिले के औद्योगिक विकास को प्रोन्नत करने हेतु उद्यमियो एव सरकार को विनियोग के लिए आमन्त्रित करने का प्रयास

सवाई माधोपुर जिला प्राकृतिक ससाधनो की दृष्टि से समूचे राजस्थान मे अपना सानी नहा रखता । यहा विस्तृत समतल भू भाग कृषि उपयोग क्षेत्रफल वन जल खनिज आदि बहुतायत म उपलब्ध है । पशु सम्पदा मे भी जिला सम्पन्न है । उत्पाद को देश के बडे से बडे बाजारो तक पहुचाने मे कोई कठिनाई नहा ब्रोड गेज रेलवे लाइन जिले के मध्य से होकर गुजरती है ।

जिले म उपलब्ध ससाधनो पर आधारित कुटीर खादी व ग्रामाद्योग डेयरी उद्योग पर्यटन उद्याग मध्यम पैमाने के उद्योग तथा बडे पैमाने के उद्याग स्थापित किए जा सकते है । बड पैमाने के उद्याग म यहा आधारभूत उद्योग यथा आयल रिफाइनरीज सीमेट उद्योग उर्वरक उद्योग स्थापित किए जा सक्ते है । अन्य बडे उद्योगो मे साल्वेट एक्सट्रैक्शन व आधुनिक जूते निमाण की इकाई स्थापित की जा सकती है ।

दश के उद्यमिया तथा सरकार को चाहिए कि वे सवाई माधापुर की समृद्ध ओद्योगिक सभावयता का लाभ उठाए, पूजी विनियोग द्वारा अधिकाधिक औद्योगिक इकाइयो का स्थापना कर । जिले क आद्योगिक विकास के अतात मे साहू जेन ग्रुप ने सवाई माधापुर की धना प्राकृतिक सम्पदा को भाप कर यहा आधार भूत सीमेट प्लाट स्थापित किया जिसने राष्टाय स्तर पर नवान आयाम स्थापित किए । देश के औद्योगिक मानचित्र पर चिमनिया वाला सवाई माधापुर जिला सदेव चिन्हित रहा । यद्यपि तथाकथित कारणा स जयपुर उद्याग लिमिटड म उत्पादन बद है । जिसक भविष्य म प्रारभ हाने की सभावना है ।

जयपुर उद्याग जैसे अनेक बडे उद्योगा की सभाव्यता जिले मे मौजूद है । सभी विनियोजको के लिए जिल के ओद्योगिक द्वार खुले है । यहा साम्प्रदायिक सौहार्द है अमन चैन है स्वच्छ आद्योगिक वातावरण है विकास क अनुकूल ओद्योगिक सस्कृति है जन समूह उद्यमिया क स्वागत के लिए लालायित है । जिला मुख्यालय पर खेरदा

एव आर टी आर तथा गगापुर हिन्डौन ऐसे औद्योगिक क्षेत्र है जो ब्रोड गज रेलवे लाइन पर स्थित है । राज्य सरकार की पूजी विनियोग सब्सिडी सुविधा उपलब्ध है । अब तो जिला पर्यटन की दृष्टि से भी काफी समृद्ध होता जा रहा है रणथम्भौर राष्ट्रीय पार्क के कारण सवाई माधोपुर की अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति है । पर्यटन से सबधित अनेक औद्योगिक इकाइया यहा स्थापित की जा सकती है । उद्यमी यहा किस तरह का उद्योग लगाना चाहते है तथा कितनी मात्रा म पूजी विनियोजन चाहते हे इसकी न्यूनतम से अधिकतम सभावना यहा मौजूद है ।

जब हम एकात मे चिन्तन करते हे या अन्य के साथ विचार विमर्श यह विचार मतव्य सामने आता है समझ नहीं आता सम्पदा की दृष्टि से इतना सम्पन्न होने के बावजूद यहा औद्योगिक इकाइयो का अकाल है माना पर्यावरण के कारण उद्यमियो को स्वीकृति नहीं मिल पाती होगी मगर पर्यटन से सबधित औद्योगिक इकाइया भी नहीं गैर प्रदूषणकारी इकाइया तो होनी चाहिए, और जो प्रदूषण कारी इकाइया हे उनके प्रदूषण को नियत्रित भी तो किया जा सकता है जिसकी सुविधाए आज के वैज्ञानिक युग मे उपलब्ध है । हमारी सम्मति म तो एक ही कारण नजर आता है उद्यमियो को यहा की औद्योगिक सभाव्यता का ज्ञान नहीं यदि है तो जिले क औद्योगिक हालत बदतर नहीं होते ।

भारत सरकार की नवीन आर्थिक नीतियो के कारण समूचे दश मे उत्तरोत्तर औद्योगिक विकास का माहौल सर्जित हो रहा है । उद्यमिया को अनक रियायते प्रदान की जा रही है लाइसेस राज का खात्मा हो चुका हे । देश क औद्योगिक घरानो को चाहिए कि वे सवाइ माधोपुर की सुदृढ अध सरचना ससाधना की बहुलता को दृष्टिगत रखते हुए सभावित आधारभूत उद्योग स्थापित करे । सवाई माधोपुर पिछले वर्षो से सरकारी विनियोग की दृष्टि से उपेक्षित रहा हे । सरकार को जिले की औद्योगिक सभाव्यता को दरगुजर नहीं करना चाहिए । सरकार को यहा के ससाधनो की उपलब्धता के आधार पर तथा सतुलित विकास के लक्ष्य को ध्यान मे रखकर विनियोजन मे अधिकाधिक वृद्धि करनी चाहिए । स्थानीय उद्यमियो को भी चाहिए कि वे यहा की औद्योगिक सभाव्यता का भरपूर लाभ उठाए ।

सवाई माधोपुर मे औद्योगिक विकास की भावी सभावनाए

सवाई माधोपुर राजस्थान राज्य का एक अति महत्वपूर्ण जिला है । कृषि यहा के लोगो का मुख्य व्यवसाय है । सवाई माधोपुर मे प्राकृतिक ससाधना की प्राप्यता आधारभूत सुविधाए उद्योग सस्थापना की प्रेरक सुविधाए स्थानीय जन आवश्यकता सम्पूर्ण देश मे माग वाले उद्योग आदि के आधार पर औद्योगिक विकास की अच्छी सभावनाएँ है । यहा खनिज आधारित ससाधन आधारित तथा माग आधारित उद्योगो के विकास की प्रचुर सभावना है । सवाई माधोपुर जिले मे औद्योगिक इकाइयो का विकास मुख्यत

उद्यमियो की प्रतिक्रिया और औद्योगीकरण के प्रति उसक दृष्टिकोण पर निर्भर है । यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि सरकार जिले में ओद्यागिक विकास वास्ते पर्याप्त औद्योगिक वातावरण का कितना सृजन करती है । सवाई माधोपुर मे औद्योगिक विकास की भावी सभावनाएँ निम्नलिखित शीर्षका से स्पष्टत परिलक्षित होती है

क्षेत्रफल सवाई माधोपुर जिले का क्षेत्रफल वर्ष 1981 मे 10527 0 वर्ग कि मी था । जो सम्पूण राजस्थान राज्य के क्षेत्रफल 342000 वग कि मी का 3 08 प्रतिशत है । अनुभव यह बताता है कि विस्तृत क्षेत्रफल विरतृत सभावनाओ का जनक है । विस्तृत क्षेत्रफल अपने मे अथाह ससाधन समेटे हुए रहता है । राजस्थान का थार मरूस्थल विस्तृत भू भाग तक व्यापक है । थार मरुस्थल मे खनिज व कृषि विकास की विपुल सभावनाए विद्यमान है । सवाई माधोपुर जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से धनी है ।

प्राकृतिक ससाधन

सवाई माधोपुर प्राकृतिक ससाधनो की दृष्टि से काफी समृद्ध है । यहा खनिज एव कृषि आधारित उद्योगा के विकास के लिए पयाप्त मात्रा मे खनिज तथा कृषि उत्पाद उपलब्ध है । वन क्षेत्रफल की दृष्टि से जिला प्रान्त के अति सम्पन्न जिलो मे है । पशु सपदा की यहा कोई कमी नहीं है मत्स्य भी अपेक्षित मात्रा मे है । जिले मे उपलब्ध प्राकृतिक ससाधनो का विवरण निम्नलिखित है

खनिज सवाई माधोपुर मे लगभग सतरह प्रकार के प्रधान व अप्रधान खनिज पाए जाते है । प्रधान खनिजा मे चायना क्ले व व्हाइट क्ल फैल्सपार फायर क्ले लाइम स्टोन लाल व पीला आकर्स क्वार्टज सिलिका सैण्ड और सोप स्टोन आदि तथा अप्रधान खनिजो मे ब्रिक अर्थ ग्रेनाइट ककर बजरी लाइम स्टोन (चूना) मार्बल (ब्लाक) मेसोनरी स्टोन मिल स्टोन मुरम पटटी कातला व सैण्ड स्टोन आदि मुख्य है ।

कृषि सम्पदा कृषि सम्पदा की दृष्टि से सवाइ माधापुर राजस्थान का महत्त्वपूर्ण जिला है । अधिसख्यक जनसख्या का मुख्य व्यवसाय कृषि है । जिले मे मुख्यत बाजरा मक्का मुगफली ज्वार दलहनी फसले गेहू, जौ चना सरसा अलसी व तारामीरा की खेती की जाती है । जिले म भूमि उपयोग उद्देश्य के लिए रिपोटिंग क्षेत्र 1052731 हैक्टेयर्स है । वर्ष 1988 89 म शुद्ध बोया गया क्षेत्र 501032 हैक्टयर्स है जो कि भूमि उपयोग हेतु रिपोटिंग क्षेत्र का 47 59 प्रतिशत है ।

पशु सम्पदा सवाइ माधोपुर मे गाय/बेल भैस/भैसे भेडे बकरिया घोडे एव टटू गधे एव खच्चर ऊट सूअर आदि पशु तथा बतखे व मुर्गे/मुर्गी आदि कुक्कट बहुतायत म पाए जाते हैं । जिले मे वर्ष 1972 म पशुधन सख्या 1499776 थी जो बढकर 1988 मे 1706937 हो गई । वर्ष 1988 मे 45041 कुक्कट थे ।

आधारभूत संरचना :

सवाई माधोपुर आधारभूत सरचना की दृष्टि से राजस्थान का महत्त्वपूर्ण जिला है । सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण पहले जिले के ब्रोडग्रेज के माध्यम से दिल्ली और बम्बई से जुडे हुए होना है । हाल ही जिला राजधानी जयपुर तथा महत्त्वपूर्ण मरू जिला जोधपुर बीकानेर से भी ब्रोडगेज से जोड दिया गया है । इससे थार मरुस्थल की अथाह खनिज सपदा का लाभ जिले को मिल सकेगा । समूचे जिले मे 188 कि मी लम्बी रेल लाइनो का जाल बिछा हुआ है जिस पर अठारह रेलवे स्टेशन है ।

जिले मे विद्युत आपूर्ति के लिए सवाई माधोपुर गगापुर सिटी हिन्डोन सिटी तथा मण्डावर मे 132 के वी ग्रिड सब स्टेशन है । करौली क्षेत्र मे बिजली की अबाध गति एव आपूर्ति सुनिश्चित करने वास्ते 17 अप्रेल 1993 को तत्कालीन राज्यपाल श्री एम चन्ना रेड्डी के कर कमलो द्वारा 132 के वी सब ग्रिड स्टेशन का शिलान्यास किया गया । इस ग्रिड स्टेशन ने मई 1994 मे कार्यारभ कर दिया है । सिचाई सुविधा वास्ते राज्य को सबसे बडी नदी चम्बल व बनास इस जिले मे होकर बहती है तथा मोरेल काली सिल जग्गर नदिया कृषि उत्पादन को बढाने मे मदद देती है ।

सवाई माधोपुर मे सामान्य शिक्षा के चार महाविद्यालय के अतिरिक्त व्यावसायिक शिक्षा के तीन महाविद्यालय है । जिले के सभी महाविद्यालयो मे वाणिज्य शिक्षण की व्यवस्था है । जिले के 18 स्कूलो मे व्यावसायिक शिक्षा की सुविधा उपलब्ध है । इनके अलावा जिले मे बैंक सचार, चिकित्सा आवास आदि सुविधा भी यथोचित है ।

औद्योगिक क्षेत्र :

सवाई माधोपुर मे वर्तमान मे हिन्डौन सिटी, गगापुर सिटी, खेरदा आर टी आर करौली औद्योगिक क्षेत्र है । नवम्बर 1991 तक इन औद्योगिक क्षेत्र में 168 भूखण्ड आवटन के लिए उपलब्ध थे । हाल ही राजस्थान सरकार ने रीको के औद्योगिक क्षेत्रों मे स्थापित इकाइयो को भी पूजी विनियोजन सब्सिडी सबधी रियायत घोषित की है । यह सरकार की महत्त्वपूर्ण घोषणा है, इससे रीको औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योगो का तीव्र विकास सभव हो सकेगा ।

संभावित बड़े उद्योग :

सवाई माधोपुर मे निम्नाकित बडे पैमाने के उद्योगो की स्थापना की प्रचुर सभावना है :

1 **ऑयल रिफाइनरी** – सवाई माधोपुर मे सार्वजनिक क्षेत्र मे आयल रिफाइनरी स्थापित की जा सकती है, इस बात की सिफारिश राजस्थान राज्य औद्योगिक तथा खनिज

विकास निगम लिमिटेड के सर्वे दल ने अक्टूबर 1977 मे की । जिले मे आयल रिफाइनरी के स्थापित होने के विभिन्न आधार मौजूद है । इसम महत्त्वपूर्ण सवाई माधोपुर की कादला बदरगाह से निकटता है । रिफाइनरी के लिए कम खर्च पर बदरगाह से पाइप लाईन लगाई जा सकती है । सवाई माधोपुर मे ब्रोड गेज रेलवे लाइन होने के कारण रिफाइनरी को पेटोल उत्पाद बाजार तक पहुचाने में कोई कठिनाई नहीं होगी । सवाई माधापुर मे आयल रिफाइनरी के स्थापित होने का अन्य महत्त्वपूर्ण पहलू इसके कोटा औद्योगिक केन्द्र से समीपता हे । नेफ्था सुगमता और मितव्ययता से कोटा के खाद कारखाने को भेजा जा सकता है । इसके अलावा विद्युत और पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। रिफाइनरी की स्थापना सतुलित औद्योगिक विकास का मार्ग सुनिश्चित कर सकेगी इससे देश के बहुजन घनत्व वाले क्षेत्रा से सवाई माधोपुर जैसे कम घनत्व वाले क्षेत्र की ओर श्रमिक मोबाइल हो सकेगे । रिफाइनरी की स्थापना से क्षेत्र मे सहायक प्रासेसिग तथा अन्य माग आधारित इकाइयो की स्थापना द्वारा क्षेत्र मे सुदृढ औद्योगिकरण की अपेक्षा की जा सक्ती है तथा आय व रोजगार के अवसर सृजित होगे ।

2 खाद सयत्र सवाई माधोपुर मे बाम्बे हाई प्राकृतिक गैस की आसान उपलब्धता को देखते हुए बडे पैमाने का खाद सयत्र स्थापित किया जा सकता है । डाई अमानिया फास्फेट विषम खाद फर्टीलाइजर प्लाट सल्फ्यूरिक एसिड से अमोनियम को काम मे लेकर तेयार की जाती है । तथा सल्फर का उपयोग हिन्दुस्तान जिक उदयपुर द्वारा किया जाता है और राक फास्फेट भी प्रदेश मे उपलब्ध है इसलिए अमोनिया खाद का कारखाना भी सवाई माधोपुर मे लगाया जा सकता है ।

3 सीमट सयत्र सवाई माधोपुर मे सीमेट ग्रेड लाइम स्टोन के भरपूर भडार है इसके आधार पर बडा सीमेट सयत्र आगामी तीस वर्षो तक निर्बाध गति से चलाया जा सकता है । उपलब्ध लाइम स्टोन का उपभोग स्थानीय जयपुर उद्योग लिमिटेड द्वारा किया जाता है यह प्लाट 1987 से बद है । जिले मे लाइम स्टोन की उपलब्धता तथा आधारभूत सुविधाओ को मद्देनजर रखते हुए जयपुर उद्योग को पुन प्रारभ करने मे कठिनाई नहीं होनी चाहिए । सवाई माधोपुर मे अन्य सीमेट सयत्र स्थापना की सर्वाधिक सभावना है ।

मध्यम पैमाने के उद्योगा की स्थापना की सभावनाएँ

सवाई माधोपुर मे स्थापित किये जा सकने वाले मझौले श्रेणी उद्योग निम्नलिखित है

1 रेड मड पी वी सी पाइप्स एण्ड शीटस सवाई माधोपुर
2 प्री स्टेसड काक्रीट रेलवे स्लीपर सवाई माधोपुर
3 सिलिका सेण्ड बेनेफिकेशन प्लाट हिडौन
4 इनेक्शन ग्लास वायल्स हिडौन

की बढ़ती हुइ माग, बाजार म इसकी बढती हुई प्रवृत्ति और कच्चे माल की स्थानीय उपलब्धता को दृष्टिगत रखते हुए गगापुर सिटी मे खाद्य तेल रिफाइनरी की स्थापना की प्रचुर सभावना है ।

6 साल्वेंट एक्स्ट्रेक्शन प्लाट, सवाई माधोपुर . सवाई माधोपुर स्वर्ण-क्राति (तिलहना का उत्पादन) की ओर अग्रसर ह । वर्ष 1988-89 मे 1,80,044 टन तिलहन का उत्पादन हुआ । तिलहन के उत्पादन को देखते हुए सवाई माधोपुर मे बडा साल्वेट एक्स्ट्रेक्शन प्लाट स्थापित किया जा सकता है । सवाई माधोपुर मे खाद्य तेलो की मेकेनिकल एक्सपेलर यूनिट द्वारा केक्स बहुतायत म उत्पादित की जाती है ।

7 माडर्न शूज मेनुफेक्चुरिंग प्लाट, सवाई माधोपुर . वर्ष 1988 मे सवाई माधोपुर मे 17 लाख के करीब पशु थे । स्व रोजगार मे लगे लोगो का चमडे के जुते बनाना यहा एक मुख्य व्यवसाय ह । खाल आर चमडा जिले मे प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध है इसलिए जिले मे आधुनिक जुते बनाने का प्लाट लगाया जा सकता है।

सवाई माधोपुर जिले मे पचायत समितिवार सभावित लघु उद्योग :

1 सवाइ माधोपुर पचायत समिति मे लघु पैमाने के उद्योगो मे सीमेंट काक्रीट होलो ब्लाक, प्लास्टिक रिप्रासेसिग, प्री कास्ट फेरो सीमेंट बीनस होटल नर्सिंग होम ब्रेड यूनिट सर्जिकल एण्ड हाउसहोल्ड रबर ग्लोवज (निर्यात मूलक इकाई) आदि स्थापित किये जा सकते हैं ।

2 बौंली म चूना भट्टा, आयल मिल, फ्रेब्रिकेशन एण्ड रिपेयर शोप, इलेक्ट्रीकल रिपेयर शॉप, ऑटो/ट्रेक्टर रिपेयर शॉप स्टोन डेकोरेटिव ऑटीकल आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

3 खण्डार मे मिनरल ग्राइडिग (रेड आक्साइड) चूना भट्टा, आयल मिल, क्ले ब्रिक्स, स्टोन क्रेशर फेब्रिकेशन एण्ड रिपेयर शोप, इलेक्ट्रीकल रिपेयर शोप, आटो/ट्रेक्टर रिपेयर शोप आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

4 हिन्डौन मे लघु पैमाने के उद्योगो में टायर रिट्रेडिंग प्लांट सीमेंट कांक्रीट होलो ब्लाक, सीमेंट आधारित आइटम, नर्सिंग होम, रिक्लेमेशन ऑफ लुब्रिकेटिंग आयल, टर्न आवर जूट बेगस, प्री कास्ट फेरो सीमेंट बीनस आटो फील्टर एलीमेटस, ट्रक बॉडी बिल्डिंग, ब्रेड यूनिट, प्लास्टिक रिप्रोसेसिग यूनिट, स्टोन क्रेशर आदि इकाइयों स्थापित की जा सकती है ।

5 टोडाभीम मे ऑयल मिल, रिपेयर एण्ड फेब्रिकेशन शोप, आटो ट्रेक्टर रिपेयर शोप, इलेक्ट्रिकल रिपेयर शोप आदि इकाइयां स्थापित की जा सकती है ।

6 गंगापुर मे लघु पैमाने के उद्योगो में सीमेंट काक्रीट होलो ब्लाक, नर्सिंग होम, रोलर फ्लोर मिल, केटल फीड यूनिट, मिनरल ग्राइंडिग यूनिट, फेब्रिकेशन एण्ड

रिपेयर शोप, वाशिग सोप यूनिट टर्न आवर जूट बेगस, आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

7 बामनवास मे क्ले ब्रिक्स, आयल मिल, रेड स्टोन चिप्स फब्रिकेशन रिपेयर शोप, इलेक्ट्रीकल रिपेयर शोप आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

8 नादौती मे आयल मिल, रिपेयर एण्ड फेब्रिकेशन शोप, आटो ट्रेक्टर रिपेयर शोप, इलेक्ट्रीकल रिपेयर शोप आदि इकाइया स्थापित की जा सक्ती है ।

9 करोली मे फयूव फ्रोम द वेस्ट स्टान कटिग एण्ड पालिशिग यूनिट (करोली स्टोन टाइल्स) होटल, (केला देवी), इम्प्रुड बर्निग ऑफ लाइम (एन आर डी सी बेसड टेक्नोलॉजी, स्टोन क्रेशर ब्रेड यूनिट फब्रिकेशन एण्ड रिपेयर शोप अगरबत्ती यूनिट, वाशिग सोप यूनिट, सीमेट बेसड आयटम स्टोन वेयर एण्ड डेकोरेटिव आयटम आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

10 सपोटरा म आयल मिल, रिपेयर एण्ड फेब्रिकशन शोप आटो/ट्रेक्टर रिपेयर शोप, इलेक्ट्रीकल रिपेयर शोप आदि इकाइया स्थापित की जा सकती है ।

सवाई माधोपुर मे मध्यम एव लघु पैमाने की 101 इकाइया स्थापित की जा सकती है । जिसमे 1073 35 लाख रुपए के पूजी विनियोजन की जरूरत है । इन इकाइयो मे 1338 लोगो को रोजगार मुहैया कराया जा सकता है ।

शिल्प आधारित उद्योग .

सवाई माधोपुर जिले में विभिन्न स्थानो पर शिल्प सकेन्द्रण उपलब्धता को देखते हुए उपयुक्त स्थानो पर शिल्प आधारित निम्नाकित कुटीर उद्योगो की स्थापना की जा सकती है .

क्र स	उद्योगो का विवरण
1	लकडी के खिलौने
2	नमदा
3	चूडी बनाना
4	कृत्रिम ज्वैलरी
5	ढाल बनाना
6	कसीदाकारी
7	पतला दौना
8	पापड
9	पत्थर पर नक्कासी
10	बीडी उद्योग
11	पोटरी
12	बास उत्पाद

1 स्टोन ग्रिट
2 ईंट भट्टा एव चूना भट्टा
3 सीमेंट आर्टिकल्स
4 पत्थर की कटिंग एव पालिशिंग
5 सिलिकेट, चीनी के वर्तन

1 प्लास्टिक का सामान
2 आईस एव आईस केंडी, आईस क्रीम
3 प्रिंटिंग प्रेस
4 कागज की थेलिया एव डिब्बे
5 इलेक्ट्रोनिक्स उद्योग

सवाई माधोपुर जिले में औद्योगिक विकास की प्रमुख समस्याएं

सवाइ माधोपुर के आद्योगिक विकास वास्ते पर्याप्त प्राकृतिक ससाधन, अनुकूल मानवीय ससाधन तथा सुदृट अद्य सरचना मौजूद ह, इसके वावजूद यहा ओद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त नहीं हो सका है इसके लिए अग्राकित समस्याए विशेष रूप से उत्तरदायी है :

(1) सडकों का अभाव : सडक समाज की वुनियादी आवश्यकता ह । सामाजिक और आर्थिक लक्ष्यो की प्राप्ति मे सडको का योगदान उल्लखनीय है । गावों मे शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओ का प्रसारण, परिवार कल्याण एव परिवार नियाजन कार्यक्रम की सफलता तथा कृषि की नवीनतम तकनीकी की जानकारी किसानो तक पहुचान मे सडकों के महत्त्व को भलीभाति समझा जा सकता ह । सडका के निमाण से न केवल ग्राम्यजनो का आथिक विकास होता है अपितु वाद्धिक एव नतिक विकास भी होता हैं।

सडको का महत्त्वपूर्ण योगदान होने क वावजूद सवाइ माधोपुर इस दृष्टि स सर्वाधिक उपेक्षित क्षेत्रो म है । काफी तादाद मे गाव सडक यातायात से जुडे हुए नहीं है । यदि कुछ जुडे हुए भी है तो रेल्वे स सम्पर्क के रूप मे जोडने वाली सडको का अभाव "रेल्वे से गावो की निकटता का लाभ" सीमित कर देताहै । सटको के अभाव मे दूरदराज के ग्रामवासियो को अनेक कठिनाइयो का सामाना करना पडता हे । वे वाह्य जगत की चकाचोंध से विल्कुल अनजान होते हें । रोजमर्रा की चीज गावा मे मुहैया नहीं होने के कारण इन्ह अपनी आवश्यकताएँ सीमित कर लेनी पटती है । सडका क अभाव मे ग्राम्यजन कृषि उत्पादो को मटियों तथा लाभप्रद वाजारो तक नहीं पहुचा सकते हैं ।

सवाई माधोपुर मे वर्ष 1988-89 मे सडको की लम्वाइ मात्र 1768 कि मी थी, जिसमे टामर की 1283 कि मी, धात्विक 118 किलोमीटर ग्रेवल 166 कि मी तथा कच्ची सडके 201 कि मी थी । राष्ट्रीय राजमाग की लम्वाइ तो केवल 20 किमी ही थी ।

वर्ष 1981 की जनगणना के दारान सकलित की गइ सूचना के अनुसार जिले के 1534 आवाद ग्रामा मे से 342 ग्राम पक्की सडको अथवा मुख्य सडको से जुड हुए थे । पक्की सडको से जुडे हुए गाव 22 29 प्रतिशत थे । स्पष्ट है जिले के आवाद

ग्रामो मे 77 71 प्रतिशत गाव पक्की मुख्य सडको से जुडे हुए नहीं थे । जिले मे प्रति 100 वर्ग कि मी क्षेत्र मे सडको की लम्बाई 16 79 कि मी हीं है । प्रति एक हजार की जनसख्या पर सडको की लम्बाई का आसन वर्ष 1981 की आबादी के अनुसार मात्र 1 15 कि मी एव वर्ष 1988 की अनुमानित आबादी पर 0 99 कि मी रहा ।

(2) पेयजल को तरसते बाशिंदे पयजल इन सभी की मूलभूत आवश्यकता है जिनमे प्राण है चाहे वे मानव हो या फिर पशु पक्षी और पेड पाधे । सविधान के अन्तर्गत पीने का पानी उपलब्ध कराना मुख्य रूप से राज्य सरकारो का दायित्व है और इस राज्य सरकारो की योजनाओ के अन्तर्गत न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल किया गया है ।

आजादी के साढे चार दसक बीत जाने के बाद और देश के आर्थिक नियोजन के बावजूद बहुतेरे गाव आज भी सही अर्थो म पेयजल से वचित है । तालाबो, पोखरों, झरनो, नहरो आदि से लाग पानी लेकर आत हैं और इस्तेमाल करत हैं, जो अक्सर दूषित होता ह ।

सवाइ माधापुर जिले के अधिकाश गाव पेयजल की दृष्टि से समस्याग्रस्त है। समस्याग्रस्त गावो क अन्तगत ऐसे गावो का सम्मिलित किया जाता है जहा या तो 1 6 कि मी की दूरी तक अथवा 15 मीटर की गहराई तक पानी का स्रोत नहीं है । इसके अलावा एसे गाव भी समस्याग्रस्त ह जहा पानी म खारापन लोहतत्व, फ्लोराइड या अन्य विषाक्त तत्व हैं ।

1981 की जनगणना के अनुसार जिले के सभी 7 कस्बो मे पेयजल मुहैया है, किन्तु गावो की स्थिति पर दृष्टिपात करे तो पाते हैं कि कुल 1534 गावो मे 1376 गाव समस्याग्रस्त थे केवल 159 गाव ही गैर समस्याग्रस्त थे । पेयजल की दृष्टि से मार्च 1989 तक भी स्थिति में कोई सुधार नहीं आया । यद्यपि कस्बो मे तथाकथित पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था है । 1525 गावो मे से अभी 1367 गाव समस्याग्रस्त थे स्पष्ट है कुल गावो म स 89 64 प्रतिशत गाव पयजल की दृष्टि से समस्याग्रस्त हैं ।

(3) निरक्षरता का अंधकार : निरक्षरता समाज के लिए अभिशाप है, इसके अनेक दुष्परिणाम समाज को भुगतने पडते हे । बालिकाओं की शिक्षा मे विचारणीय प्रगति होन के बावजूद असमानता अभी भी बनी हुई है । प्राथमिक कक्षाओ तथा उच्चतर प्राईमरी स्तर म प्रवेश लेन का प्रतिशत कम है ।

सवाई माधापुर मे वर्तमान मे (वर्ष 1991) सात वर्ष और अधिक आयु की जनसख्या म साक्षरता 35 86 प्रतिशत है । पुरुषो में साक्षरता 53 94 तथा महिलाओं मे 14 52 प्रतिशत ही है । अनुसूचित जनजाति अधिकांशत: ग्रामीण क्षेत्रो मे जीवन बसर करती है उनमे साक्षरता की स्थिति बड़ी दयनीय है । विवरण से स्पष्ट है जिले की कुल जनसख्या मे 64 14 प्रतिशत लोग निरक्षर है । पुरुषो में निरक्षरता का प्रतिशत 46 06

है । महिलाओ मे निरक्षरता 85 48 है जो कि चिंता प्रद स्थिति हैं ।

(4) परियोजनाओ का पलायन - राजस्थान से विगत वर्षो मे आयल रिफाइनरी का पलायन मथुरा हुआ जो कि सवाई माधोपुर मे स्थापित किया जाना प्रस्तावित था । इस परियोजना का यह कहकर मथुरा पलायन कर दिया गया कि रणथम्भौर नेशनल पार्क होने के कारण वन एव पर्यावरण की दृष्टि से सवाई माधोपुर जिला उपयुक्त स्थल नहीं है । आज यही मथुरा ऑयल रिफाइनरी, आगरा का नगर फाउण्डरी उद्योग के साथ मे विश्व विख्यात ताज महल के अप्रितम सौन्दर्य के लिए खतरा बना हुआ है । जब दुनिया का आश्चर्य "ताज" को अनदेखा कर मथुरा मे ऑयल रिफाइनरी स्थापित की जा सकती है तो क्या सवाई माधोपुर मे रणथम्भौर नेशनल पार्क के रहते ऑयल रिफाइनरी स्थापित नहीं की जा सकती थी ।

एक अन्य महत्त्वपूर्ण परियोजना गैस पर आधारित खाद सयत्र "अरावली फर्टीलाइजर्स" का पलायन सवाई माधोपुर से गडेपान (कोटा) हुआ । जुआरी एग्रो केमिकल्स लि० की ओर से प्रवर्तित चम्बल फर्टीलाइजस एण्ड कैमिकल्स मूल रप से यह परियोजना अरावली की पहाडियो के निकट सवाई माधोपुर मे स्थापित की जा रही थी और तब इसका नाम अरावली फर्टीलाइजर था लेकिन पर्यावरण सबधी समस्याओ के कारण स्थान का परिवर्तन करके इसे राजस्थान के कोटा जिले मे स्थानान्तरित कर दिया गया इसका नाम भी परिवर्तित करके चम्बल फर्टीलाइजर्स कर दिया गया ।

अरावली फर्टीलाइजर्स के सवाई माधोपुर मे स्थापना के लिए केन्द्र सरकार ने "आशय पत्र" भी जारी कर दिया था, लगभग सभी आरम्भिक तैयारिया पूर्ण हो चुकी थी, लाखो की तादाद मे बेरोजगार युवको को रोजगार के फार्म बेचे जा चुके थे । रणथम्भार के बाघ अरावली फर्टीलाइजर्स से अपने को असुरक्षित महसूस कर रहे थे तो क्या अब सोरसन गडेपान (कोटा) मे स्थापित चम्बल फर्टीलाइजर्स एण्ड केमिकल्स से राज्य का दुर्लभ पक्षी "गोडावण" सुरक्षित महसूस कर सकेगा । इस परियोजना के पलायन से सवाई माधोपुर को न केवल अरावली फर्टीलाइजर्स से वरन् हजीरा-बीजापुर जगदीशपुर गैस पाइप लाईन से भी वचित होना पडा है । क्या अरावली फर्टीलाइजर्स का पलायन सवाई माधोपुर के साथ खिलवाड नहीं ?

आज भी एक के बाद एक परियोजनाओ के पलायन का क्रम जारी है । यहा की सुदृढ आधारभूत सरचना परियोजनाओ को आकर्षित करती है किन्तु पलायन कर जाती है यदि यहा पलायन का सिलसिला जारी रहता है तो जिला औद्योगिक विकास की पिछडी दौड मे ओर भी पिछड जाएगा ।

(5) जयपुर उद्योग लिमिटेड विगत वर्षो से बद पडा है : राजस्थान का गौरव सवाई माधोपुर का जयपुर उद्योग लिमिटेड मे वर्ष 1987 से उत्पादन बद है । इस उद्योग को चलाने के लिए समय-समय पर राजनीति से ओत प्रोत आदोलन किए जाते

रह हे मगर सरकार व उद्याग पति दोना ही आखे मूदे हुए है । उद्योग को चलाने से सबधित झूठे आश्वासन जनता को दिए जाते रहे हैं । आज यहा के श्रमिक दो जून रोटी के लिए बिलख रह हे । यहा के श्रमिक व प्रबधक अन्यत्र पलायन कर रहे हैं।

जिले मे लाइम स्टोन (सामेट ग्रेड) के पर्याप्त भडार है । जिप्सम उत्पादन की दृष्टि से राजस्थान धनी है । कोयला रेल परिवहन के माध्यम से बिहार से प्राप्त होता है । बी आई एफ आर ने भी उद्योग के चलने की सभाव्यता व्यक्त कर दी हे फिर क्यो नहीं इस उद्योग को चालू किया जाता हे ? यही जिले का एक मात्र आधारभूत उद्योग है जिसके कारण सवाई माधोपुर का नाम भारत के औद्यागिक जगत मे आता है ।

(6) पर्यावरण के प्रभावित होने की आशका सवाइ माधोपुर म स्थित रणथम्भार नेशनल पाक राष्टाय धरोहर है इस पाक म दुलभ वन्य जाव है अप्रतिम नेसगिक सौन्दर्य है । उद्यागा की चिमनियो से निकलने वाला धुआ यहा को वनो से आच्छादित पवत शृखला ओर वन्य जीवा पर विपरीत असर डालता हे।

बढ रहा पयावरण प्रदूषण आज की ज्वलत समस्या है । सवाई माधापुर मे स्थापित हाने वाले उद्यागो से यहा के पयावरण के प्रभावित हाने की आशका है सभवतया पयावरण सरक्षण का मद्देनजर रखते हुए हा सवाई माधापुर से महत्त्वपूर्ण परियोजनाओ का पलायन हुआ ह ओर अनक परियाजनाओ को पर्यावरण विभाग की स्वीकृति नहीं मिल पाती हैं ।

सवाइ माधोपुर का पर्यटन उद्योग की दृष्टि से इतना विकसित कर दिया जाए कि अन्य उद्यागा का आवश्यकता ही महसूस न हो । इसके अभाव मे पर्यावरण की कीमत पर आद्यागिक विकास की बलि नहीं दा जा सकती हे ।

(9) उद्यमीयता का अभाव जिले मे ऐसा कोई बडा उद्यागपति नहीं है जो यहा क ओद्यागिक विकास को सम्बल प्रदान कर सके । उद्यागो से सबधित प्रशिक्षण सुविधा नहीं हाने क कारण उद्यमीयता का विकास यथाचित नहीं हो सका है । जिले का शेक्षिक स्तर भा गिरा हुआ ह । यहा नासिखिए, अनपढ अनुभवहीन उद्यमी उद्योगो की स्थापना क लिए ऋण हेतु आवेदन करत देखे जा सकते हे निन्ह परियाजना तक की जानकारी नहीं उनका उद्देश्य यनकेन प्रकारेण ऋण प्राप्त कर उसे हडप जाने तक ही सीमित रहता है । उद्यागा की स्थापना मे उनका अधिक दिलचस्पी नहीं हाती है।

राजस्थान म उद्योग लगाने सबधा नियमा व अनावश्यक औपचारिकताआ के कारण उद्यमिया को काफी परेशानी हाती है । यहा उद्याग हेतु भूमि प्राप्त करने उस पर बिजली पाना लने तथा आधारभूत सुविधाएँ जुटाने म काफी लम्बी प्रक्रियाए अपनायी जाती है । इसस समय श्रम व धन का अपव्यय होता है । काम म अनावश्यक टालमटोल तथा दरा की प्रवृत्ति अधिक है जिसस उद्यमी का यहा उत्साह कम हो जाता है । सरकार द्वारा छूटा व रियायता की घोषणा ता कर दी जाती है परन्तु इन घापणाओ पर यहा उद्याग

व्यवसाय चालू करने वाले उद्यमियो को जब ये रियायते व सुविधाए नहीं मिलती तब उन्हे निराशा महसूस होती है ।

(8) क्षेत्रीय आर्थिक विषमता सवाई माधोपुर असुलित विकास का शिकार है । गगापुर हिन्डौन व सवाई माधोपुर तहसीले जिले की शेष तहसीलो की अपेक्षा अधिक सम्पन्न है । करौली खनन की दृष्टि से सम्पन्न है फिर भी वहा औद्योगिक इकाइयो का अभाव है । टोडाभीम नादौती बोली बामनवास आदि तहसीले कृषि उत्पाद की दृष्टि से सम्पन्न है किन्तु औद्योगिक इकाइयो की रिक्तता है ।

(9) निर्णयो म अनावश्यक विलम्ब सवाई माधोपुर मे जुआरी एग्रोकेमिकल्स लिमिटेड रीको जयपुर (काकरी) रीको जयपुर (मिथामूल) राजफेड मस्टर्ड प्रोजेक्ट के लिए आशय पत्र जारी हो चुके है । जुआरी एग्रोकेमिकल्स का पलायन अन्यत्र हो गया है । केवल राजफेड मस्टर्ड प्रोजेक्ट (तिलम सघम) ही क्रियान्वित हो पाया है । जयपुर उद्योग लिमिटेड जिसमे 1987 से उत्पादन बद है के बारे मे कोई निर्णय नहीं किया गया है ।

सही समय पर सही निर्णय नहीं लिए जाने से या निर्णयो मे अनावश्यक विलम्ब से परियोजनाओ की लागत मे वृद्धि होती है उत्पाद के लिए लम्बे समय तक प्रतीक्षा करना पडती है इससे विनियोग और उत्पाद के मध्य अन्तराल मे वृद्धि होती है जिससे मुद्रा स्फीति मे वृद्धि परिलक्षित होती है ।

(10) उत्पादन क्षमता के पूर्ण उपयोग की समस्या जिले के बडे व मझोले उद्योग सस्थापित क्षमता के पूर्ण उपयोग न होने की समस्या से ग्रसित हैं । जयपुर उद्योग लिमिटेड म उत्पादन बद है । इण्डियन बाटिलिग प्लाट ने वर्ष 1990 91 मे 35928 मीटिक टन उत्पादन किया जबकि प्लाट की सस्थापित क्षमता 50 000 मीटिक टन है।

